सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 9 जून, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 157, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## महाराष्ट्र ने ब्रिटेन में किया सर्वाधिक निवेश

ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करने वाले भारत के शीर्ष तीन राज्य–महाराष्ट्र, उसके बाद कर्नाटक और दिल्ली हैं। } 14

## एलन मस्क ने मोदी को दी जीत की बधाई

अरबपति एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देते हुए कहा है कि वे अपनी कंपनियों द्वारा भारत में रोमांचक कार्य किये जाने को लेकर उत्साहित हैं। } 16

संक्षेप

### 17 जून को मनायी जायेगी बकरीद

नयी दिल्ली। दिल्ली समेत देश भर में ईद उल अजहा का त्योहार 17 जून को मनाया जाएगा। विभिन्न मुस्लिम धर्म गुरुओं ने यह जानकारी दी। चांदनी चौक स्थित फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम मुफ्ती मुकर्म अहमद ने शनिवार को बताया कि दिल्ली के आसमान में शुक्रवार शाम बादल छाए रहने की वजह से चांद के दीदार नहीं हो सके, लेकिन देर रात गुजरात, तेलंगाना के हैदराबाद और तमिलनाडु के चेन्नई से इस्लामी कैलेंडर के आखिरी महीने जुल हिज्जा का चांद दिखने की पुष्टि हो गई। मुफ्ती ने कहा, लिहाज़ा, ईद-उल-अजहा का त्योहार 17 जून को मनाया जाएगा।

### मीडिया जगत की जानी-मानी हस्ती रामोजी राव का निधन



हैदराबाद। मीडिया जगत की जानी मानी हस्ती एवं खबरों और मनोरंजन की दुनिया में व्यापक बदलाव लाने वाले रामोजी समूह के अध्यक्ष रामोजी राव का शनिवार सुबह यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। समाचारपत्र ईनाडु से जुड़े सूत्रों ने बताया कि राव को सांस लेने में परेशानी के कारण पांच जून को यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां आज सुबह चार बजकर 50 मिनट पर उनका निधन हो गया। राव के पार्थिव शरीर को शहर के बाहरी इलाके में स्थित रामोजी फिल्म सिटी में उनके आवास पर लाया गया। रामोजी राव ने समाचारपत्र ईनाडु और ईटीवी चैनल समूह की शुरुआत करके अविभाजित आंध्र प्रदेश में मीडिया जगत में क्रांतिकारी बदलाव किया।

### जमीयत उलमा हिंद के पदाधिकारी की हत्या

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ जिले में जमीयत उलमा हिंद के एक स्थानीय पदाधिकारी की शनिवार को सिर पर लोहे की रॉड से वार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना जेठवारा थाना क्षेत्र में हुई। ऐसा संदेह है कि जमीयत उलमा हिंद-प्रतापगढ़ के महासचिव मौलाना फारूक (65) पर रुपयों के लेन-देन के विवाद में हमला किया गया। कादीपुर गांव में मदरसा संचालित करने वाले फारूक ने चंद्रमणि तिवारी को जमीन खरीदने के लिए पैसे दिए थे। पुलिस ने बताया कि हालांकि, तिवारी ने वह प्लॉट किसी और को बेच दिया। शनिवार सुबह जब फारूक सोनपुर गांव में तिवारी के घर गया तो उस पर हमला कर दिया गया और उसके सिर पर लोहे की रॉड से वार किया गया।



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- कई नेताओं के बेटे–बेटी, भतीजे व पोते पहुंचे संसद (पृष्ठ–02)
- 10 जिलों में 100 फीसद रियल टाइम खतौनी का कार्य (पृष्ठ–02)
- नेपाली संसद की गठबंधन समझौते को मंजूरी (पृष्ठ–14)
- पूरी निष्ठा से निभाऊंगी अपनी जिम्मेदारी : सोनिया (पृष्ठ–14)
- नरेला में खाद्य प्रसंस्करण में आग से तीन की मौत (पृष्ठ–14)


## नीट अभ्यर्थियों के रिजल्ट की समीक्षा करेगी समिति

- 1500 से अधिक को कृपांक देने की करेगी जांच

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में अंक बढ़ाए जाने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने कृपांक पाने वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय एक समिति गठित की है।

एनटीए ने किसी भी अनियमितता का खंडन करते हुए कहा है कि एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों में बदलाव तथा परीक्षा केंद्र में समय जाया होने के लिए दिए गए कृपांक विद्यार्थियों के अधिक अंक आने की वजह हैं। इस मुद्दे ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने कथित अनियमितताओं की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में एसआईटी जांच की मांग की है। वहीं कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पर्चा लीक, धांधली और भ्रष्टाचार कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गए हैं। पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर युवाओं को धोखा देने और उनके भविष्य से खेलने का भी आरोप लगाया है। कई वर्गों से पुनः परीक्षा कराने की मांग की जा रही है और आरोप लगाया गया है कि छह परीक्षा केंद्रों पर वक्त जाया होने की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संवाद, समन्वय व संवेदनशीलता की नीति अपनायें मंत्री : योगी

- मंत्रिमंडल की बैठक में सीएम योगी ने दिये मंत्रियों को निर्देश
- जनता के लिए है सरकार, वीआईपी कल्चर नहीं स्वीकार

विशेष संवाददाता



लखनऊ। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रीगणों को 'संवाद, समन्वय और संवेदनशीलता' का मंत्र देकर एक बार फिर से जनता के बीच भ्रमण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सरकार जनता के लिए हैं, हमारे लिए जनहित सर्वोपरि है, ऐसे में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की समस्याओं, अपेक्षाओं और आवश्यकताओं का समाधान होना ही चाहिए। मंत्रिगण फील्ड में जाएं, संवेदनशीलता के साथ जनता से संवाद करें और स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा शासन-प्रशासन के साथ समन्वय बनाते हुए समस्याओं का समाधान कराएं। जहां भी समस्या हो, मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराएं, हर समय पूरा सहयोग मिलेगा। शनिवार को मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने पर बधाई दी, साथ ही, सांसद निर्वाचित होने वाले मंत्रीगणों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के 10 वर्षों में जिस तरह उत्तर प्रदेश में विकास को रफ्तार मिली है, आने वाले 5 वर्षों में हम अनेक नए कीर्तिमान रचने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि सभी मंत्रिगण केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। सोशल मीडिया पर सक्रियता बढ़ाएं। डबल इंजन सरकार की नीतियों, निर्णयों और उनके सकारात्मक परिणाम से जनता को अवगत कराएं। मंत्रियों से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि मंत्रिगण हों या कि अन्य जनप्रतिनिधि, ...शेष पृष्ठ 14 पर

# तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेंगे मोदी

### राजग के विभिन्न घटकों के लिए मंत्रिपरिषद में हिस्सेदारी को लेकर विचार-विमर्श जारी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री पद के लिए नामित नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार रविवार को शपथ लेंगे और वह प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे राजनेता होंगे। इस बीच, नयी सरकार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विभिन्न घटकों के लिए मंत्रिपरिषद में हिस्सेदारी को लेकर भाजपा नेतृत्व और सहयोगी दलों के बीच गहन विचार-विमर्श चल रहा है।

अमित शाह और राजनाथ सिंह के अलावा पार्टी अध्यक्ष जे.पी.नड्डा जैसे वरिष्ठ भाजपा नेता सरकार में प्रतिनिधित्व को लेकर तेलुगु देशम पार्टी के एन. चंद्रबाबू नायडू, जेडी(यू) के नीतीश कुमार और शिवसेना के एकनाथ शिंदे सहित सहयोगी दलों से परामर्श कर रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि गृह, वित्त, रक्षा और विदेश जैसे महत्वपूर्ण विभागों के अलावा शिक्षा और संस्कृति जैसे दो मजबूत वैचारिक पहलुओं वाले मंत्रालय भाजपा के पास रहेंगे, जबकि उसके सहयोगियों को पांच से आठ कैबिनेट पद मिल सकते हैं। पार्टी के भीतर जहां शाह और सिंह जैसे नेताओं का नये मंत्रिमंडल में शामिल होना तय माना जा रहा है, वहीं लोकसभा चुनाव जीतने वाले पूर्व मुख्यमंत्री जैसे शिवराज सिंह चौहान, बसवराज बोम्मई, मनोहर लाल खट्टर और सर्बानंद सोनोवाल सरकार में शामिल होने के प्रबल दावेदार हैं। सूत्रों ने बताया कि तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के राम मोहन नायडू, जद(यू) के ललन सिंह, संजय झा और राम नाथ ठाकुर तथा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान उन सहयोगियों में शामिल हैं जो नयी सरकार का हिस्सा हो सकते हैं। महाराष्ट्र, जहां भाजपा-शिवसेना-राकांपा गठबंधन का प्रदर्शन खराब रहा है, और बिहार, जहां विपक्ष ने वापसी के संकेत दिए हैं, सरकार गठन की कवायद के दौरान फोकस में हो सकते हैं। महाराष्ट्र में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं, जबकि बिहार में अगले साल चुनाव होंगे। भाजपा के संगठन में होने वाले बदलाव भी पार्टी के मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देते समय चयनकर्ताओं के मन में होंगे। लोकसभा चुनावों के कारण नड्डा का कार्यकाल बढ़ा दिया गया था, और संगठनात्मक अनिवार्यताएं पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण विचारणीय विषय होगा, क्योंकि चुनाव ...शेष पृष्ठ 14 पर

### शपथ-ग्रहण समारोह में भाग लेने दिल्ली पहुंची शेख हसीना व सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अफीफ



नयी दिल्ली। भारत ने शनिवार को घोषणा की कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित उसके पड़ोसी और हिंद महासागर क्षेत्र के सात देशों के नेता नौ जून को प्रधानमंत्री पद के लिए नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। हसीना और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ पहले ही दिल्ली पहुंच चुके हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, शपथ ग्रहण समारोह में हसीना और अफीफ के अलावा समारोह में भाग लेने वाले अन्य नेताओं में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सपा संसदीय दल के नेता होंगे अखिलेश यादव

### विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के संकेत

वरिष्ठ संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों की बैठक शनिवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में डॉ. राम मनोहर लोहिया सभागार में पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद डिम्पल यादव, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद नरेश उत्तम पटेल, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल उपस्थित रहे।

वहीं समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पार्टी के संसदीय दल के नेता होंगे, जिसकी औपचारिकता शीघ्र ही दिल्ली में पूरी होगी। इसी के साथ यह भी तय हो गया है कि यादव उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। सपा के मुख्य प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने कहा अखिलेश यादव ही सपा संसदीय दल के नेता होंगे, इसका पहले से ही पता है, लेकिन संसदीय ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सोनिया गांधी फिर बनीं कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख

### लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालें राहुल : कांग्रेस कार्य समिति

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को शनिवार को एक बार फिर से पार्टी संसदीय दल (सीपीपी) का प्रमुख चुना गया। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर करारा प्रहार किया और कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी की राजनीतिक और नैतिक हार हुई है तथा उन्होंने नेतृत्व करने का अधिकार खो दिया है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में हुई कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोनिया गांधी को सीपीपी प्रमुख नियुक्त करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसका पार्टी के तीन सांसदों गौरव गोगोई, तारिक अनवर और के. सुधाकरन ने अनुमोदन किया। फिर से सीपीपी प्रमुख चुने जाने पर सोनिया ने पार्टी नेताओं का आभार जताया और कहा कि कांग्रेस ने इस चुनाव में अपनी दृढ़ता का परिचय दिया है। वहीं कांग्रेस कार्य समिति ने शनिवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से आग्रह किया कि वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालें। निचले सदन में पार्टी का नेता ही नेता प्रतिपक्ष होगा। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में 99 सीट जीती हैं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें लोकसभा चुनाव के दौरान खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी के जोरदार प्रचार अभियान के लिए उनकी सराहना की गई। इसमें इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर — न्यूयॉर्क, जर्सी सिटी, वाशिंगटन, बोस्टन, टाम्पा, अटलांटा, ह्यूस्टन, डलास, शिकागो, लॉस एंजिल्स और सैन फ्रांसिस्को में हो रही तैयारियां

## अमेरिका के 22 शहरों में मनेगा नरेन्द्र मोदी की जीत का जश्न

एजेंसी




वाशिंगटन। अमेरिका में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी-यूएसए) के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि नरेन्द्र मोदी के समर्थक उनके तीसरे शपथ ग्रहण समारोह का जश्न मनाएंगे। उन्होंने बताया कि न्यूयॉर्क, जर्सी सिटी, वाशिंगटन, बोस्टन, टाम्पा, अटलांटा, ह्यूस्टन, डलास, शिकागो, लॉस एंजिल्स और सैन फ्रांसिस्को जैसे शहरों में मोदी के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह का जश्न मनाया जाएगा।

ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा इस शुक्रवार से अगले रविवार तक अमेरिका के 22 शहरों में उनकी जीत का जश्न मनाया जाएगा। ओएफबीजेपी-यूएसए के सदस्यों ने चुनाव-अभियान के दौरान लोगों को जागरूक करने के लिए अमेरिका के कई शहरों में कार रैलियां निकालीं। लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सबसे बड़ी पार्टी है और 1962 के बाद यह पहली बार है कि कोई प्रधानमंत्री लगातार तीसरी बार सत्ता में आए हैं। मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे, जो 60 साल में पहली बार होगा। प्रसाद ने कहा कि भारत में नयी सरकार के गठन के बाद ओएफबीजेपी-यूएसए भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में काम करेगा। उन्होंने कहा, हम भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रवासी भारतीयों को एकजुट करेंगे। उन्होंने बताया कि वे प्रवासी भारतीयों से संबंधित सभी मुद्दों के लिए अनिवासी भारतीय आयोग की स्थापना करने के लिए भी प्रधानमंत्री से अनुरोध करेंगे। प्रसाद ने कहा कि विदेशों में रहने वाले बड़ी संख्या में भारतीयों को संपत्ति से संबंधित समस्याओं और यहां तक कि बैंक हस्ताक्षरों के मिलान जैसी छोटी-छोटी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा हम एक एनआरआई आयोग की स्थापना की मांग कर रहे हैं, जिससे इन मुद्दों का समाधान हो सकेगा।

## सांबा सीमा पर गोलीबारी में एक रसोइए की मौत

एजेंसी

सांबा/जम्मू। गलत पहचान के एक मामले में, जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक अग्रिम चौकी के पास संदिग्ध गतिविधि दिखने पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों की गोलीबारी में 26 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान जम्मू जिला स्थित अखनूर इलाके के निवासी वासुदेव के रूप में हुई है। वह सीमा क्षेत्र में निर्माण कार्य में लगी एक कंपनी में रसोइया के रूप में काम करता था। सांबा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरिंदर चौधरी ने संवाददाताओं को बताया शुरुआती जांच के अनुसार शुक्रवार देर रात सीमा चौकी रीगल पर एक अप्रिय घटना घटी, जब बीएसएफ कर्मियों ने कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखी और चुनौती दिये जाने पर व्यक्ति भयभीत होकर भागने लगा, जिसके बाद जवानों ने गोलियां चला दीं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने कहा पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और आगे की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि आज सुबह पोस्टमार्टम समेत सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मृतक का शव उसके परिवार को सौंप दिया गया। वासुदेव के साथियों के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब वह अपने तंबू से शौच के लिए बाहर गया था।

# नरेंद्र मोदी चौथी बार भी बनेंगे देश के प्रधानमंत्री : हिमन्त बिस्वा

## 11 सांसदों के साथ असम के सीएम ने किया श्रीरामलला का दर्शन, योगी सरकार के मंत्री ने एयरपोर्ट पर किया भव्य स्वागत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/अयोध्या।** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद शनिवार को असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमन्त बिश्व शर्मा अयोध्या पहुंचे। यहां

- **सीएम योगी के निर्देश पर कराया गया दर्शन, सुरक्षा व्यवस्था रही चुस्त-दुरुस्त**

उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी में बजरंगबली के दरबार में मत्था टेका। उसके बाद उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंच कर श्री रामलला से आशीर्वाद लिया। उनके साथ असम के 11 सांसदों ने भी अयोध्या में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर असम से आए अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे।

असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमन्त बिश्व शर्मा ने इससे पहले महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने अयोध्या में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी की हार पर कहा कि देश में 543 सीटे हैं, कहीं हारेंगे तो कहीं जीतेंगे, इसमें कोई इशु नहीं है, अंततः नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री तो बन



गए। नरेन्द्र मोदी तीसरी बार लगातार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। प्रभु राम का आशीर्वाद मिला है। इससे पहले स्वाधीन भारत में जवाहरलाल नेहरू तीन बार प्रधानमंत्री बने थे। अब नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। प्रभु श्री राम के आशीर्वाद से नरेंद्र मोदी चौथी बार भी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। अयोध्या में हुए विकास पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट देखकर ही पता चल जाता है कि यहां कितना विकास हुआ है। असम के सीएम ने कहा कि भारत के इतिहास में कोई प्रधानमंत्री तीसरी बार शपथ लेगा यह एक ऐतिहासिक मूवमेंट है। हमारी जेनरेशन ने ऐसा कभी नही देखा। हम लोगों ने सुना था कि जवाहर लाल नेहरू तीन बार प्रधानमंत्री बने थे। लेकिन हमारी जेनरेशन ने वह नही देखा था। ये बहुत बड़ा सौभाग्य है। पीएम मोदी के नेतृत्व में अपना देश स्वर्णिम भारत की ओर अग्रसर होने जा रहा है। विपक्ष के सवालों पर उन्होंने कहा कि हार में भी यह लोग जश्न मानते हैं। इंडी गठबंधन व कांग्रेस को कोई सवाल नही कर रहा है कि 10 साल में भी आपकी संख्या 100 तक क्यों नही पहुंची है। गांधी परिवार पर जवाबदेही न हो इसलिए यह प्रोपेगेंडा कर रहे हैं, हारे हुए पार्टी का विजय उल्लास मना रहे हैं। मैंनें नही सुना था कि परीक्षा में थर्ड डिवीजन मिले, फिर भी आप उल्लास मनाएं कि फेल नही हुए। लेकिन जिनको फर्स्ट डिवीजन मिला उनपर ये लोग दबाव डाल रहे हैं, हालांकि जनता सब देख रही है।

असम के सीएम के आने से पहले से ही एयरपोर्ट पर सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए थे। उनके साथ असम के 11 सांसद भी अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन के लिए आए। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री सतीश शर्मा व अयोध्या के मेयर गिरीशपति त्रिपाठी ने सभी को माला पहनाकर व रामनामी भेंटकर स्वागत किया।

# भाजपा के 31 नये चेहरों को चुनाव में मिली जबर्दस्त मात

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे सामने आने के बाद अब मोदी कैबिनेट 3.0 के शपथ की तैयारी शुरू हो गई है। इन सबके बीच बीजेपी को एक बात सता रहा है कि आखिर उत्तर प्रदेश में हार कैसे मिली? यूपी में कहां और किस लेवल पर पार्टी से चूक हो गई? यूपी से बीजेपी को काफी उम्मीदें थी और यहीं से एक तरह से पार्टी को सबसे बड़ा झटका लगा है। यहां से बीजेपी के 49 में से 27 मौजूदा सांसदों को हार का सामना करना पड़ा। बीजेपी ने इस बार 54 ऐसे कैंडिडेट्स को मैदान में उतार था जो 2019 में भी लोकसभा चुनाव लड़ चके थे।




हालांकि 31 चेहरे चुनाव हार गए।

राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में बीजेपी के वोट शेयर में बड़ी गिरावट हुई। 2019 में पार्टी का वोट पर्सेंट 49.6 फीसदी था, जो इस बार 41.4 फीसदी हो गई। इतना ही नहीं 75 में से 72 लोकसभा सीट ऐसे है जहां बीजेपी को मिले वोट में भी 2 लाख तक की गिरावट आई है। यूपी के वो लोकसभा क्षेत्र जहां बीजेपी को कम वोट मिले उसमें पीएम मोदी की सीट वाराणसी, सीएम योगी का क्षेत्र गोरखपुर, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह की सीट लखनऊ, फैजाबाद और अयोध्या भी शामिल है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बीजेपी को सबसे ज्यादा वोट गौतम बुद्ध नगर, बरेली और कौशांबी में मिले। हालांकि, 2019 के मुकाबले 2024 के चुनाव में भी इस सीटों पर बीजेपी का वोट शेयर थोड़ा कम ही था। उत्तर प्रदेश में इस बार 8.8 करोड़ वोट पड़े, जिसमें से बीजेपी को करीब 3.6 करोड़ वोट ही मिले। माना जा रहा है कि बीजेपी के वोट शेयर में गिरावट का सबसे बड़ा कारण यह है कि पार्टी ने बिजनौर, बागपत और घोसी सीट से चुनाव नहीं लड़ा। अगर 2019 और 2024 चुनाव को देखें तो 75 सीट जिस पर बीजेपी ने दोनों चुनाव लड़ा, उसमें पार्टी का वोट शेयर करीब 50 लाख कम हुआ है। उत्तर प्रदेश की 75 सीट में से मथुरा, अलीगढ़, मुजफ्फरनगर और फतेहपुर सीकरी और गोरखपुर में करीब एक लाख बीजेपी के वोट कम हुए हैं। तो वहीं अमेठी, रायबरेली, इलाहाबाद, गाजियाबाद, मैनपुर और वाराणसी में वोट शेयर में 50 हजार का ड्रॉप आया है। इतना ही नहीं पीएम मोदी को पिछली बार के मुकाबले इस बार 60 हजार वोट कम मिले। पिछले बार के चुनाव में बीएसपी ने इन 75 सीटों में से 8 पर जीत हासिल की थी। इस बार सपा और कांग्रेस ने 6 सीटें जीती। नगीना लोकसभा सीट से भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेकर ने समाजवादी पार्टी, बीजेपी के साथ बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी को भी हराया।

# कई नेताओं के बेटे-बेटी, भतीजे व पोते पहुंचे संसद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में यूपी से इस बार कई नेताओं के बेटे-बेटी, भतीजे, पोते जीतकर संसद में पहुंचे हैं। कुछ नेताओं के बच्चों को हार भी मिली है। जीतकर संसद पहुंचे नेताओं की अगली पीढ़ी को देखकर इस बात का सुखद एहसास हो रहा है कि ज्यादातर उच्च शिक्षा प्राप्त हैं। इन युवाओं में सभी जातियों का प्रतिनिधित्व देखकर अच्छा भी लग रहा है। एनडीए और इंडिया दोनों तरफ से नेताओं के बच्चों को सफलता मिली है। कुछ नाम तो ऐसे हैं जो पहले से बहुत चर्चा में रहे। कुछ नामों ने लोगों को चौंकाया है। नेताओं के परिवार से होने के कारण इन युवा चेहरों की जीत को परिवारवाद कहना नाइंसाफी जरूर होगी। कांटे की लड़ाई में बिना किसी लहर इस चुनाव में जीत दर्ज करने वाले सत्ता और विपक्ष दोनों तरफ से संसद में पहुंचे इन युवाओं ने अपनी उपस्थिति दमदारी से रखी है। यूपी से नेताओं के परिवार से आने वाले नए सांसदों में पहले दो नाम तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव का ही आते हैं। राहुल गांधी ने रायबरेली सीट जीतने के साथ ही एक और उपलब्धि हासिल करने वाले हैं।

कांग्रेस ने उन्हें नेता प्रतिपक्ष के लिए चुन लिया है। ऐसे में इस बार यूपी से ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी होंगे। इसके अलावा यादव परिवार से चुने गए पांच में से चार सांसद अखिलेश यादव, धर्मेंद्र यादव, आदित्य यादव और अक्षय यादव का नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री और रक्षामंत्री रहे मुलायम सिंह यादव के बेटे अखिलेश यादव ने कन्नौज, मुलायम के भतीजे धर्मेंद्र यादव आजमगढ़, शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव बदायूं और रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव ने फिरोजाबाद से जीत हासिल की है। इसी परिवार की बहू और अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव भी सांसद बनी हैं। इसके अलावा संभल से जीते जियार्रहमान बर्क के पिता सफीकुर्रहमान कई बार सांसद रहे हैं। इस बार भी सपा ने उन्हीं को टिकट

- **यह संसद प्रतिनिधि अधिकतर उच्च शिक्षा प्राप्त, युवाओं में सभी जातियों का प्रतिनिधित्व**

दिया था। चुनाव से ठीक पहले उनका निधन होने से जियाउर्रहमान को टिकट मिला और सांसद बन गए। बर्क की तरह कैराना से सांसद बनीं इकरा हसन भी राजनीतिक परिवार की वारिस हैं। उनकी मां तब्बसुसम बेगम, पिता मुनव्वर हसन, दादा अख्तर हसन सभी सांसद रहे हैं। भाई नाहिद हसन भी विधायक हैं। जौनपुर की मछलीशहर से सपा की सांसद बनीं प्रिया सरोज के पिता तूफानी सरोज इसी सीट से सांसद रह चुके हैं। बिजनौर से रालोद के सांसद बने चंदन चौहान के पिता संजय चौहान भी सांसद रहे हैं। सहारनपुर से कांग्रेस के सांसद बने इमरान मसूद के चाचा काजी रसूद मसूद नौ बार सांसद रह चुके हैं। इलाहाबाद से इस बार दोनों तरफ से लड़ाई नेता पुत्रों के बीच ही थी। यहां से कांग्रेस ने पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह के बेटे उज्जवल रमण सिंह को उतारा और भाजपा से पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी को टिकट मिला। कांटे की लड़ाई में बाजी उज्जवल रमण सिंह ने मार ली। यहीं की पड़ोसी सीट कौशांबी से सपा के सांसद बने पुष्पेंद्र सरोज के पिता इंद्रजीत सरोज की गिनती कद्दावर नेताओं में होती है। बाराबंकी से जीते कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया पूर्व सांसद पीएल पुनिया के बेटे हैं। कैसरगंज की सीट पर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह भाजपा के टिकट पर जीते हैं। गोंडा में पूर्व सांसद आनंद सिंह के बेटे कीर्तिवर्धन सिंह भी भाजपा से जीते हैं। इसी तरह देवरिया में पूर्व सांसद श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के बेटे भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी भी सांसद बन गए हैं। बांसगांव से पूर्व सांसद ओमप्रकाश पासवान के बेटे कमलेश पासवान भाजपा के टिकट पर जीते हैं। खीरी में नवनिर्वाचित सपा सांसद उत्कर्ष वर्मा के बाबा कौशल किशोर विधायक रह चुके हैं।

**इन बेटे-बेटियों को मिली हार**

कई नेताओं के बेटे-बेटी को इस बार हार का भी सामना करना पड़ा है। इनमें ओपी राजभर के बेटे अरविंद राजभर और निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद के बेटे प्रवीण निषाद भी शामिल हैं। सुभासपा प्रत्याशी अरविंद राजभर घोसी और भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद संत कबीर नगर से हार गए हैं। इसी तरह बलिया में पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर हार गए हैं। पूर्व सांसद पकौड़ी लाल कोल की बेटी अपना दल प्रत्याशी रिंकी कोल भी राबर्ट्सगंज से अपना चुनाव हार गई हैं।

# अखिलेश यादव को सांसद संजय सिंह ने दी बधाई



**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से उनके आवास पर शनिवार को मुलाकात की। उन्होंने उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मिली ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। इस दौरान संजय सिंह ने कहा कि संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए आगे भी साथ मिलकर काम करेंगे।

# अनिल दुबे ने मंत्री अनिल कुमार से किसानों की समस्याओं पर की चर्चा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने शनिवार को राष्ट्रीय लोकदल मुख्यालय पर प्रदेश के किसानों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें गन्ना किसानों को उनके पिछले सत्र के सारे बकाये गन्ना मूल्य के भुगतान करवाने किसानों को निर्बाध बिजली दिलाने व अनावश्यक बिजली कटौती से निजात दिलाने के लिए संबंधित मंत्रियों व अधिकारियों से वार्ता करने पर विचार विमर्श तथा संपन्न लोकसभा चुनाव में




पार्टी की सफलता व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एनडीए को भारी सफलता तथा संगठन को मजबूत करने के साथ साथ जनसमस्याओं के निराकरण के लिए पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विचार विमर्श हुआ।

# मुस्लिमों को बसपा अब सोच-समझ कर देगी टिकट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के एक दिन बाद बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने मुस्लिम समाज को लेकर अपनी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में बसपा का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है। मायावती ने अपने बयान में कहा कि बसपा ने पिछले कई चुनावों में मुस्लिम समुदाय को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया है, लेकिन मुस्लिम समुदाय उसे समझ नहीं पाया है। ऐसे में पार्टी भविष्य के चुनावों में उन्हें सोच-समझकर मौका देगी, ताकि भविष्य में पार्टी को इस चुनाव जैसी बुरी हार का सामना न करना पड़े।

मायावती के गुस्से की वजह यह थी कि इस चुनाव में समाजवादी पार्टी-कांग्रेस के गठबंधन के प्रत्याशियों पर मुस्लिम समाज के लोगों ने ज्यादा भरोसा जताया है। इससे बसपा नेतृत्व परेशान हो गया क्योंकि मुसलमानों ने पार्टी को वोट नहीं दिया, जबकि पार्टी ने राज्य में 19 और देश भर में 37 टिकट दिए थे। मुसलमानों को सबसे ज्यादा टिकट दिए थे। यूपी में बसपा द्वारा मैदान में उतारे गए सभी 19 मुस्लिम उम्मीदवार हार गए और तीसरे स्थान पर रहे, जबकि मुस्लिम वोटों के लिए उसके प्रतिद्वंद्वी, एसपी ने इनमें से 12 सीटें जीतीं और कांग्रेस ने एक सीट जीती। अन्य छह सीटें बीजेपी ने जीतीं। पिछली बार बसपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 19 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे थे। तब भी वह सभी 19 सीटें हार गई थी। मायावती ने उत्तर प्रदेश में इतनी बड़ी संख्या में मुस्लिम उम्मीदवार उतारे, तो अन्य विपक्षी दलों ने बसपा पर बीजेपी की 'बी टीम' के रूप में काम करने का आरोप लगाया और कहा कि उनका उद्देश्य सपा के वोटों में सेंध लगाना और भाजपा की मदद करना है। बता दें कि मायावती ने 2022 के यूपी विधानसभा चुनावों के बाद भी अपनी पार्टी की हार के लिए मुसलमानों को जिम्मेदार ठहराया था, उस दौरान पार्टी का वोट शेयर 12.88 प्रतिशत तक गिर गया था। उस समय बीएसपी ने 88 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे थे, जिनमें से कोई भी नहीं जीता। उस चुनाव में बीएसपी को सिर्फ एक विधानसभा सीट मिली थी। उस समय भी, अधिकांश मुसलमानों ने एसपी के नेतृत्व वाले गठबंधन को वोट दिया था।

**मायावती को नहीं मिला उम्मीद के मुताबिक वोट :** 4 जून को घोषित नतीजों के विश्लेषण से पता चलता है कि यूपी में जिन 79 सीटों पर बीएसपी ने चुनाव लड़ा, उनमें उसका कुल वोट शेयर 9.39 प्रतिशत रहा, जो 19 सीटों पर पार्टी के मुस्लिम उम्मीदवारों को मिले औसत वोट शेयर के अनुरूप है। यह अपने आप में राज्य में जाटव दलित मतदाताओं की संख्या से चार प्रतिशत कम है। जाटवों को बसपा का मुख्य वोटर माना जाता है। इससे पता चलता है कि मुस्लिम वोटों के साथ-साथ बीएसपी को पूरे जाटव वोट भी नहीं मिले।

# उत्तर प्रदेश में प्रदर्शन के आधार पर तय होंगे मंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद एक-एक सीट की समीक्षा की जा रही है। प्रदेश सरकार के दो मंत्री चुनाव जीते हैं। ऐसे में जल्द ही मंत्रीमंडल का विस्तार भी होगा। जिन जिलों में पार्टी की हालत खस्ता हुई है, वहां के मंत्रियों का प्रदर्शन भी

- **जल्द होगा यूपी मंत्रिमंडल का विस्तार, किसकी बचती है कुर्सी और किसकी जायेगी**

देखा जाएगा और तय किया जाएगा कि किसकी कुर्सी रहेगी और किसकी कुर्सी जाएगी। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिन जिलों में हार हुई है, वहां मंत्री कौन था? और उनके क्षेत्र में पार्टी को फायदा हुआ या नुकसान? कुछ मंत्री अपनी विधानसभा तक हार गए। जबकि कुछ ऐसे भी थे, जो मामूली अंतर से ही भाजपा को बढ़त दिला सके, जबकि उनकी अपनी जीत बड़ी थी।

मेरठ जिले से प्रदेश सरकार में दो मंत्री हैं। दिनेश खटीक और सोमेंद्र तोमर। यहां भाजपा की जीत जरूर हुई है, लेकिन मार्जिन बहुत ही कम है। लाज कैंट क्षेत्र ने बचाई जहां भाजपा को लगभग एक लाख वोटों की बढ़त मिली। ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर मेरठ दक्षिण से विधायक हैं। यहां भाजपा को समाजवादी पार्टी के मुकाबले 20473 वोट कम मिले। वहीं, दूसरे मंत्री दिनेश खटीक हस्तिनापुर से विधायक हैं। उनकी विधानसभा बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में आती है। यहां से रालोद प्रत्याशी चंदन चौहान चुनाव लड़ रहे थे।



हस्तिनापुर में रालोद प्रत्याशी को 27047 वोटों की बढ़त मिली। यह बढ़त चंदन चौहान की जीत के लिए अहम साबित हुई। सहारनपुर से भी योगी सरकार में दो मंत्री हैं। इसमें जसवंत सैनी और ब्रजेश सिंह हैं। जसवंत सिंह संसदीय मामलों के मंत्री और औद्योगिक विकास विभाग के राज्यमंत्री हैं। ब्रजेश सिंह लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री हैं। इनके जिले में भाजपा को करारी मात का सामना करना पड़ा है। यहां से कांग्रेस ने 1984 के बाद जीत हासिल की है। कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद ने भाजपा के राघवलखन पाल को हराया। ब्रजेश सिंह देवबंद से विधायक हैं। यहां भाजपा को 2019 के मुकाबले आठ हजार कम वोट मिले। हालांकि यहां से भाजपा ने करीब 21 हजार की बढ़त हासिल की। जिले के दो-दो मंत्री होने का लाभ पार्टी को जिले की अन्य विधानसभा में नहीं मिला और पार्टी लगातार दूसरी बार सहारनपुर में चुनाव हार गई। देखना दिलचस्प होगा कि इन दोनों मंत्रियों की कुर्सी बचती है या फिर हार का ठीकरा इनके सिर फोड़ा जाता है। मुजफ्फरनगर से कपिल देव अग्रवाल मंत्री हैं। वह व्यवसायिक शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं। मुजफ्फरनगर शहर से विधायक हैं। यहां पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। भाजपा जीती जरूर लेकिन अंतर मात्र 801 वोटों का रहा। कपिल देव अग्रवाल की 2022 में अपनी जीत 15 हजार से अधिक वोट से हुई थी। दूसरी विधानसभाओं में भी कपिल देव अग्रवाल का कोई प्रभाव नजर नहीं आया। ऐसे में मंत्रिमंडल विस्तार में कपिल देव अग्रवाल के विकल्प पर भी गौर किया जा सकता है। रामपुर से भी एक मंत्री हैं बलदेव सिंह औलख। उनके पास कृषि राज्यमंत्री का प्रभार है। जिले में पार्टी को करारी शिकस्त हुई है। लेकिन औलख की विधानसभा बिलासपुर में पार्टी 19867 वोटों से पार्टी जीती। औलख जिले में अपनी पार्टी को जीत दिलाने में नाकाम रहे। 2022 के चुनाव के बाद यहां हुए उप चुनाव में यह सीट भाजपा के पास चली गई थी। अब सपा ने इस सीट पर दोबारा से कब्जा कर लिया। माना जा रहा है कि औलख सिख समुदाय के इकलौते विधायक व मंत्री हैं, इस लिए इनकी कुर्सी को कोई खतरा नहीं है। गाजियाबाद से मंत्री हैं सुनील शर्मा। सुनील शर्मा साहिबाबाद से विधायक हैं। उनके विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को एक लाख 91 हजार की बढ़त मिली। जानकारों का कहना है कि सुनील शर्मा की कुर्सी पर कोई खतरा फिलहाल नहीं है।

# बैंक ऑफ अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक विकास आयुक्त से मुलाकात की

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बैंक ऑफ अमेरिका के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज लखनऊ में इन्वेस्ट यूपी कार्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से मुलाकात की। इस बैठक का उद्देश्य विदेशी निवेशकों को राज्य में निवेश

- **उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों के बारे में जाना**

के गंतव्यों की जानकारी करना था।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्य की बढ़ती आर्थिक ताकत एवं रणनीतिक सुधारों, प्रमुख अवसंरचनात्मक परियोजनाओं तथा निवेश-अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने के लिए राज्य में हो रहे सक्रिय परिवर्तन पर चर्चा की। बैठक में बैंक ऑफ अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश में उपलब्ध निवेश के व्यापक अवसरों के विषय में जाना। बैठक प्रमुख रूप से कृषि, स्वास्थ्य




सेवा, पर्यटन, अवस्थापनाएवं ऊर्जा जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित रही। प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश को भारत का एक प्रमुखनिवेश गंतव्य मानते हुए, राज्य के निवेश गंतव्य को जाना समझा। मनोज कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश को भारत में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बतायाऔर दो अंकों वाली विकास दर के साथ राज्य की मजबूत आर्थिक वृद्धि पर जोर दिया।

उन्होंने उत्तर प्रदेश की भौगोलिक स्थिति और व्यापक बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डालते हुए इसके देश का सर्वाधिक हवाई अड्डे एवं एकमात्र रैपिड रेल प्रणाली वाला राज्य होने पर बल दिया। उन्होंने यह भी बताया की उत्तर प्रदेश में वाराणसी को हल्दिया से जोड़ने वाले एक मल्टी-नोडल अंतदेर्शीय जलमार्ग टर्मिनल है, साथ ही देश के कुल एक्सप्रेसवे का लगभग 45 फीसद उत्तर प्रदेश में ही हैं, जिसके कारण इसे एक्सप्रेसवे प्रदेशभी कहा जाता है। कृषि क्षेत्र पर प्रकाश डालते हुए, आईआईडीसी ने उल्लेख किया कि उत्कृष्ट सिंचाई सुविधाओंकी मदद से राज्य की लगभग 75 फीसद भूमि पर खेती की जाती है, जो की उत्तर प्रदेश को देश का खाद्य भंडार बनाता है। उन्होंने आगे यह भी कहा कि राज्य की कृषि क्षमता और प्रभावी सिंचाई प्रणाली के आधार पर सामाजिक-आर्थिक विकास और गरीबी उन्मूलन प्राप्त किया जा सकता है। इस क्षेत्र में नवाचारों, विशेष रूप से आनुवंशिक खेती प्रथाओं में जो कृषि-उत्पादकता बढ़ा सकते हैं, के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

प्रमुख सांस्कृतिक एवं पर्यटन गंतव्य होने के साथ ही साथ इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा व्यापार-अनुकूल वातावरण होने के कारण राज्य को भारत का सबसे पसंदीदा व्यापारिक गंतव्य भी बताया। उत्तर प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था की स्थिति की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इसने व्यापार और निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रतिनिधिमंडल ने पर्यटन, कृषि, ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में निवेश के कई अवसरों पर विस्तृत चर्चा की और प्रत्येक क्षेत्र से जुड़े अवसरों के विवरण भी मांगे।

प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई यह बैठक, निवेश परिदृश्य में उत्तर प्रदेश के प्रति बढ़ती अंतरराष्ट्रीय दिलचस्पी का सूचक है। चूंकि राज्य अपनी दो प्रमुख निवेश प्रोत्साहन नीतियों -औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति - 2022 तथा एफडीआई फॉर्च्यून ग्लोबल 500, फॉर्च्यून इंडिया 500 कंपनी निवेश प्रोत्साहन नीति - 2023 एवं 25 क्षेत्रीय नीतियों के माध्यम से अपने बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना जारी रखता है, इसलिए उत्तर प्रदेश भारत में निवेश के अवसर तलाशने वाले वैश्विक निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य है।

# 10 जिलों में शत प्रतिशत पहुंचा रियल टाइम खतौनी का कार्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आम जनमानस की सुविधा के लिए भूमि अभिलेखों को डिजिटल रूप से सुलभ कराने के लिए राजस्व विभाग तेज गति से कार्य कर रहा है। इन प्रयासों के चलते प्रदेश के 10 जनपद ऐसे हैं, जहां रियल टाइम खतौनी का कार्य लगभग शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। इन टॉप 10 जिलों में से 4 ने 100 प्रतिशत रियल टाइम खतौनी पूर्ण कर ली हैं तो बाकी 6 जिलों में भी 99 प्रतिशत से ज्यादा कार्य हो चुका है। रियल टाइम खतौनी का कार्य समग्र रूप से 95.7 प्रतिशत पूरा हो चुका है और सबसे खराब प्रदर्शन वाले जिलों में भी 72 प्रतिशत से ज्यादा कार्य पूरा हो चुका है। उम्मीद है कि राजस्व विभाग दिसंबर 2024 तक सभी जिलों में शत प्रतिशत खतौनी को डिजिटली सुलभ कराने में सक्षम होगा। जिन जिलों ने शत प्रतिशत रियल टाइम खतौनी का कार्य पूर्ण कर लिया है उनमें शामली, फर्रूखाबाद, अमेठी और कुशीनगर जैसे जनपद शामिल है। वहीं सुल्तानपुर में 99.94 प्रतिशत, अमरोहा में 99.91 प्रतिशत, मुरादाबाद में 99.91 प्रतिशत, कासगंज में 99.86 प्रतिशत, सिद्धार्थनगर में 99.84 प्रतिशत और अंबेडकरनगर में 99.83 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं सबसे कम कार्य जिन जिलों में हुआ है, उनमें कानपुर नगर (72.24 प्रतिशत), प्रयागराज (72.50 प्रतिशत), वाराणसी (73.30 प्रतिशत), चित्रकूट (82.24 प्रतिशत), बलरामपुर (84.32 प्रतिशत), मेरठ (87.43 प्रतिशत), कौशांबी (87.43 प्रतिशत), बागपत (87.46 प्रतिशत), जौनपुर (88.68 प्रतिशत) और बहराइच (91.13 प्रतिशत) में भी काफी हद तक कार्य पूर्ण हो चुका है और इन सभी जिलों को दिसंबर तक कार्य पूरे करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

# अकबर नगर: सोमवार से कब्जों पर चलेगा बुलडोजर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में कुकरैल नदी व बंधे के बीच बने समस्त अवैध निर्माण, अतिक्रमण सोमवार से हटाये जाएंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने इस सम्बंध में आदेश जारी कर दिये हैं। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही रोजाना

- **दो शिफ्टों में होगी ध्वस्तीकरण की कार्यवाही**
- **प्रधानमंत्री आवास आवंटित 1679 अध्यासियों को कब्जा खाली करने की चेतावनी**

दो शिफ्टों में की जाएगी, जिसके लिए सक्षम अधिकारियों के नेतृत्व में दो अलग-अलग टीमें गठित की गयी हैं। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अकबर नगर के 1679 अध्यासियों को हरदोई रोड स्थित बसन्तकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास आवंटित किये हैं। लोगों को आवंटित भवनों का कब्जा प्राप्त करने में किसी तरह की कोई असुविधा न हो, इसके लिए भी अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम गठित की गयी है। उक्त टीम सुबह 7:00 बजे से रात 9:00 बजे तक स्थल पर उपस्थित रहकर लोगों को सहयोग प्रदान करेगी। उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने शनिवार को अकबर नगर कैम्प का निरीक्षण करके तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों को कार्यवाही के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि अकबर नगर प्रथम व द्वितीय के सम्बंध में सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में योजित विभिन्न रिट याचिकाओं/अनुज्ञा याचिकाओं में पारित आदेश के अनुपालन में रविवार से स्थल पर ध्वस्तीकरण/अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही शुरू की जाएगी। इसके लिए प्राधिकरण के अधिकारियों, अभियंताओं व



कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित करते हुए अलग-अलग टीमें गठित की गयी हैं। उक्त टीमें एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में कार्य करेंगी और जिला प्रशासन, पुलिस व नगर निगम के सहयोग से मौके पर कार्यवाही सुनिश्चित कराएंगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सुबह 7:00 से 12:00 बजे व दोपहर 3:00 से रात 8:00 बजे तक दो शिफ्टों में की जाएगी। पहली शिफ्ट में कार्यवाही की जिम्मेदारी संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह को सौंपी गयी है। उनके नेतृत्व में विशेष कार्याधिकारी शशिभूषण पाठक, अधिशासी अभियंता संजीव कुमार गुप्ता व उप सचिव माधवेश कुमार को कार्यवाही के लिए नामित किया गया है। वहीं, दूसरी शिफ्ट में अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। इसमें सहयोग के लिए विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी, अधिशासी अभियंता राजकुमार व विशेष कार्याधिकारी रोहित सिंह को नामित किया गया है। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के लिए समस्त प्रवर्तन जोन के स्टाफ की भी ड्यूटी लगायी गयी है।

**आवंटन की समस्या का तुरंत होगा निस्तारण :** उपाध्यक्ष डॉ.इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि अकबर नगर के 1679 अध्यासियों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित किये गये हैं। प्राधिकरण द्वारा लगातार अकबर नगर में कैम्प लगाकर लोगों को आवंटन पत्र वितरित किये जा रहे हैं। साथ ही विस्थापितों की सहूलियत के लिए सभी आवंटन पत्र एलडीए की वेबसाइट पर भी अपलोड किये गये हैं, जिसे लोग आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं। अभी तक अकबर नगर के लगभग 150 अध्यासियों को भवन का कब्जा प्राप्त कराया जा चुका है और वह लोग परिवार के साथ नये मकान में शिफ्ट भी हो गये हैं। उपाध्यक्ष ने अकबर नगर के अध्यासियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द आवंटन पत्र प्राप्त करके भवन का कब्जा प्राप्त कर लें। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य देख रहे विशेष कार्याधिकारी रवि नंदन सिंह की पूरे स्टाफ के साथ अकबर नगर स्थित कैम्प में ड्यूटी लगायी गयी है। अगर भवनों के आवंटन में किसी प्रकार की कोई समस्या आती है तो उनकी टीम मौके पर ही समस्या का निस्तारण सुनिश्चित कराएगी।

**आवंटियों को मौके पर ही दिलाया जायेगा भवन का कब्जा :** अकबर नगर के अध्यासियों को बसन्तकुंज योजना में आवंटित भवनों में कब्जा दिलाने के लिए भी अधिकारियों व कर्मचारियों की दो शिफ्ट में ड्यूटी लगायी गयी है। पहली शिफ्ट में सुबह 7:00 से 2:00 बजे तक विशेष कार्याधिकारी वन्दना पाण्डेय के पर्यवेक्षण में अनु सचिव बलराम व अधिशासी अभियंता अजय गोयल की ड्यूटी लगायी गयी है। जबकि, दूसरी शिफ्ट में दोपहर 2:00 से रात 9:00 बजे तक विशेष कार्याधिकारी रंजना अवस्थी के नेतृत्व में उप सचिव अतुल कृष्ण सिंह व अधिशासी अभियंता संजय जिंदल को कार्यवाही के लिए नामित किया गया है। उक्त टीम बसन्तकुंज में उपस्थित रहेगी और अधिशासी अभियंता, जोन-7 अजीत कुमार के साथ समन्वय स्थापित करते हुए लोगों को भवन का कब्जा दिलाएगी।

# जलभराव एरिया में युद्ध स्तर पर नालियों की हो सफाई

## बैठक में नदारद रहने पर जीएम जलकल को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने गली मोहल्ले में नियमित रूप से फॉगिंग, एंटीलार्वा का छिड़काव नियमित रूप से कराते रहने के निर्देश दिए। कमिश्नर शनिवार को शहर के नालो व ड्रेनेज की साफ-सफाई के लिए महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने संबंधित अधिकारीगणों को निर्देश देते हुए कहा कि जनहित रोगों के रोकथाम के लिए नगर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए।

बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि फ्रिज, कूलर, टायर व गमलों आदि विभिन्न स्थानों पर पानी एकत्रित व जमा रहने के कारण डेंगू का प्रकोप बढ़ता है। उन्होंने कहा कि संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए नगर निगम और मलेरिया की संयुक्त टीम बनाकर गली-मोहल्ले में जागरूकता अभियान चलाया जाना सुनिश्चित किया जाए। नाले-नालो की सफाई के दौरान ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव अवश्य करें। मंडलायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा



कि जलभराव एरिया में युद्ध स्तर पर नालो, नालियों व ड्रैनेज की साफ-सफाई करते हुए फागिंग/एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जाए। मध्यम नाले व बड़े नालो की सफाई की मॉनिटरिंग संबंधित अधिकारी स्वयं करे। जिससे वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न होने पाये। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि नाले-नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था का फीड बेक पार्षदों द्वारा लिया जाना सुनिश्चित किया जाये। पम्पिंग स्टेशन सुचारू रूप से क्रियाशील रहे साथ ही उक्त स्थान की साफ-सफाई भी अच्छे से करालें। इसके पश्चात मंडलायुक्त ने जलकल विभाग की समीक्षा के दौरान बैठक में जीएम जलकल नदारद रहने पर उनके खिलाफ शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दृष्टिगत संबंधित उपकरण जैसे सुपर स्कर मशीन, पम्पिंग स्टेशन आदि उपकरणो की मेंटिनेंस व क्रियाशीलता की जाँच एक बार पुनः करा लिया जाए साथ ही पम्पिंग स्टेशनों के क्षमता वृद्धि की भी जाँच करा ली जाए। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मानसून आने से पहले सीवर व नालो की साफ-सफाई अच्छे से हो जानी चाहिए नहीं तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा गली/मोहल्ले व नाले की साफ-सफाई न होने पर टोल फ्री नंबर 9219902911, 9219902912, 9219902913, 9219902914, 1533 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

इस अवसर पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रोमोटर्स की मनमानी पर रोक लगायेगा रेरा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रोमोटर्स की ओर से आवंटियों को प्रेषित किये जाने वाले ऑफर ऑफ पजेशन पत्र के माध्यम से की जा रही मनमानी पर रोक लगाने तथा इसके कारण प्रोमोटर एवं उनके आवंटियों के मध्य उत्पन्न होने वाले विवादों को समाप्त करने के उद्देश्य से यूपी रेरा की ओर से ऑफर ऑफ पजेशन के पत्र का एक मॉडल प्रारूप रेरा पोर्टल पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया गया है। प्राधिकरण

- **ऑफर ऑफ पजेशन के नाम से जारी पत्रों पर पर कसेगा शिकंजा**

की ओर जारी किये गए कार्यालय आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि पोर्टल पर उपलब्ध ऑफर ऑफ पजेशन पत्र के प्रारूप पर ही प्रोमोटर द्वारा आवंटियों को ऑफर ऑफ पजेशन के पत्र निर्गत किए जाएंगे तथा इस नाम के पत्र के माध्यम से प्रोमोटर की तरफ से किसी भी प्रकार से आवंटी पर कोई बाध्यकारी परिस्थिति नहीं थोपी जायेगी। प्रोमोटर की ओर से आवंटियों को कब्जे के ऑफर सम्बन्धी पत्र परियोजना का ओसी/




सीसी प्राप्त होने के बाद लिखित रूप से उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी और डाक द्वारा आवासीय पते पर प्रेषित किया जाएगा एवं उन्हें उनके मोबाईल नंबर पर एसएमएस तथा फोन नंबर के माध्यम से सूचित भी किया जाएगा। इस सम्बन्ध में प्रोमोटर द्वारा परियोजना स्थल तथा अपने मुख्य कार्यालय में भी सूचना प्रदर्शित की जानी चाहिए। प्रदेश के प्रोमोटर्स की तरफ से आवंटियों को जारी किए जाने वाले ऑफर ऑफ पजेशन पत्र के संबंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों तथा पत्र के कई अलग प्रारूप को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण की ओर से ऑफर ऑफ पजेशन का मॉडल प्रारूप लाया गया है जिससे इस पत्र की भाषा और उद्देश्य में एकरूपता जाई जा सके। ऑफर ऑफ पजेशन सम्बन्धी पत्र का मूल आशय यही आना चाहिए कि आवंटी को उसकी यूनिट का कब्जा देने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। यदि यूनिट में निर्माण संबंधी कोई कार्य शेष रह गया है, तो प्रोमोटर द्वारा यूनिट की शेष फिनिशिंग कार्यों एवं उसके पूर्ण होने में लगने वाले समय का स्पष्ट उल्लेख करना होगा। यदि आवंटी की देनदारी है तो वह एग्रीमेंट फॉर सेल की परिधि से बाहर नहीं होना चाहिए एवं उसका विधिक औचित्य साबित होना चाहिए। ऑफर ऑफ पजेशन के नाम पर किसी भी प्रकार का डिमांड नोटिस, फाइनल डिमांड नोटिस या इससे मिलती जुलती भाषा के प्रयोग से प्रेषित पत्र को ऑफर ऑफ पजेशन पत्र नहीं माना जाएगा। प्रोमोटर्स द्वारा परियोजना की ओसी/ सीसी प्राप्त होने के 2 माह के अंदर ऑफर ऑफ पजेशन के पत्र प्रेषित करने होंगे तथा पजेशन के समय ओसी/ सीसी प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि भी आवंटियों को देनी होगी। आवंटी की ओर से ऑफर ऑफ पजेशन पत्र प्राप्त किए जाने के उपरान्त अग्रिम प्रक्रिया के अनुसार कार्य करने की जिम्मेदारी आवंटी की होगी। इस आदेश के बाद यदि ऑफर ऑफ पजेशन को लेकर कोई विवाद उत्पन्न होता है और उसे ऑफर ऑफ पजेशन न देकर फाइनल डिमांड नोटिस या नोटिस दी गयी है, तो उसका निर्णय प्राविधानों के अनुसार किया जाएगा। रेरा अध्यक्ष, संजय भूसरेड्डी के अनुसार, "प्रोमोटर्स ऑफर ऑफ पजेशन के नाम और भाषा का इस्तेमाल करते हुए फाइनल डिमांड लेटर, फाइनल डिमांड नोटिस, आदि भेजा जाता है जो आवंटियों को भ्रमित करता है एवं कई मामलों में बाध्यकारी होता है। ऑफर ऑफ पजेशन के तात्पर्य केवल कब्जा प्राप्त करने के उद्देश्य से जुड़ा होना चाहिए। इस कारण ऑफर ऑफ पजेशन का एक मॉडल पोर्टल पर उपलब्ध कराया है।

# प्रदेश में बिजली कटौती तो एमडी संभालेंगे कमान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इस बार मई महीने में ही बिजली की मांग और खपत के मामले में पिछले सारे रिकार्ड टूट गये। करीब दस दिनों तक बिजली की मांग लगातार 29000 मेगावाट से अधिक बनी हुई थी।

एक दिन तो मांग 29700 मेगावाट से भी अधिक हो गई थी। इस अवधि में बिजली की जब अधिक खपत होने लगी तो ट्रांसफार्मर, केबिल और बिजली वितरण से जुड़े अन्य उपकरण हांफने लगे थे, फाल्ट की बाढ़ आ गई थी। बिजली महकमें ने इस बार अधिकतम मांग 30500 मेगावाट तक जाने का अनुमान किया है। अब माना जा रहा है कि अधिकतम मांग 31000 मेगावाट से अधिक भी जा सकती है।

अब इधर दो-तीन दिनों से बिजली की मांग 29000 मेगावाट से नीचे चल रही है। प्रबंधन ने इस अवधि में सभी कमियों को दूर करने का निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।



शुक्रवार को विभागीय समीक्षा बैठक में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने 24 घंटे बिजली आपूर्ति कैसे हो इसके लिए सभी एमडी को जरूरी निर्देश दिए। मंत्री ने ट्रांसफार्मर जलने, विद्युत तार टूटने, लो वोल्टेज, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने के लिए भी कहा। इस बैठक में चेयरमैन डा. आशीष कुमार गोयल ने ट्रांसफार्मरों के खराब होने पर मुख्य अभियंताओं को सचेत किया, उनसे कहा गया कि ट्रांसफार्मर कम से कम खराब हों इस पर ध्यान दें।

## वेबिनार में किसानो ने फ्री बिजली का उठाया मुददा

**लखनऊ।** किसानों ने कहा सरकार के लघु सिंचाई का नियम 300 मीटर पर एक ही बोरिंग का प्रावधान फिर कुछ अभियंता मनमानी कर रहे है। किसान के ट्रांसफार्मर से दूसरो किसान को बिजली नही दिया जा सकता है फिर भी ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कनेक्शन दिया जा रहा है। अभी तक केवल 64652 किसानों ने ही रजिस्ट्रेशन इसलिए पावर कॉरपोरेशन अपनी शर्तों में करें बदलाव और बिना शर्त किसानों को दे फ्री बिजली का लाभ मिल सके। उपभोक्ता परिषद के साप्ताहिक वेबीनार में जुडे एक संविदा कर्मी ने कहा पूरे प्रदेश में इस समय रुपया 8000 पाने वाले संविदा कर्मी पर ब्रेकडाउन अटेंड करने का बहुत दबाव जिससे अनेकों जगह उनकी हो रही मौत उनकी जिंदगी तबाह समान काम समान वेतन हो लागू और उन्हें सेफ्टी के उपकरण दिए जाएं। प्रदेश व्यापी साप्ताहिक वेबीनार में आज बडे पैमाने पर शामिल विद्युत उपभोक्ताओं व किसानों ने आवाज उठाई।

# ड्रोन से पकड़ रहे है बिजली चोरी, महिला ने उतारी कटिया



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ड्रोन से बिजली चोरी पकड़ना आसान हो रहा है। ड्रोन से जहां पर बिजली चोरी हो रही है वहा तक कैमरे को लेकर दिखाया जा रहा है। अपट्रान डिवीजन के नूरबाड़ी बिजली घर के जेई राजेश जो पहले मोहनलालगंज मे थे उन्होंने सबसे पहले वहां पर बिजली चोरी पकड़ने का अभियान चलाया था। इसके बाद विरोध शुरु हो गया जिसके बाद ड्रोन से चोरी पकड़ने पर रोक लगा दिया गया था। फिर एक बार नूरबाड़ी उपकेन्द्र के सहादतगंज, अब्बार रोड़, नजफ रोड़, फाजिलनगर सहित अन्य क्षेत्रों में मास रेड अभियान चलाकर कुल 19 लोगों को ड्रोन के माध्यम से बिजली चोरी करते पकड़ा गया है। ऐसे मे लगभग 5 लाख से अधिक का राजस्व लगभग आयेगा। नूरबाड़ी के जेई राजेश ने बताया कि क्षमता से अधिक बिजली चोरी होती है तो ट्रांसफार्मर फूंक जाता है। ऐसे में जब बिजली चोरी पकड़ने का अभियान चलाया जाता है तो लोग कटिया उतार लेते है। ऐसे में ड्रोन से चोरी पकड़ना आसान हो जाता है।

## मस्जिद की आड़ में हो रही थी बिजली चोरी

लखनऊ। मस्जिद की आड़ में बिजली चोरी कर रहे लोगों को उतरठिया पावर हाऊस के अभिंताओं ने छापेमारी कर 20 किलोवाट की चोरी पकड़ी। चोरी पकड़ते समय कुछ लोग मस्जिद का मुददा बनाने लगे लेकिन पुलिस ने किसी कि

- **दर्ज हुआ मुकदमा**

नही सुनी और एफआईआर दर्ज करा दिया। चोरी का खुलासा होने पर एक समुदाय के लोगों ने छापा मारने गई टीम से अभद्रता करते हुए हंगामा किया। एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ निलमथा के शारदा नगर में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जांच पड़ताल कर रहे थे, जहां स्थित एक मस्जिद में 5 एसी चल रहे थे। मस्जिद में कोई कनेक्शन नहीं था, वहीं उसके पीछे बने दो मंजिला मकान में 9 किरायेदार थे। जिसमे मीटर को बाईपास कर बिजली चोरी की जा रही थी। मस्जिद और मकान दोनों का मालिक क्यूम बताया जा रहा था। एसडीओ के मुताबिक बिना कनेक्शन मस्जिद की आड़ में 20 किलो वॉड की बिजली चोरी की जा रही थी। जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# किसानों ने नगर निगम जोन आठ पर किया प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना इलाके स्थित जोन आठ के दफ्तर पर शनिवार दोपहर सैकड़ों किसानों व किसान यूनियन के पदाधिकारियों संग पहुंची महिला ने नगर निगम के लेखपाल व कानूनगो पर रुपये मांगने व प्रापर्टी डीलर की सह पर उसके निमार्णाधीन मकान पर जबरन बुलडोजर चलाने का आरोप लगा प्रदर्शन करना शुरू

- **नगर निगम के लेखपाल व कानूनगो पर रुपये मांगने व जबरन बुलडोजर चलाने का आरोप**

कर दिया।

इस दौरान किसान यूनियन के नेता ने नगर निगम जोन आठ पर एकत्र हुए किसानों से उनको न्याय दिलवाने के साथ पीडिता के निमार्णाधीन मकान पर नगर निगम द्वारा बुलडोजर चलाने का कारण जानने के साथ न्याय न मिलने पर सोमवार को नगर निगम मुख्यालय का घेराव करने की बात कही। जिसके



बाद किसानों का यह प्रदर्शन समाप्त हुआ। भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक (अरा) के प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह लोधी ने बताया कि किसान संगीता बिजनौर की रहने वाली है। उसके पति राजा और उनके तीन भाईयों सुनील, सचिन और दीपू की रहीमाबाद रोड पर 36 बिस्वा जमीन है जिसमें काफी पहले से बाउंड्री भी थी। कुछ दिनों पहले ही बिजनौर के एक बड़े प्रापर्टी डीलर ने जमीन खरीदने की इच्छा जताई थी लेकिन चारों भाईयों ने मना कर दिया।

एक माह से किसान भाइयों ने उस पर निर्माण कार्य शुरू किया था जिसकी वजह से प्रॉपर्टी डीलर ने धमकी दी थी कि उसकी नगर निगम में सांठगांठ है और वह निर्माण नहीं होने देगा। इस दौरान किसानों का आरोप है कि नगर निगम के लेखपाल और कानूनगो कई बार काम रूकवाने पहुंचे और बदले में पैसे की मांग भी की थी लेकिन जब किसानों ने पैसे नहीं दिए तो नगर निगम की टीम शनिवार को बुल्डोजर लेकर किसानों के निमार्णाधीन मकान पर पहुंच गए और बुलडोजर से निर्माण गिरा दिया। आरोप है कि इस दौरान नगर निगम के कर्मचारियों ने महिलाओं से अभद्रता भी की। जैसे ही इस बात की जानकारी किसान यूनियन को हुई तो सैकड़ों किसान मौके पर पहुंच गए और दोपहर दो बजे से शाम सात बजे तक जोन आठ कार्यालय पर धरनाप्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इस दौरान कोई भी नगर निगम का अधिकारी किसानों से वार्ता करने नही आया वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसानों को समझाने का प्रयास किया। फिल्हाल किसानों के नेता अमर सिंह लोधी ने सोमवार को नगर निगम के मुख्यालय का घेराव करने की बात कहकर प्रदर्शन कर रहे किसानो को शांत करा कर मुख्यालय घेराव की चेतावनी दी है।

## निगम ने मल्हौर में सात करोड़ की भूमि खाली कराई

**लखनऊ।** नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के निदेर्शानुसार अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के आदेश पर ग्राम भरवारा व मल्हौर के गाटा सं.-225 क्षेत्र फल 0.417 व गाटा सं.-81 क्षेत्रफल 0.451 जो मुख्य मार्ग पर स्थित आपस में सटा हुआ तालाब था। ग्राम भरवारा के गाटा संख्या 700 क्षेत्रफल 0.556 हे० जो अभिलेख में तालाब के नाम दर्ज है। उक्त तालाबों पर लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर स्थाई एवं अस्थाई निर्माण (दीवाल व रास्ता) कर लिया था। आठ जून को नायब तहसीलदार संजय कुमार सिंह व राजस्व निरीक्षक अविनाश तिवारी लेखपाल सुभाष, कौशल व राकेश, लालू प्रसाद, अलोक कुमार व आनन्द श्री व नगर निगम के 296 व ईटीएस टीम की उपस्थिति में तालाब पर से अवैध अतिक्रमण हटा दिया गया। उक्त तालाब पर 10 व्यक्तियों द्वारा पक्का निर्माण भी कराया गया है। उन पर पी०पी० एक्ट की कार्यवाही प्रचलित की जा रही है। मुक्त करायी गयी भूमि का बाजारू मूल्य 7 करोड़ से अधिक का है।

# जोनल कार्यालय को नये भवन में शिफ्ट करने की मांग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम के अलीगंज स्थित जोनल कार्यालय की दरकतें दिवारें, टपकती छत व छतों से बाहर निकल चुकी सरिया को देखकर यहां बैठने वाले जान हथेली पर लेकर कामकाज निपटा रहे हैं। एलडीए के कामर्शियल काम्पलेक्स में संचालित हो रहा जोन तीन का भवन जर्जर हो चुका है। आम दिनों में यहां छतों का

- **जर्जर इमारत में चल रहा अलीगंज में जोन तीन का कार्यालय**

प्लास्टर गिरता रहता है। इसे देखते हुए अब आगामी दिनों में बारिश शुरू होने से पहले ही कर्मचारियों को डर सताने लगा है। हालांकि अलीगंज में ही नये कार्यालय के लिए निर्माणाधीन इमारत का काम लगभग पूरा हो चुका है। कर्मचारियों की ओर से बरसात से पहले कार्यालय को नई बिल्डिंग में शिफ्ट कराने की मांग उठने लगी है।

नगर निगम कर्मचारी संघ के संगठन मंत्री मो. रेहान ने बताया जोन




तीन का वर्तमान कार्यालय काफी जर्जर हो चुका है। यहां कई बार प्लास्टर व पंखा गिर चुका है जिससे कई कर्मचारी चोटिल भी हो चुके हैं। अब कोई अनहोनी न हो, इसलिए समय रहते यह कार्यालय नए भवन में शिफ्ट किया जाना जरूरी है। इसके लिए नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश सिंह की ओर से नगर आयुक्त को पत्र लिखकर अनुरोध किया गया है। मो. रेहान ने बताया कि अध्यक्ष की ओर से लिखे गए पत्र में कहा गया है कि जर्जर बिल्डिंग की वजह से कार्यालय में रोजाना छत का प्लास्टर टूट कर गिरने से अधिकारियों, कर्मचारियों व हाउसटैक्स जमा करने वाले लोगों पर किसी अनहोनी होने का डर सताता है। यहां कई बार तो सिंलिग फैन गिर चुके हैं। प्लास्टर व पंखे के गिरने से अब तक कई कर्मचारी चोटिल हुए हैं। संघ के अध्यक्ष राजेश सिंह ने नगर आयुक्त से तत्काल जोन तीन कार्यालय को नई बिल्डिंग में शिफ्ट करने की मांग की है। यहां कार्यालय की जर्जर छत पर लगे प्लास्टर के टुकड़े गिरने से राजस्व निरीक्षक कंचन सक्सेना चोटिल हुए थे। उनके सिर पर चोट लगी थी। इसी जर्जर कार्यालय में बाबू श्याम बिहारी वर्मा छत पर लगा प्लास्टर टूटकर गिरने से दहशत में आ गए थे।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# ढाई करोड़ का सोना लेकर भागा रियल एस्टेट फर्म निदेशक गिरफ्तार






विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** फेडरल बैंक ठाणे ब्रांच के उपभोक्ताओं से करीब ढाई करोड़ का सोना हड़पकर फरार मैनेजर को एसटीएफ ने सुशांत गोल्फ सिटी इलाके से गिरफ्तार कर लिया। गोल्ड लोन के नाम पर घोटाला कर फरार आरोपी ने ट्रोनिका प्रापर्टी सॉल्यूशन के नाम से रियल एस्टेट फर्म बना ली थी। जिसके जरिए प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त कर रहा था। सीओ एसटीएफ प्रमेश शुक्ल ने बताया कि शनिवार को सुशांत गोल्फ सिटी के हसनपुर खेवली से जौनपुर मछलीशहर निवासी गिरिजा शंकर तिवारी को गिरफ्तार किया गया। वह गोमतीनगर यदुवंशी भवन में रहकर ट्रोनिका प्रॉपर्टी सॉल्यूशन के नाम से फर्म चला रहा है। गिरिजा शंकर वर्ष 2021 से महाराष्ट्र ठाणे स्थित फेडरल बैंक में ब्रांच मैनेजर था। बैंक की तरफ से गोल्ड लोन स्कीम चलाई जाती है, जिसके लिए सम्पर्क करने वाले उपभोक्ताओं से गिरिजा शंकर ने करीब ढाई करोड़ का सोना लिया था।

इसे लेकर गिरिजा बैंक की नौकरी छोड़ गायब हो गया। उसने मोबाइल नम्बर भी बदल लिए थे। बैंक मैनेजर के गोल्ड लोन घोटाला करने के बाद ठाणे के कश्मीरा थाने में गिरिजा शंकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था।

**उपभोक्ताओं से सोना लेकर खुद देता था लोन:** गिरिजा शंकर ने एसटीएफ को बताया कि ठाणे से फरार होने के बाद लखनऊ आ गया था। धोखाधड़ी कर जुटाए रुपयों से प्रापर्टी की खरीद-फरोख्त शुरू की। ट्रोनिका प्रापर्टी नाम से फर्म बना ली। सीओ प्रमेश के मुताबिक बैंक में आने वाले उपभोक्ताओं से गिरिजा शंकर गोल्ड लेता था, जिसे बैंक में जमा नहीं करता। इस तरह करीब ढाई करोड़ रुपये का सोना जुटाने के बाद गिरिजा शंकर नौकरी छोड़ भाग निकला था।

**इंफ्रा कम्पनी के मैनेजर को दबंगों ने पीटा:** कल्ली पश्चिम में इंफ्रा कम्पनी के मैनेजर पर कार और बाइक सवार दबंगों ने हमला कर दिया। यह आरोप लगाते हुए कम्पनी निदेशक ने पीजीआई कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। राज इंफ्रा के निदेशक अशोक कुमार के मुताबिक गुरुवार शाम करीब छह बजे उनका मैनेजर रानू तिवारी काम के लिए ऑफिस से निकला था। कल्ली पश्चिम सरथुवा के पास पहुंचने पर कार और बाइक सवार युवकों ने घेर कर पीटना शुरू कर दिया। रानू के शोर मचाने पर राहगीरों को आते देखकर आरोपी भाग निकले। मैनेजर ने फोन कर कम्पनी निदेशक को वारदात की सूचना दी। इंस्पेक्टर पीजीआई बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि अशोक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। शुरूआती पड़ताल में रंजिश की बात सामने आई है, जिसके आधार पर जांच की जा रही है।

## कंपनी ने ठेके पर काम आवंटन कर धोखे से हड़पे 30 लाख

- कंपनी अधिकारियो ने दी धमकी, ठेकेदार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर डी एलडीए कॉलोनी में रहने वाले एक ठेकेदार को गुजरात की एक कंपनी ने काम को पुरा कराने के बाद बदनीयत की भावना से ठेकेदार के तीस लाख रुपए हड़प लिए और कंपनी अधिकारी जानमाल की धमकी देने लगे जिससे परेशान हो ठेकेदार आशियाना थाने पर संचालित कंपनी और उसके अधिकारियो के खिलाफ शिकायत की है।

आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित एलडीए कॉलोनी के सेक्टर डी में रहने वाले सुबोध पाण्डेय पुत्र संतोष नारायण पाण्डेय के मुताबिक वह पेशे से ठेकेदार है और विबग्योर कंसल्टिंग के नाम से एक अपना रजिस्टर्ड फर्म चलाते हैं आरोप है कि वर्ष 2022-23 में उन्हें गुजरात की एक कंपनी क्रिएटिव इनविरो कंट्रोल प्रा लि द्वारा तीन वर्क ऑर्डर मिला जोकि ईटीपी प्लांट ऑपरेशन एवं मेंटीनेंस का था जिसे वह पूरा करते रहे और कार्य पूरा होने पर उन्होंने 30,13,018 रुपए का बिल कम्पनी को भुगतान के लिए भेजा था जिसका उन्होंने जीएसटी भी जमा किया है लेकिन कंपनी के निदेशक विरंची सूर्यकांत सेठ ,जोबिन श्रीरीस भाई टैंक, मयंक एस भट्ट और संतोष चौधरी बदनीयत भावना से उनके बिल का भुगतान नहीं करना चाहते है और उनके पैसो को हड़पने का मंसूबा बना रखे है यहाँ तक उनके बिल की भुगतान के लिए 15 प्रतिशत कमीशन की मांग कर रहे है और उन्हें धमकी दे रहे हैं कम्पनी की रवैये से परेशान पीड़ित ठेकेदार ने कंपनी समेत निदेशक और अधिकारियो के खिलाफ आशियाना थाने पर शिकायत की है। ठेकेदार की शिकायत पर आशियाना पुलिस ने कंपनी और जिम्मेदार अधिकारियो के धोखाधड़ी गबन और धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जा रही है।

# व्यापारी के घर में घुसे बदमाशों ने चोरी के बाद किया नाश्ता और डांस

- लाइव चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस को नहीं मिला कोई बदमाश सिक्किम घूमने गये व्यापारी के घर हुई चोरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाले व्यापारी के घर गुरुवार रात घुसे चोरों ने शुक्रवार भोर तक चोरी करी । वहीं पड़ोसियों का दावा है कि बदमाशो ने चोरी के बाद नाश्ता किया और साउंड बजाकर डांस भी किया था जो कि सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ है। हालांकि सिक्किम घूमने गये व्यापारी ने मोबाइल पर देखा तो उसे लगा कि बदमाश उसके घर में ही हैं और उसने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस व्यापारी के घर पहुंच गयी और पूरा मोहल्ला छावनी में बदल गया। लेकिन जब पुलिस व्यापारी के घर में दाखिल हुई तो घर में कोई बदमाश नहीं थे और पूरे घर का सामान बिखरा पड़ा था। फिलहाल पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि सतेश्वर कुमार की आलमबाग में मेडिकल स्टोर की शाप है और वह अपने परिवार संग आशियाना के सेक्टर एच में रहते हैं। बीते तीन जून से वह अपने परिवार के साथ सिक्किम टूर पर निकले हैं, ऐसे में उनके घर में ताला बंद था। उन्होने घर में सीसीटीवी कैमरे लगवा रखे हैं जिसकी वजह से उन्होने शुक्रवार रात जब मोबाइल पर कैमरे का एंप खोला तो उन्हे चोरी की एक फुटेज दिखी। उन्हे लगा कि बदमाश अभी भी उनके घर में हैं इसलिए उन्होंने बदमाशों के घर में होने की सूचना पुलिस को दे दी। जैसे ही सूचना मिली तो पूरे थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पड़ोसियों की छत व बाउंड्री से अंदर जाकर देखा तो पूरे घर का सामान बिखरा पड़ा था लेकिन कोई बदमाश मौजूद नहीं था। पड़ोसियों के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा तो पता चला कि दो बदमाश गुरुवार रात व्यापारी के घर में बाउंड्री फांदकर गये थे फिर शुक्रवार भोर वहां से फरार हो गये। इस दौरान चोरों ने इत्मीनान से चोरी की घटना को अंजाम दिया लेकिन चोरी की पूरी जानकारी व्यापारी के आने के बाद ही हो पायेगी। फिल्हाल पड़ोसियों का दावा है कि बदमाशों ने व्यापारी के घर में चोरी करने के बाद फ्रिज से निकालकर नाश्ता पानी भी किया और बाद में साउंड बजाकर डांस भी किया। पड़ोसियों का दावा है कि व्यापारी के घर से पुलिस ने इसकी सीसीटीवी फुटेज भी हासिल की है।

## दस वर्षीय मानसिक विक्षिप्त मासूम लापता, दस दिन बाद मुकदमा दर्ज

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके से एक दस वर्षीय मानसिक विछिप्त मासूम लापता हो गई ।पुलिस ने लापता हुई मासूम के पिता की शिकायत पर दस दिन बाद गुमशुदगी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गुडम्बा थाना क्षेत्र में रहने वाले रिंकू पुत्र स्व नरेश की दस वर्षीय पुत्री भोपो मानसिक विछिप्त हैं बीते 27 मई को अपने घर से आलमबाग झोपड़पट्टी में रहने वाली अपनी बुआ खुनिया पत्नी इस्पियुंक के घर आई थी अगले दिन बुआ के घर से कुरकुरे लेने के लिए निकली और लापता हो गई पिता का आरोप है उसने उसी दिन उन्होंने लापता बेटी की खोजबीन के बाद स्थानीय पुलिस चौकी पर शिकायत की थी लेकिन चौकी प्रभारी मासूम को तलाशने के बजाये उसे टरकाते रहे वह दर दर अपनी पुत्री को तलाश करता रहा । लेकिन पुलिस से कोई मदद नहीं मिल रही थी और दस दिन बाद आलमबाग पुलिस ने शुक्रवार को मासूम के लापता होने के मामले में गुमसुदगी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन के मुताबिक मामले की जानकारी उनके संज्ञान में आने पर तत्काल पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लापता मासूम की तलाश में एक टीम गठित कर दिया गया है।

# अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर , मां-बेटे की मौत

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। बंथरा इलाके में शुक्रवार रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार मां -बेटे की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक बंथरा के पहाड़पुर निवासी लवकुश ( 28 ) अपनी मां फूलमती ( 60 ) को शुक्रवार रात करीब 1 बजे बाइक से लेकर वापस घर जा रहे था। तभी बंथरा थाने के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे दोनों मां-बेटे बाइक सहित उछलकर दूर जा गिरे। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में दोनों को सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर मां - बेटे की एक साथ दुर्घटना में मौत होने से पूरे घर में कोहराम मचा है।

**सड़क हादसे में मोटरसाइकल सवार की मौत:** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में शुक्रवार की रात शहीद पथ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान शानिवर की सुबह मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बस्ती के विक्रमजोत गांव का रहने वाला संतोष कुमार ( 21 ) कानपुर में एक निजी कंपनी में नौकरी करता था । भाई मनीष ने बताया शुक्रवार देर रात घर वालों को पुलिस द्वारा फोन करके बताया गया कि लखनऊ स्थित सुशांत गोल्फ सिटी के मेदांता अस्पताल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से संतोष गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे इलाज के लिए ट्रामा पहुंचाया गया है बस्ती से लखनऊ के ट्रामा सेंटर पहुंचे परिजनों को पता लगा कि संतोष की मौत हो चुकी है। मृतक के ममेरे भाई मनीष ने बताया उसको घर में अपनी फुफेरी बहन से जानकारी हुई की संतोष बस्ती से मोटरसाइकल से कानपुर जाने के लिए निकला था रास्ते में सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में शहीद पथ सड़क हादसा होने पर जानकारी हुई । मृतक के माता-पिता मेवाराम एवं मालती देवी की कुछ वर्ष पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। वहीं एक भाई दीपक आबूधाबी में प्राइवेट नौकरी करता है परिवार में छोटी बहनें काजल और आंचल है। मृतक के भाई दीपक को जानकारी दे दी गई है वहीं घर में मां पिता की मौत के सदमे से उबरने बाद के जवान भाई की मौत ने घर वालों को बुरी तरह तोड़ दिया सबका रो-रो कर बुरा हाल है।

**रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात शव:** शनिवार की शाम अतरौली गांव के पास रेलवे ट्रैक पर अज्ञात व्यक्ति का शव पडा मिला। मोहनलालगंज स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज आलोक राव के मुताबिक अतरौली के पास रेलवे ट्रैक पर लगभग पचास वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों और सोशल मीडिया द्वारा शिनाख्त कराने की कोशिश की गई लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक ने नीली पैन्ट व चेकदार शर्ट पहन रखी थी।

## चाय विक्रेता ने कीटनाशक पीकर दी जान

सरोजनीनगर में शुक्रवार को चाय विक्रेता ने कीटनाशक पीकर जान दे दी। अमौसी चिल्लावा निवासी भाई अजीत के मुताबिक सुजीत प्रजापति ( 20 ) अमौसी एयरपोर्ट के पास चाय दुकान चलाते हैं। शुक्रवार शाम सुजीत घर पर अकेले थे। परिवार के अन्य लोग काम पर गए थे। शाम को परिवार वाले घर पहुंचे तो सुजीत की हालत खराब थी। पूछने पर बताया कि उसने कीटनाशक पी लिया है। आनन-फानन में उसे ट्रामा सेंटर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर शैलेन्द्र गिरि ने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। जांच जारी है।

# नाबालिग किशोरी को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगराम के एक गांव से बीते मई माह में एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पीड़िता की मां द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे के आरोपी को नगराम पुलिस द्वारा शनिवार के दिन गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि बीते माह 22 मई की रात मोती का पुरवा गांव निवासी संदीप कुमार एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था । उक्त के बाबत किशोरी की मां द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने सहित पाक्सो एक्ट में नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया था। दौरान विवेचना मिले साक्ष्यों व किशोरी द्वारा न्यायालय के समक्ष दिए गए बयान के आधार पर पहले से दर्ज मुकदमे में दुराचार व जान से मारने की धमकी देने की धाराओं की बढ़ोत्तरी कर आरोपी युवक की तलाश की जा रही थी । वरिष्ठ उपनिरीक्षक चंद्र भानु वर्मा द्वारा हमराही सिपाही राकेश कुमार मिश्रा व हरीश कुमार मिश्रा के साथ शनिवार सुबह सलेमपुर अचाका रेगुलेटर के पास से आरोपी युवक संदीप कुमार को दबोच लिया गया । पकड़ में आए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया ।

**गाली गलौज ,मारपीट , व एस सी एस टी एक्ट के तहत दर्ज कराई रिपोर्ट:** बंथरा निवासी विवाहिता रक्षा सिंह ने बांदा जिले के पैलानी अंतर्गत पिपराही में रहने वाले अपने पति सूर्यांश सिंह, सास राधा, ससुर शिवलाल सिंह, देवर गोलू सिंह और ननद आकांक्षा सिंह के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के अलावा दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रक्षा सिंह के मुताबिक उसकी शादी 8 मई 2023 को सूर्यांश सिंह के साथ हुई थी। तब दहेज में बोलेरो और 13 लाख रुपए के अलावा अन्य कीमती सामान दिया गया था। आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद ही उसके ससुराल वाले बुलेट बाइक, 4 लाख रुपये और एसी आदि की मांग को लेकर रक्षा को प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि इस दौरान सभी ने उसे मारा पीटा। बाद में इस मामले को लेकर दोनों पक्षों में बातचीत हुई, समझाने बुझाने के बाद सब ठीक-ठाक हो गया। लेकिन कुछ दिनों बाद फिर उसके साथ मारपीट, शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न शुरू कर दिया गया। रक्षा का आरोप है कि ससुराल वालों ने कहा कि चार लाख रुपये और बुलेट मायके से लाओ, नहीं तो मिट्टी का तेल डालकर जला दिया जाएगा। पीड़िता का कहना है कि उसके पति व ससुराल के सभी लोगों ने 3 अगस्त 2023 को उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। काफी मिन्नतें करने के बाद पति सूर्यांश उसे बोलेरो में बिठाकर बंथरा थाने के पास बिजनौर रोड चौराहे पर छोड़कर चला गया। तब से पीड़िता अपने मायके में ही रह रही है। उसका आरोप है कि इसके बावजूद ससुराल वाले उसे धमकी देते रहते हैं। फिलहाल बंथरा पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## आपात स्थिति से निपटने के लिए किया अभ्यास

लखनऊ। सरोजनीनगर के अमौसी स्थित इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के लखनऊ टर्मिनल में शनिवार को आग व अन्य आपदा सहित किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आपातकालीन प्रक्रिया अभ्यास ( इमरजेंसी रिस्पांस ड्रिल ) आयोजित किया गया। जिसमें अग्निशमन प्रणाली की पर्याप्तता और आपातकालीन स्थितियों को संभालने की तैयारी का आकलन करते हुए संबंधित सुरक्षा कर्मियों की चुस्ती फुर्ती परखी गई। साथ ही लखनऊ टर्मिनल के सभी अग्निशमन यंत्र सुनिश्चित तरह से काम करते पाए गए। जबकि लखनऊ टर्मिनल में व्यवस्थित उपकरण टर्मिनल के किसी भी तरह की दुर्घटना को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध मिले। मुख्य टर्मिनल प्रबंधक गौरव देव के नेतृत्व में किए गए इस ड्रिल के दौरान अग्निशमन दल के लीडर सुनील कुमार पांडेय, सत्यांशु सिंह आदि ने हिस्सा लिया। इस मौके पर म्युचुअल एण्ड मेंबर नरेश सोंगगड़ी उपमहा प्रबंधक एलपीजी प्लांट, नितिन शुक्ला प्रबंधक सुरक्षा, अमरेंद्र सिंह वरिष्ठ डिपो प्रबंधक, डॉ. अरुण सोनकर एमईडी ऑफिसर सीएमओ लखनऊ, ऋषिकेश शर्मा टीएसएम, उत्कर्ष चौधरी एएम बीकेपीएल आदि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता का घर में मिला शव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर में बीते गुरुवार को घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़े मिले विवाहिता के शव के मामले में मायके वालों की तहरीर पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर सरोजनीनगर पुलिस ने मृतका के पति, सास और ससुर को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया।

बताते चलें कि नीमसार थाना अंतर्गत मनिकापुर निवासी रविंद्र पाल की बेटी बबली की शादी 11 मार्च 2023 को सीतापुर के ही मछरेहटा थाना अंतर्गत चौहान पुरम निवासी कमलेश पाल के बेटे अमित के साथ हुई थी। अमित पिछले करीब 2 वर्षों से सरोजनीनगर के गिन्दन खेड़ा में मकान बनाकर पत्नी बबली, पिता कमलेश और मां कांति के साथ रहता है। साथ ही बबली का भाई विपिन भी अमित के ही घर में रहकर एक कंपनी में काम करता है। गुरुवार को विपिन ड्यूटी पर चला गया। तभी सुबह के समय बब्ली की संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर मौत हो गई। जानकारी होने पर मृतका के मायके वालों ने सरोजनीनगर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो बबली का शव कमरे में जमीन पर पड़ा मिला। पुलिस पूछताछ में अमित व उसके मां-बाप ने बताया कि बबली ने कमरे के अंदर फांसी लगा ली थी। लेकिन जानकारी होने पर उसने बबली को नीचे उतार लिया था। इस मामले में मृतका बबली के पिता रविंद्र पाल ने अमित, उसके पिता कमलेश और मां कांति के खिलाफ दहेज को लेकर प्रताड़ित करने करने के साथ उसकी हत्या कर फांसी के फंदे पर लटकाने का संदेह जताते हुए सरोजनीनगर थाने में दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर तीनों आरोपियों की तलाश कर रही थी। तभी शनिवार को उसे मुखबिर से सूचना मिली कि तीनों आरोपी हाइडिल तिराहे के पास मौजूद हैं। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने अमित पाल, कमलेश मिश्रा और कांतिपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# अच्छा उत्पाद बनायें, खरीदारों की कमी नहीं : रणवीर बरार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आदर्श कारागार लखनऊ में कैदियों से मुलाकात के बाद सुप्रसिद्ध मास्टर सेफ रणवीर बरार ने कहा कि लोगों का कहना है कि सामान बनाना आसान है लेकिन बेचना मुश्किल। मगर ऐसा नही है। उन्होंने कहा कि आप अच्छा उत्पाद बनाएं खरीददारों की कमी नही है।

श्री बरार शनिवार को राजधानी के आदर्श कारागार में भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान द्वारा कैदियों के लिए आयोजित किये गये कौशल विकास कार्यक्रम के प्रतिभागियों को खाना बनाने के नुख्से सिखाने के दौरान उन्हें सम्बोधित कर रह थे।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान निसबड द्वारा वर्ष-2022 से उप्र के जेल प्रशासन एवं सेवा सुधार विभाग के सहयोग से कैदियों को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इन्हीं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत सुप्रसिद्ध मास्टर सेफ रणवीर बरार ने कैदियां को स्वादिष्ट भोजन बनाने के टिप्स दिये थे। इस निसबड द्वारा आदर्श कारागार के कैदियों को बेकरी सहित कई अन्य ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया गया था। जिसके बाद से कैदी जेल में ही ब्रेड, बंद और टोस्ट का उत्पादन कर रहे है। शनिवार को आदर्श कारागार पहुंचे मास्टर सेफ रणवीर बरार ने इन्हीं कैदियों से मिले और उन्हें गुणवत्तापूर्ण एवं स्वादिष्ट उत्पाद बनाने के गुण सिखाएं। इस दौरान कैदियों द्वारा शुष्क एवं स्वादिष्ट टोस्ट बनाने की विधि पूछीं। जिसपर श्री बरार ने उन्हें विस्तार से स्वादिष्ट एवं शुष्क टोस्ट बनाने की विधि बताई। इस दौरान उन्होंने ब्रेकरी उत्पादन कक्ष, पाक शाला एवं मसाला निमार्ण यूनिट भी देखी और स्वादिष्ट गरम मसाला बनाने के लिए लिए रेसपी भी दी। इस मौके पर कैदियों को सम्बोधित करते हुए उन्हांने कहा कि खाने के कई आइटम बनाने से बेहतर होगा कि एक अच्छा व टिकाऊ उत्पाद बनाएं। जो दो से तीन महीनें तक रखा जा सके। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाए बिक्री की चिन्ता न करे।

# नगराम थाने पर मनाया गया समाधान दिवस

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगराम थाने पर आयोजित समाधान दिवस में पहला मामला नगराम के भाटन टोला निवासी अमर सिंह द्वारा प्रस्तुत कर शिकायत दर्ज कराई कि उसकी भूमि गाटा संख्या 5396 रकबा चार बिस्वा पर पड़ोसी तेजनरायन द्वारा करीब एक बिस्वा जमीन पर अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया है। इस मामले में उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार वर्मा द्वारा पीड़ित पक्ष को नियमानुसार अपनी पैमाइश कराकर मेड़ब्रंदी कराने का निर्देश दिया गया । वहीं दूसरा मामला देवती गांव निवासी मानसिंह द्वारा आरोप लगाया गया कि कुबहरा गांव के खातेदार घनश्याम व कमलू ने मेड़ तोड़ कर कब्जा कर रखा है। तीसरा मामला मोहनलालगंज के गनियार गांव निवासी राजेश द्वारा करोरवा गांव में खरीदी गई जमीन पर निर्माण कराने में पड़ोसी काश्तकार इंद्र कुमार पाण्डेय द्वारा आपत्ति लगाई जा रही है दोनों ही मामलों में एस डी एम मोहनलाल द्वारा राजस्व टीम के साथ पुलिस बल भेज कर निस्तारण का निर्देश दिया गया । समाधान दिवस में सहायक पुलिस आयुक्त राधारमण सिंह थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी व क्षेत्रीय लेखपाल गण उपस्थित रहे। मिलीजानकारी के अनुसार शुक्रवार रात लगभग आठ बजे सालेहनगर पंचायत के मजरे हरिहरपुर चुकण्डिया गाँव निवासी पेशे से डीसीएम चालक मुकेश शाहू ( 26 ) ने अज्ञात कारणों के चलते गांव से कुछ दूर बाग में बने घर के एक कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान गवा दिया। बाग गये मृतक के बड़े भाई राजेश शाहू ने भाई का शव फाँसी के फंदे पर झूलता देखा तो वह चीखने चिल्लाने लगा। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुच गये। ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी सूचना पर पहुची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि मुकेश दिल्ली में रहकर डीसीएम चलता था। चार माह पहले मुकेश से डीसीएम पलट गयी थी जिसमे कई लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए थे।

## पांच पेंशन कर्मचारियों के समस्या का हुआ समाधान

लखनऊ। पावर कारपोरेशन के निर्देष पर पर मध्यांचल विधुत वितरण निगम लिमिटेड के निदेशक की अध्यक्षता में पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की पेंशनरी समस्याओं के लिए पेंशन आदालत आयोजित की गयी। जिसमे मध्यांचल ( डिस्कॉम ), से सेवानिवृत्त हो चुके पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरर्स अपनी पेंशन सम्बन्धी समस्याओं का निस्तारण किया गया। आलमबाग लखनऊ के स्वर्गीय श्रीराम किशोर जोकि विगत 19 वर्षों से अनुपस्थित चल रहे थे उनके पेशन प्रकरण में सर्विस बुक पूर्ण कराकर रेगूलराइजेशन की कार्यवाही किया गया। स्वर्गीय राज कुमार शर्मा के परिवार द्वारा अपना पक्ष रखने पर अदालत ने बताया कि उनकी पुत्रियों से शपथ-पत्र प्राप्त कर उनके डियूश किलियर कर दिये जायेंगे। हरदोई निवासी स्वर्गीय गंगा चरण की पेशन उनके विकलांग पुत्र को देने के सम्बन्ध में आदेशित किया गया।

# ज्येष्ठ माह के शनिवार पर भक्तों की भीड़, जगह-जगह लगे भंडारे





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह के दूसरे शनिवार पर भी राजधानी के हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ दिखायी दी। सुबह से लगी कतारें देर शाम तक लगी रहीं। इस मौके पर शहर में कई जगह भंडारे भी लगाये गये। अलीगंज के नए पुराने हनुमान मंदिर और हनुमान सेतु मंदिरों घंटों श्रद्धालु लाइन में लगे रहे। हालांकि नए हनुमान मंदिर में दोपहर बाद श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई और देर रात तक लगी रही।

हनुमान सेतु मंदिर का मुख्य द्वार पर कतारें लगी रहीं। डंडइया स्थित गुलाचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर, चौक स्थित छांछीकुंआं मंदिर, हजरतगंज केदक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर, सीतापुर रोड स्थित हाथी वाले बाबा मंदिर के अलावा कल्याण गिरि मंदिर, इंदिरानगर सी-ब्लाक हनुमान मंदिर, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, स्वप्नेश्वर महादेव मंदिर, बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, बारा बिरवा स्थित हनुमान मंदिर, मौनी बाबा मंदिर, आशियाना के छुआरेवाले हनुमान मंदिर, महानगर हनुमान मंदिर, शिव दुर्गा हनुमान मंदिर समेत तमाम मंदिरों में श्रृंगार के बाद दिन भर केसरीनंदन के दर्शनों को भक्त जुटे रहे।

**जगह-जगह लगे भंडारे:** ज्येष्ठ माह के दूसरे शनिवार पर जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। अपनी श्रद्धा के अनुसार भक्तों ने पूड़ी सब्जी, राजमा, छोला-चावल, आम का पना, गुणधनिया, बूंदी व शर्बत का वितरण किया। पक्कापुल स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के सामने कढ़ी-चावल, बूंदी और 51 किग्रा हलवे का वितरण किया गया। परिवर्तन चौक पर समन्वय सेवा समिति के मनीष शुक्ला की ओर से लगाए गए भंडारे पर पूड़ी, सब्जी व चावल का का वितरण किया गया।

बड़े बड़े पंडालों में भक्ति गीत बजते हुए शनिवार को भी प्रसाद बांटा गया। शनिवार के दिन शहर भर में जगह जगह पर भंडारे का आयोजन हुआ। गलियों से लेकर चौराहों तक भंडारों में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



शहर के ज्यादातर हिस्सों में भंडारे व प्याऊ लगाये गये। कई व्यंजनों को प्रसाद के रूप में बांटा गया जिसमें पूड़ी सब्जी सबसे प्रमुख रही। राजधानी में लाखों लोगों ने प्रसाद का ग्रहण किया। हजरतगंज, गोमती नगर, अलीगंज, पुराना लखनऊ, चारबाग हुसैनगंज व शहर के प्रमुख इलाकों समेत हर जगह पर भक्तों ने भंडारे का आयोजन किया। वहीं कपूरथला चौराहे के पास पूर्वाह्न 11 बजे से पूड़ी सब्जी का वितरण शुरू हुआ तो कृष्णानगर में पूड़ी सब्जी के साथ ही बूंदी का वितरण सुबह 10 बजे से शुरू हो गया।

**मौसमगंज रामलीला में भण्डारा:** मौसमगंज रामलीला समिति के संरक्षक तेज प्रकाश गुप्ता के परिवार की ओर से जेष्ठ माह के दूसरे शनिवार को भण्डारे का आयोजन मौसमगंज लीला मैदान में किया गया। पहले सुन्दरकाण्ड का संगीतमय पाठ हुआ। उसके बाद ब्राम्हणों को दान, दक्षिणा दी गई। उसके बाद भण्डारा शुरू हुआ। भण्डारे में पूड़ी, सब्जी, छोला चावल, आइस्क्रीम, पना आदि का वितरण किया गया। इसमें रामशंकर जायसवाल, विनय नाग, गिरीश गुप्ता, राजेश, अनूप, भुलाने, विशाल आदि लोग मौजूद रहे।

## छात्रों के सम्मान संग भंडारे में बांटा गया प्रसाद





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गढ़वाली आपसी भाईचारा समिति की ओर से आज ज्येष्ठ माह के शनिवार को निलमथा स्थित सिद्धार्थ पैलेस, लखनऊ में गढवाल समाज के हाईस्कूल एवं इटरमीडिएट वर्ष-2024 की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि श्री विवेक नौटियाल, उप शिक्षा निदेशक (शिविर) एवं विशिष्ट अतिथि डॉ० संदीप नेगी, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, नियामक विष विज्ञान विभाग, भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान ने मेधावी छात्र-छात्राओं अदिति विष्ट, गुंजन रावत, राशि पोखरियाल, कनिष्क सिंह रावत, रुद्राक्ष सिंह रावत, प्रियांशी खंतवाल, हिमांशी सिंह रावत, कोमल विजल्वाण, कृष्णा सिंह रावत, स्नेहा, रूपाली नेगी, मोहित, शांतनु सिंह नेगी, इशिता सिंह, मोहित सिंह रावत, पीयूष किमोठी, धीरज सिंह एवं रजत विष्ट को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और उन्हें बधाई देकर उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह के पश्चात ज्येष्ठ माह के उपलक्ष्य में समिति द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अध्यक्ष जय प्रकाश तिवारी, द्वारा हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना और भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर समिति के मुख्य संयोजक धर्मवीर सिंह, जितेन्द्र नेगी, हरि नैथानी, संदीप रावत, गजेन्द्र रावत, दिनेश गुसाई, मोहन रावत, जितेन्द्र नेगी (चाचा), महेन्द्र सजवाण, जगदीश बुटोला, संजय रावत, सुनील नेगी, दिगपाल नेगी, चन्दन विष्ट, किशन पटवाल, मात्तवर चौधरी, पूरन भदोला, विमल तडियाल, राजेन्द्र रावत, विजय चौहान, मंगल सिंह, दिलवर नेगी, रणजीत सिंह, रणवीर विष्ट, सुमन्त नेगी, सुरेन्द्र पन्त, रघुवीर पयाल, महिपाल पंवार, सौरम, शुभम, मन्नु, प्रियांशु, गीताराम धस्माना, दीवान सिंह, ताजेन्द्र नेगी, सुरेन्द्र नेगी, कुँवर सिंह, दर्पण सिंह, सीता राम भट्ट, प्रेम विष्ट, सुलोचना नेगी, रजनी रावत, किरण रावत, शकुन्तला नैथानी, सम्पति नेगी, सुनिता नेगी, मालती रावत, गणेशी देवी, चांदनी भण्डारी, मुन्नी देवी, जयश्री पोखरियाल, इंदू थपलियाल, सरिता रावत, रेनू असवाल, सुमन ध्यानी, किरन भट्ट, वर्दना असवाल, बबीता बिष्ट, मीना भाटिया, संगीता सजवाण आदि सदस्यों द्वारा भी प्रसाद वितरण किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# दशहरी पर भारी पड़ रहे हैं ये स्पेशल वैरायटी वाले आम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में काफी ज्यादा पसंद किए जाने वाले दशहरी आम के अस्तित्व पर अब संकट मंडराने लगा है। अब इसके स्वाद पर कई नई वैरायटी के रंगीन आम भारी पड़ने वाले हैं। नई वैरायटी के इन रंगीन आम को सिर्फ देश नहीं बल्कि विदेशों तक पसंद किया जा रहा है. लोग इनके स्वाद के दीवाने हो रहे हैं। यही वजह है कि मलिहाबाद की बेल्ट जहां दशहरी आम का जन्म हुआ वहां पर भी अब किसान और बागवान दशहरी आम के बाग को हटाकर रंगीन आम लगा रहे हैं. इन रंगीन आम में सेंसेशन, लंगड़ा, चौसा, टॉमी एटकिन्स, मल्लिका, अरूणिका और अंबिका जैसे आम हैं। सेंसेशन, लंगड़ा, चौसा, टॉमी एटकिन्स, मल्लिका, अरूणिका और अंबिका जैसे आम इसलिए दशहरी को टक्कर देने वाले हैं क्योंकि ये टिकाऊ होते हैं. इन्हें 15 से 20 दिनों तक आसानी से रखा जा सकता है। ये जल्दी खराब नहीं होते. इनका स्वाद भी दशहरी के मुकाबले काफी अच्छा होता है और ये आम बाजार में 100 से 200 रुपए किलो मिलते हैं। इनकी कुछ खासियत और भी हैं कि इनके पौधे छोटे होते हैं और कम जगह पर ज्यादा उत्पादन देते हैं। इसीलिए भी भविष्य में ये आम दशहरी पर भारी पड़ेंगे। इस साल भी विदेशों में दशहरी की जगह इन्हीं रंगीन आमों की डिमांड ज्यादा है।

**लगातार कट रहे दशहरी के बाग:** मलिहाबाद के मशहूर किसान अफताब ने बताया कि मलिहाबाद में जितने भी लोग पहले दशहरी आम पर निर्भर थे और उसी को हर साल उगाते थे अब वो भी अपने दशहरी का बाग हटाकर नई वैरायटी के आम लगा रहे हैं, क्योंकि उन्हें भी पता है कि इन आमों से ही मुनाफा होगा। दशहरी लंबे वक्त तक टिकाऊ नहीं होता। सस्ता बिकता है और अंतिम दिनों में तो यह थोक के भाव बिक जाता है। इसका स्वाद भी अब उतना अच्छा नहीं होता. यही वजह है कि किसान और बागवान अब अपने मुनाफे के लिए रंगीन आमों को ज्यादा लगाना पसंद कर रहे हैं।

## गुरू अर्जन देव के शहीदी दिवस पर गुरुद्वारों में सजेगा विशेष दीवान

- नाका गुरुद्वारा में आज से शुरू होगा शहीदी दिवस कार्यक्रम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के सम्पादक, बाणी के बोहिथ, शहीदों के सरताज सिखों के पांचवें गुरू साहिब श्री गुरू अरजन देव जी महाराज का 418वाँ पावन शहीदी दिवस दिनांक 09 एवं 10 जून 2024 को बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ श्री गुरु सिंह सभा ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी नाका हिण्डोला में मनाया जायेगा।



यह जानकारी ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी नाका हिण्डोला के अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा जी ने देते हुए बताया कि 09 एवं 10 जून 2024 को सिखों के पांचवें गुरू साहिब श्री गुरू अरजन देव जी महाराज का शहीदी दिवस के अवसर पर सायं का दीवान 6:30 बजे से आरंभ होगा जो रात्रि 10:00 बजे तक चलेगा 10 जून को प्रातः 5:00 से दोपहर 3:00 तक दीवान सजेगा। स्टेज सेक्रेटरी स0 सतपाल सिंह मीत ने बताया कि इस अवसर पर पंथ प्रसिद्ध प्रचारक सिंह साहिब ज्ञानी मान सिंह जी पूर्व प्रचारक श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर विशेष रूप से पधार रहे हैं जो श्री गुरु अरजन देव जी महाराज के शहीदी दिवस पर कथा व्याख्यान करेंगे। रागी जत्था भाई प्रिंसपाल सिंह जी पटियाला वाले श्री गुरु अरजन जी द्वारा रचित गुरबाणी का गायन कर समूह संगत को निहाल करेंगे। गुरु का लंगर भी वितरित किया जाएगा।

## 100 साल बाद बन रहा सूर्य, शुक्र और गुरु बृहस्पति का संयोग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** वैदिक ज्योतिष मुताबिक ग्रह एक निश्चित अंतराल पर गोचर करके शुभ और त्रिग्रही योग का बनाते हैं। जिसका असर मानव जीवन और पृथ्वी पर देखने को मिलता है। आपको बता दें कि अभी धन के दाता शुक्र अभी वृष में संचरण कर रहे हैं और ग्रहों के राजा सूर्य देव और गुरु बृहस्पति वृष राशि में संचरण कर रहे हैं। ऐसे में इन तीनों ग्रहों की युति से वृष राशि में त्रिग्रही योग का निर्माण हो रहा है। जिससे कुछ राशियों का भाग्य चमक सकता है। साथ ही करियर और कारोबार में तरक्की मिल सकती है। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं।

**वृष राशि :** आप लोगों के लिए सूर्य, शुक्र और गुरु का संयोग लाभकारी साबित हो सकता है। क्योंकि यह योग आपकी राशि से लग्न भाव में बन गया है। इसलिए इस समय आपके व्यक्तित्व का निखार होगा। साथ ही आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। वहीं वृषभ राशि के जातकों को कई नए प्रोजेक्ट मिल सकते हैं। करियर में आपको गति मिलेगी। खासकर बिजनेस के मामले में आपके हाथ कई नई डील्स भी लग सकती हैं। साथ ही इस समय शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीवन शानदार रहेगा। वहीं जीवनसाथी की इस समय तरक्की हो सकती है। साथ ही इस समय अविवाहित लोगों को विवाह का प्रस्ताव आ सकता है।

**सिंह राशि:** त्रिग्रही योग सिंह राशि के जातकों को अनुकूल सिद्ध हो सकता है। क्योंकि यह योग आपकी गोचर कुंडली के दशम भाव पर बन गया है। इसलिए इस समय आपको काम-कारोबार में अच्छी तरक्की मिल सकती है। साथ ही आपको नौकरी में बदलाव करने के कई नए अवसर प्राप्त होंगे और अगर आप कोशिश करेंगे, तो आपको मनचाही नौकरी भी मिल सकती है। वहीं इस समय व्यापारियों को अच्छा लाभ हो सकता है। वहीं इस दौरान आपको पिता का सहयोग प्राप्त होगा। वहीं इस समय किया गया निवेश आपको आगे भी फायदा पहुंचाएगा। आर्थिक संपन्नता मिलेगी और बचत भी होगी।

**कर्क राशि :** आप लोगों के लिए त्रिग्रही योग लाभकारी साबित हो सकता है। क्योंकि यह योग आपकी राशि से इनकम और लाभ भाव पर बनने जा रहा है। इसलिए इस समय आपकी आय में जबरदस्त इजाफा हो सकता है। वहीं इस समय आपकी आय के नए सोर्स बनेंगे। साथ ही आप किसी धार्मिक और सामाजिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। वहीं इस समय आप छोटी या बड़ी यात्रा कर सकते हैं, जो शुभ रहेंगी। वहीं आर्थिक संपन्नता मिलेगी और बचत भी होगी। इसके अलावा नई नौकरी के ऑफर भी मिल सकते हैं। वहीं इस समय आपको निवेश से लाभ होगा।

# परछाईं कार्यक्रम में चला किस्सागोई का दौर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उ.प्र. भी हिन्दुस्तानी अकॉदमी प्रयागराज एवं डेल्फिक एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में किस्सागोई के कार्यक्रम परछाईं का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें अध्यक्षता दिल्ली से पधारे सुभाष चंदर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में आत्मप्रकाश मिश्र, कार्यक्रम प्रमुख, दूरदर्शन, लखनऊ उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संस्थान की महामंत्री डॉ. सीमा गुप्ता द्वारा राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया गया।



संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा को बताने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। समारोह में सुभाष चंदर, दिल्ली, डॉ. रश्मिशील, लखनऊ, सुश्री कात्यायनी सिंह, सासाराम, डॉ. तूलिका सेठ, गाजियाबाद, सुशील चंद श्रीवास्तव, लखनऊ, डॉ. सिम्मी वर्मा, मुंबई, श्रीमती सुधा शुक्ला, लखनऊ, डॉ. रिंकल शर्मा, दिल्ली एवं आचार्य अनीता मिश्रा, लखनऊ ने अपने अपने किस्से से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीमती सुधा शुक्ला ने फैमिली कोर्ट में विवाह विच्छेद से प्रेम की प्रगाढ़ता विषय पर किस्सा सुनाया। डॉ. रश्मिशील ने नोटबंदी का जनमानस पर प्रभाव विषय उठाया व सुशील श्रीवास्तव ने मैडम क्यूरी की कहानी सुनाई। डॉ. रिंकल शर्मा ने हास्य कहानी सुनाकर सभी को लोटपोट कर दिया। इसी प्रकार सभी ने महत्त्वपूर्ण विषय पर किस्सागोई कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उत्तर प्रदेश के सदस्य/पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह का सभी ने भरपूर आनन्द लिया। संस्थान की महामंत्री डॉ. सीमा गुप्ता ने बताया कि किस्सागोई कार्यक्रम के माध्यम से संस्थान समाज के विभिन्न पक्षों को समाज के मध्य प्रस्तुत कर रहा है। मुख्य अतिथि आत्मप्रकाश मिश्र ने किस्सागोई के बहुआयामी स्वरूप का तारीफ करते हुए राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के नित्य नए कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा किए। अन्त में आईएएस डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा के अध्यक्षीय वक्तव्य के साथ समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सरला शर्मा एवं संयोजन चंद्रदेव दीक्षित एवं रामराज भारती द्वारा किया गया।

# मरे हुए दोस्त को इंसाफ दिलाने में जुटे 'बैड ब्वॉयज 4'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** फ्रेंचाइजी फिल्में बनाने में माहिर हॉलीवुड से अब बैड ब्वॉयज फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म 'बैड ब्वॉयजः राइड ऑर डाई' आई है। यह फ्रेंचाइजी 1995 से चली आ रही है। इस फ्रेंचाइजी के निर्देशक बदले, कुछ कलाकार भी बदले, लेकिन कहानी में दो दोस्त पुलिस अफसर माइक और मार्क्स यानी विल स्मिथ और मार्टिन लॉरेंस शुरूआत से ही फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे है। इसलिए दोनों की दोस्ती और केमेस्ट्री पर्दे पर साफ नजर आती है।

कहानी वहीं से शुरू होती है, जहां से पिछली फिल्म 'बैड ब्वॉयज ऑफ लाइफ' की कहानी (2020) खत्म हुई थी। मायामी पुलिस डिपार्टमेंट के दो अफसर माइक (विल स्मिथ) और मार्क्स (मार्टिन लारेंस) की एंट्री हमेशा की तरह सड़क पर तेजी से भाग रही कार के भीतर होती है। माइक अपनी थेरेपिस्ट क्रिस्टीन (मेलिनी लीबर्ड) से शादी कर लेता है। शादी की पार्टी में मार्क्स को हार्ट अटैक आता है।

उसकी आत्मा मौत के बाद की दूसरी दुनिया की सैर कर आती है, जहां उनका दिवंगत बॉस हावर्ड (जो पैंटोलिआनो) बताता है कि अभी उसका वक्त नहीं आया है। मार्क्स ठीक हो जाता है। दोनों को एक खबर के जरिए पता चलता है कि पुलिस डिपार्टमेंट में भ्रष्टाचार के लिए हावर्ड को दोषी ठहराया गया है, उन्हें ड्रग कार्टेल का साथी बताया जा रहा है।

यह बात माइक और मार्क्स को नागवार गुजरती है। हावर्ड खुद को निर्दोष साबित करने के लिए जिंदा नहीं है। वह खुद जांच शुरू करते हैं। पिछली फिल्म में जेल में कैद माइक का बेटा अर्मांडो (जेकब स्किपिओ) इसमें उनकी मदद करता है। वह साथ मिलकर ड्रग कार्टेल के मुखिया जेम्स मैकग्रैथ (एरिक डेन) की तलाश करते हैं। निर्देशक जोड़ी आदिल और बिलाल ने लगभग दो घंटे की इस फिल्म को कॉमेडी एक्शन जॉनर के करीब रखने का पूरा प्रयास किया है। उन्होंने इसे अपनी पिछली फिल्म से जोड़ा है। हालांकि, इससे बचना चाहिए था, क्योंकि जरूरी नहीं हर दर्शक पिछली फिल्म देखकर आया हो। फिल्म में कई ऐसे छोटे-छोटे पल आते हैं, जो हंसाते हैं। खासकर, दूसरी दुनिया से लौटने के बाद मार्क्स की बातें, उनके वनलाइनर्स। सरप्राइज पैकेज है रेजी मैकडानल्ड (डेनिस ग्रीन) का किरदार, जिसकी शादी पिछले सीजन में मार्क्स की बेटी से हुई थी। वह इसमें दमदार एक्शन से चौंकाते हैं। सिनेमैटोग्राफर रॉब्रेक्ट हेवर्ट की तारीफ करनी होगी, जिन्होंने क्लाइमेक्स के कुछ सीन वीडियो गेम वाली फाइट में तब्दील कर दिए। पिछली फिल्म के खतरनाक विलेन अर्मांडो के हिस्से अच्छे एक्शन सीन तो आए हैं, लेकिन पिता माइक के साथ कुछ भावुक सीन को भी जगह मिल सकती थी। वहीं, फिल्म के विलेन जेम्स मैकग्रेथ दमदार नहीं लगे हैं। मार्क्स की पत्नी क्रिस्टीन का कोई अतीत नहीं है। वह सीधे शादी पर माइक की उन बातों का याद करती है, जो उसे माइक से मुलाकात के दौरान महसूस हुई थी, लेकिन वो सीन ही नहीं हैं। फिल्म में माइक को पैनिक अटैक्स क्यों आते हैं, उसे भी स्पष्ट नहीं किया गया है। हालांकि, ऐसा होने पर क्लाइमेक्स के एक एक्शन सीन में मार्क्स उसे थप्पड़ पर थप्पड़ मारता है। यह सीन उस घटना की याद दिला देता है, जब विल स्मिथ ने साल 2022 के ऑस्कर अवॉर्ड में स्टेज पर कामेडियन क्रिस रॉक को थप्पड़ मार दिया था। उस घटना के दौरान स्मिथ इसी फिल्म पर काम कर रहे थे और उसके बाद बॉक्स ऑफिस पर बड़े पैमाने पर रिलीज होने वाली उनकी पहली फिल्म है। दिसम्बर 2022 में एमानसिपेशन रिलीज हुई थी, जो सीमित सिनेमाघरों में उतारी गई थी। अभिनय की बात करें तो इस बार मार्क्स के रोल में मार्टिन लॉरेंस दिल जीत लेते हैं। फ्रेम में जब वह रहते हैं तो ताजगी बनी रहती है। विल स्मिथ का स्वैग और अभिनय शानदार है। जेकब स्किपिओ छोटे से ही रोल में प्रभावित करते हैं। हालांकि, उन्हें और सीन मिलने चाहिए थे। एरिक डेन विलेन के रोल में प्रभावित नहीं करते हैं। डेनिस ग्रीन अपने छोटे से एक्शन सीन और चेहरे के भावों से याद रह जाते हैं।

- **कलाकार : विल स्मिथ, मार्टिन लॉरेंस, जो पैंटोलिआनो, मेलिनी लीबर्ड, जेकब स्किपिओ, एरिक डेन, डेनिस ग्रीन**
- **निर्देशक : आदिल अल अरबी और बिलाल**

**रेटिंग-3/5**

## इंदिरा नगर में जैन संस्कृति संस्कार शिविर 11 जून से

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान, लखनऊ (संस्कृति विभाग उ.प्र. ) द्वारा इस वर्ष 11 जून 2024 को श्रुत पंचमी -प्राकृत भाषा दिवस का आयोजन तीन स्थानों पर करेगा। उ.प्र जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने बताया कि इस क्रम में।

श्रुत पंचमी विधान का आयोजन श्री दिगम्बर जैन सेवा समिति और जैन महिला मण्डल आशियाना में चन्द्र प्रकाश जैन एवं अल्पना जैन के संयोजन में प्रातः 8:30 बजे से आचार्य विवेक सागर के ससंघ सानिध्य में होगा। उन्होंने बताया कि 11जून से 23 जून तक जैन संस्कृति-संस्कार शिविर का आयोजन प्रतिदिन प्रातः 6:30 से 9:30 तक इन्दिरानगर दिगम्बर जैन सेवा संस्थान के सहयोग से जैन मन्दिर इन्दिरानगर में मंत्री अभिषेक जैन एवं ई. पी के जैन की देखरेख में होगा। जिसमें लगभग 50 प्रतिभगी सम्मलित होंगें। आशियाना एवं इन्दिरा नगर के कार्यक्रमों में बाहर के विद्वान पधारेंगे।

इसी क्रम में जैन प्राकृत पाठशाला कुरावली के साथ एक दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन जैन दर्शन में प्राकृत भाषा का अवदान₹ पर श्री दिगम्बर जैन मन्दिर, कुरावली जि. मैनपुरी में होगा। प्रो अभय कुमार जैन ने श्रुत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुये बताया कि लगभग 2300 वर्ष पूर्व श्रुत पंचमी के दिन प्रथम जैन शास्त्र षट्खण्डागम की रचना प्राकृत भाषा में दो महा मुनिराजों भूतबलि और पुष्पदन्त ने की थी।

संक्षेप

## विवाद में चली गई महिला की जान

**कुशीनगर**। जिले के कुबेर स्थान थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बड़गांव टोला धर्मागर छपरा में पिछले दिनों रास्ते पर पेशाब करने को लेकर हुए विवाद में एक महिला की जान चली गई।जानकारी के अनुसार उक्त बड़गांव टोला धर्मागर छपरा में पिछले दिनों जयकरन गुप्त अपने घर के सामने रास्ते पर पेशाब कर रहे थे, उसी दौरान उनके बगलगीर ह ?दया सिंह उन्हें गाली देते हुए यह कहने लगे की तुम रास्ते पर पेशाब क्यों कर रहे हो। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई।

देखते ही देखते दोनो पक्षों के बीच धराधारी होने लगी, शोर सुनकर मौके पर पहुंची जयकरन की पत्नी फूलमती देवी उम्र लगभग 75 वर्ष बीच बचाव करने लगी।

बताया जाता है कि इसी दौरान फूलमती के सर पर चोट लग गई, जिनका इलाज मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा था। इलाज के दौरान ही 06 जून को फूलमती देवी की मृत्यु हो गई।

# समाधान दिवस में 16 प्रार्थना पत्रों में से चार का निस्तारण



कुशीनगर। डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता व एसपी धवल जायसवाल की उपस्थिति में थाना कोतवाली पडरौना में आयोजित समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं का एक-एक कर गम्भीरता पूर्वक सुना गया, व राजस्व व पुलिस विभाग को निर्धारित समयावधि के भीतर निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा की प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में संवेदनशील रहे। प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।जो आपके क्षेत्राधिकार के बाहर हो तत्काल प्रार्थी को अवगत कराए।जिलाधिकारी ने इस अवसर पर राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को राजस्व टीम बनाकर पुलिस बल की सहायता से मौके पर जाकर प्रार्थना पत्रों व शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। आज के समाधान दिवस में कुल 16 प्रार्थना पत्र आए जिसमे से 4 का निस्तारण तत्काल किया गया तथा अवशेष 12 आवेदन पत्रों को सम्बन्धित को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा शीघ्र निष्पक्ष निस्तारण हेतु सौंप दिए गए। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पडरौना (सदर) व्यास उमराव सीओ सदर अभिषेक प्रताप, थाना प्रभारी पडरौना सहित राजस्व विभागों के कानूनगो व लेखपाल आदि उपस्थित रहें।

# शत प्रतिशत करायें जन्म-मृत्यु पंजीकरणः डीएम

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया**। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने जन्म-मृत्यु पंजीकरण में हो रहे विलंब को जल्द से जल्द दूर करने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी, डीपीआरओ, एवं समस्त नगर निकायों

- गृह भ्रमण के दौरान जन्म-मृत्यु की सूचनाएं एकत्रित करेंगी आशा
- प्रमाण पत्र बनवाने में आशा करेंगी सहयोग

के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि जन्म के साथ-साथ मृत्यु का ससमय पंजीकरण आवश्यक है। सभी संबंधित विभाग जन्म-मृत्यु पंजीकरण कार्य को गंभीरता पूर्वक निष्पादित करना सुनिश्चित करें। इसमें स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज विभाग एवं नगर निकाय विभाग शत प्रतिशत पंजीकरण कर सीआरएस पोर्टल पर अपलोड कराएं। इसकी जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. राजेश झा ने बताया कि जन्म-मृत्यु के पंजीकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण अनिवार्य है। अभियान में आशा कार्यकर्ता गृह भ्रमण के दौरान जन्म, मृत्यु की सूचनाएं एकत्रित कर जिनका जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं है उनका पंजीकरण कराकर उनका प्रणाम पत्र बनवाने में सहयोग करेंगी। परिवार में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर परिजन 21 दिन के अंदर-अंदर मृत्यु प्रमाण पत्र के फार्म भरकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकताओं को दें या सीधे तौर पर प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों में जाकर दें। मृत्यु का प्रमाण पत्र परिवार के सदस्यों को पैतृक संपत्ति आदि के बंटवारे व अन्य कानूनी प्रक्रिया के दौरान जरूरी होता है। इसी प्रकार जन्म का पंजीकरण के दौरान भी यही प्रक्रिया अपनाई जाती है। उन्होंने बताया कि जन्म-मृत्यु पंजीकरण के फार्म आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के पास उपलब्ध है। यह फार्म 21 दिन की अवधि में पूर्ण रूप से भर कर आंगनबाड़ी कार्यकताओं, सरपंचों व बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकताओं को देना होता है या फिर सीधे तौर से ही यह फार्म भरकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी जमा करवाए जा सकते हैं सीएमओ ने बताया कि जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत स्थानीय रजिस्ट्रार के कार्यालय में परिवार में किसी के जन्म और मृत्यु को पंजीकृत करवाना अनिवार्य है। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एक अति आवश्यक एवं बहुउद्देशीय दस्तावेज है जो जीवन में समय-समय पर अनेक उद्देश्यों की पूर्ति करता है। उन्होंने बताया कि अब जन्म-मृत्यु पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र हासिल करने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। जन्म-मृत्यु का पंजीकरण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और नगरपालिका कार्यालयों में किया जा रहा है। इस दिशा में ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य कार्यकताओं का सहयोग लिया जा रहा है। जन्म-मृत्यु पंजीकरण की निर्धारित 21 दिनों की समय अवधि के बाद 30 दिनों तक पंजीकरण रजिस्ट्रार की अनुमति से करवाया जाता है।30 दिनों से अधिक समय से विलंबित घटना का पंजीकरण करने के लिए प्रार्थी को प्रार्थना पत्र सीधे रजिस्ट्रार को पूर्ण रूप से भरा हुआ सूचना फार्म, शपथ पत्र, विलंब शुल्क की रसीद, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, प्रार्थी के निवास से संबंधित प्रमाण, जन्म-मृत्यु घटना की तारीख संबंधी प्रमाण व रजिस्ट्रार की जांच रिपोर्ट आदि दस्तावेजों सहित देना होगा जिसे जिला रजिस्ट्रार की अनुमति के लिए भेजा जाता है। यदि जन्म या मृत्यु सरकारी अस्पताल में हुई हो तो वही पर पंजीकरण होगा। यदि गैर सरकारी पंजीकृत अस्पताल में हुई हो तो नगर के नगर परिषद में पंजीकरण मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह कागजात बहुत ही आवश्यक कागजात है।विदेशों में जाने के लिए पासपोर्ट बनवाने के लिए जन्म प्रमाण-पत्र का होना अति आवश्यक है।ऐसे में ग्रामीण इस मामले में पूरी गंभीरता के साथ निश्चित अवधि के दौरान ही यह फार्म जमा करवाएं ताकि उन्हें यह प्रमाण पत्र बनवाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# बैरौना में तैनात चिकित्सक के समय से न आने से निराश लौट रहे मरीज

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया**। भीषण गर्मी ,लू के चलते जहां शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक मरीजों की संख्या लगातार वृद्धि के बावजूद जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में स्थित अस्पतालों ,राजकीय आयुर्वेदिक औषधालयों में तैनात चिकित्सकों के समय से न उपस्थित होने से घण्टों इंतजार के बाद लोंगों को निराश लौटना पड़ा रहा है ।को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

बैरौना स्थित राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय में आये दिन चिकित्सकों और पूरे स्टाफ का समय सीमा में अस्पताल नही पहुंचना मरीजों पर भारी पड़ रहा है ।शुक्रवार की सुबह 9.30 बजे तक अस्पताल का ताला लटका रहा।

जबकि चिकित्सकों के अस्पताल पर सुबह आठ बजे से दो बजे तक की ओपीडी है ।अस्पताल पर पहुंचे मरीज बैरौना निवासी रामप्रवेश विश्वकर्मा ,रियाजुद्दीन अंसारी,रामकिशोर भगत,सीताराम ने बताया कि कभी भी अस्पताल आठ बजे नहीं खुला है ।चिकित्सक के समय से न आने से आए मरीज हर रोज निराश होकर लौटते है ।चिकित्सक से कई बार मरीजों की नोक झोंक भी होती

- अभी तक नए भवन में शिफ्ट नहीं हो सका है अस्पताल

रही है ।इसी की देन रही है कि आज इस अस्पताल की यह दशा है यहा कोई मरीज नहीं आता है ।अस्पताल की स्थिति देखने के बाद मिला कि आयुर्वेद की महंगी एवम दुर्लभ दवाएं बेतरकीब तरीके से रखी हुई मिली।

बिना स्टैंड के रखी दवाओं को जल्द खराब होने की संभावना भी है। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय का स्वयं का भवन करीब तीस लाख की लागत से कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल द्वारा डेढ़ साल से बनकर तैयार भी है लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते अब तक अपने स्वयं के मकान में नही शिफ्ट हो सका है ।ग्राम पंचायत के अतिरिक्त भवन में अस्पताल चल रहा है ।नए भवन में अस्पताल शिफ्ट होने की बात विभाग तीन माह लोकसभा का चुनाव का बहाना लेकर टाल मटोल करता रहा ।अब भी ग्रामीण यही कह रहे है कि देखिए आगे होता है क्या ?राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ अमृता चौधरी से बात करने पर बताया कि गाड़ी की भिड़ंत हो गई जिससे अस्पताल पहुंचने में विलम्ब हुआ ।जबकि अस्पताल पर पहुंचे वार्ड ब्वॉय अनुभव चौधरी ने बताया कि मैडम के बच्ची की तबीयत खराब है ।असलियत क्या है जांच पर ही पता चलेगा ।इस संबंध में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवम यूनानी अधिकारी डॉक्टर विशाल चौधरी ने बतस्य की अभी मैं बाहर हुन लौटते ही जांच कराकर कार्यवाई की जाएगी और जहां तक नए भवन की बात है तो उसको एक सप्ताह के अंदर नए भवन में शिफ्ट कराने का प्रयास करूंगा ।

## सीसीटीएनएस कार्यालय का उद्घाटन

**बरेली**। जनपद की मीरगंज कोतवाली में नवनिर्मित सीसीटीएनएस कार्यालय का उद्घाटन एवं शिव मंदिर का जीर्णोद्धार पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मानुष पारीक के कर कमलों के द्वारा किया गया। इससे पूर्व कोतवाली परिसर में बने प्राचीन शिव मंदिर परिसर में अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन भी संपन्न हुआ। जिसके बाद पूजा अर्चना के साथ ही आरती की गई। आमंत्रित किए गये गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिधियों एवं व्यापार मण्डल के लोगों समेत तमाम लोगों को भोजन ग्रहण कराते हुए प्रसाद वितरण किया गया। कोतवाली मीरगंज परिसर में क्राइम एण्ड क्रिमिनल ट्रेकिंग नेटवर्क एण्ड सिस्टम कार्यालय के उद्घाटन के दौरान पुलिस अधीक्षक मानुष पारीक के अलावा क्षेत्राधिकारी दीपशिखा अहिबरन सिंह व तहसीलदार मीरगंज आशीष कुमार नायब तहसीलदार नम्रता शर्मा मीरगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह, फतेहगंज पश्चिमी थान्अवधेंह आदि तमाम पुलिस बल के महिला पुरुष मौजूद रहे।

# द्वितीय शनिवारीय कवि गोष्ठी का शुभारंभ

देवरिया । कवि रामेश्वर तिवारी के वाणी वन्दना के साथ शुरू हुआ। इस दौरान दो काव्य कृतियों ₹उतरा हुआ चेहरा₹ रचनाकार डॉ वेदप्रकाश तिवारी एवं ₹अंजुलि भर एहसास₹ रचनाकार कवि निगम अवधेश 'राजू, का विमोचन सभाध्यक्ष आचार्य परमेश्वर जोशी, अंचल भारती के संपादक जयनाथ मणि त्रिपाठी, मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी, श्री जे पी श्रीवास्तव द्वारा किया गया ।इसी क्रम में निगम अवधेश कुमार 'राजू' ने कहा कि हर व्यक्ति के अन्दर कविता होती है।व्यक्ति अपने आस पास जो देखता है उससे प्रभावित होकर रचनाकर्म करता है।मैंने भरसक छोटे और सरल शब्दों का प्रयोग करने की कोशिश की है।उन्होंने अपनी रचना भी सुनाई।डॉ वेदप्रकाश तिवारी जी ने कहा कि कवि बनने के लिए संवेदनशील होना और चितक होना जरुरी है ।अगर व्यक्ति संवेदनशील नहीं है तो कवि नहीं है। आज कविता फैशन हो गया है।इसी सब कारणों ने मुझे काव्य रचना करने को प्रेरित किया। आगे कवि गोष्ठी में उपस्थित कवियों ने एक से बढ़कर एक रचनाएं सुनाकर लोगों को भावविभोर, उद्वेलित और ज्ञानवर्धक किया। वाराणसी से आये कवि मनीष पाण्डेय ने ₹डरता है काहे को वन्दे जमाना बदलेगा₹ सुनाकर वाहवाही बटोरी। आगे जय प्रकाश नायक ने ₹मेरे गीतों में कोई अब राजकुमार नहीं होता, कोई परी नहीं होती है और श्रृंगार नहीं होता₹ सुनाकर वर्तमान समय के विसंगतियों पर प्रकाश डाला।कवि गोष्ठी में कौशल किशोर मणि, दयाशंकर कुशवाहा, पार्वती देवी, क्षमा श्रीवास्तव, वीरेंद्र तिवारी मधुर, शशि बिन्दु नारायण मिश्र, विनोद पाण्डेय, योगेन्द्र पाण्डेय, सौदागर सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, अंजलि उपाध्यक्ष, फिगार देवरियावी, छेदप्रसाद गुप्त विवश, इन्द्र कुमार दीक्षित आदि कवियों ने अपनी रचनाओं को सुनाया। काव्य कृति ₹उतरा हुआ चेहरा₹ और ₹अंजुलि भर एहसास₹ की समीक्षा करते हुए डॉ दिवाकर प्रसाद तिवारी ने कहा कि मनुष्य को कवि ही बचा सकता है लेकिन यह तभी संभव है जब कवि आर्टिफिशियल संवेदना का अतिक्रमण करें।आज जिन दो कवियों की पुस्तकों का लोकार्पण हुआ है वे देश के अग्रिम कवि की पंक्ति में खड़े होने योग्य है। निगम जी की कविता खट्टे मीठे अनुभव से जुड़ी हैं और सरल तथा सहज है।इसके बाद उद्धव मिश्र एवं डा. अचल पुलस्तेय ने लोकार्पित रचनाओं के बारे में अपना मंतव्य रखा।सभा के मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने उपस्थित कवियों और श्रोताओं का स्वागत करते हुए कहा कि आप सब मेरे अपने हैं।मैं भी आप सब के बीच का ही हूं। में हमेशा आपका स्वागत करता रहूंगा। अंत में सभा के अध्यक्ष आचार्य परमेश्वर जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि लोकार्पित रचनाओं से मैं अभिभूत हूं आप लोगों का साथ मुझे बल दे रहा है। आप सब को बार बार बधाई। गोष्ठी का संचालन प्रियम्बदा पाण्डेय ने किया ।इस अवसर पर रवीन्द्र नाथ तिवारी, डॉ सौरभ श्रीवास्तव, आर अंचल पुलस्तेय, ब्रजेश पाण्डेय, जगदीश उपाध्याय, सुभाष राय, वीरेंद्र शुक्ल, शैलेष चन्द्र नारायण तिवारी, जगदीश उपाध्याय आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## कुत्ते के हमले में बुजुर्ग का प्राइवेट पार्ट जख्मी

**बहेड़ी-बरेली**। आवारा कुत्ते ने एक बुजुर्ग के प्राइवेट पार्ट को नोंच लिया। जिससे उनकी हालत गम्भीर बनी हुई है।उनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां डॉक्टर ने उनका ऑपरेशन किया है।मोहल्ला तलपुरा निवासी 67 वर्षीय शफी अहमद पुत्र मो0 इब्राहीम साथी के साथ मोहल्ला टांडा अब्दुल्लाह चौक से गुजर रहे थे। चौक में रह रही आदमखोर कुतिया ने उन पर हमला बोल दिया।उनके साथी ने एक मकान में छिपकर जान बचाई लेकिन आदमखोर कुतिया शफी पर बुरी तरह हमलावर हो गई। खूंखार कुतिया ने शफी अहमद को जमीन पर गिराकर उनका प्राइवेट पार्ट नोंच लिया जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गए। किसी तरह राहगीरों की मदद से परिजन उन्हें सीएचसी ले गए।

प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गम्भीर अवस्था देखते हुए शफी अहमद को जिला अस्पताल बरेली के लिए रेफर कर दिया। जहां शफी अहमद की दशा चिंताजनक बनी हुई है।

# मैत्री फुटबाल प्रतियोगिता में देवरिया ने जीती ट्रॉफी



जिला संवाददाता(vol)

**कसया, कुशीनगर**। पावानगर महावीर इंटर कालेज फाजिलनगर के खेल ग्राउंड पर एमपीआईसी महिला फुटबाल टीम देवरिया तथा व्यापारी एकादश टीम के बीच खेले गए मैत्री फुटबाल प्रतियोगिता में देवरिया की टीम ने एक गोल से विजय हासिल किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने विजयी टीम को ट्राफी प्रदान किया ।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत के तत्वावधान में रविवार को कस्बे के पावानगर महावीर इण्टर कालेज के खेल ग्राउंड में खेले गए इस मैत्री फुटबाल प्रतियोगिता के पहले हाफ में किसी टीम द्वारा कोई गोल नहीं किया जा सका। जबकि पहले हाफ के खेल में देवरिया की टीम अपनी दबदबा बनाए हुए थी लेकिन इसको गोल में परिवर्तित नहीं कर सकी। दूसरे हाफ के दसवें मिनट में ही देवरिया की खिलाड़ी मुस्कान ने पहली गोल मार कर अपने टीम को एक शून्य से बढ़त दिला दिया। जो खेल के अन्त तक बरकार रहा। खेल का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन शाही ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मैच के रेफरी गामा यादव रहे। कमेंट्री गुड्डू पाण्डेय तथा मोहम्मद आलम ने किया। विजेता टीम के कप्तान आयशा खातून को ट्राफी व खिलाड़ियों के लिए प्रेक्टिस कीट प्रदान किया गया। इस दौरान सभासदगण जेपी सिंह, कमलेश वर्मा, सतेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, गुड्डू चौहान, शमसाद आलम, दिनेश सिंह, कासिम अली आदि मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण में धांधली, विभागीय उपेक्षा का आरोप

**कसया, कुशीनगर**। कसया के बैरिया चौराहा से रामबर चरगहां नहर की पटरी पर पिच सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। पांच किमी. लंबे व 04 करोड़ 92 लाख की लागत वाले मार्ग के निर्माण में विभागीय उपेक्षा खुलकर सामने आ रही है। मानक के विपरीत निर्माण और मनमाने कार्य को

- चार करोड़ 92 लाख की लागत से बन रहा पांच किमी .लंबा मार्ग,
- बैरिया-रामबर चरगहां मार्ग के निर्माण से लाभांवित होंगे आधा दर्जन गांव

लेकर विभाग भी चुप्पी साधे हुए है। बताते चले कि विभागीय मुख्यालय से मात्र एक किमी. की दूरी पर यह मार्ग है। कसया-रामकोला मार्ग के समानांतर नहर की पटरी पर बन रहे पिच मार्ग के निर्माण में अनेक अनियमितता बरती जा रही है। वर्षों से यह नहर की पटरी झाड़-झंखाड़ से पटी थी। मार्ग निर्माण की स्वीकृति और धन अवमुक्त होने के बाद बीच में तो सफाई कराया गया है



लेकिन दोनों किनारों पर बड़े-बड़े खरपतवार और मिट्टी का ढेर विभागीय उपेक्षा की कहानी कह रहा है। रोलिंग के लिए गिट्टी डालने से पूर्व मिट्टी की सफाई की भी जरूरत नहीं महसूस की जा रही। सड़क के दोनों किनारों पर जिस तरह मिट्टी का ढेर लगा है वह बरसात के दिनों में मार्ग पर फैल कर एक अलग दुश्वारी पैदा करेगा। मिट्टी के साथ बिछ रही गिट्टी से बनी सड़क कितने दिन टिकेगी कहा नहीं जा सकता। मार्ग से लाभांवित होने वाले बैरिया, कनखोरिया, बेलवा रामजस, सेमरी, रामबर चरगहां एवं अहिरौली राजा व राय के राजनाथ, अजय, त्रिभुवन, संतोष, पारस, मनोज आदि ने मार्ग निर्माण में धांधली करने एवं विभागीय उपेक्षा का आरोप लगाया है। कार्यदायी संस्था लोनिवि के सहायक अभियंता मुकेश वर्मा ने कहा कि निर्माण में मानकों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। कहीं कोई धांधली नहीं होने दी जाएगी। मैं स्वयं मार्ग निर्माण की जांच कर कमियों को दूर कराऊंगा।

# वाहिद अली, डॉ. अनिल सिन्हा, डॉ हरीओम सहित छः बने स्वच्छता का ब्रांड अम्बेसडर



**कुशीनगर**। नगर पालिका परिषद कुशीनगर द्वारा नगर की स्वयं सेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों सहित 6 लोगों को नगर निकाय में स्वच्छता का ब्रांड अम्बेसडर नामित किया है ।नगर पालिका कुशीनगर के अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा 2 मई को जारी पत्र के अनुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर क्षेत्र में जन मानस को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने को लेकर रोटरी क्लब अध्यक्ष वाहिद अली, नई दिशा सचिव डॉ हरीओम मिश्रा, संस्कार भारती के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिन्हा, व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय मिश्रा, राम आधार यादव, वीरेंद्र तिवारी को निकाय का ब्रांड एम्बेसडर नामित किया है। नगर द्वारा ब्रांड अम्बेसडर नामित संस्था पदाधिकारी गण और अन्य नागरिकों को नपाप अध्यक्ष श्रीमती किरन जायसवाल, नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल, स्वच्छता प्रभारी श्रवण तिवारी, रोटरी सचिव अजय सिंह, दुर्गेश चतुर्वेदी, अशोक जैन, अरविंद सिंह, अमरेंद्र सिंह सहित नगर वासियों ने अपनी शुभकामनाएं दी है।

## प्राथमिक विद्यालय से नल चोरी

**कसया, कुशीनगर**। प्राथमिक विद्यालय नरकटिया बुजुर्ग से नल चोरी हो गया ।मिली जानकारी के मुताबिक कसया थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नरकटिया बुजुर्ग के प्रांगण से अज्ञात चोरों द्वारा हैंडपंप चुरा लिया गया है। शनिवार को चोरी की लिखित सूचना विद्यालय के प्रधानाध्यापिका नसरीन अख्तर द्वारा स्थानीय पुलिस व 112 को दी गयी।

## महिला ने तीन बच्चो को जन्म दिया, जच्चा-बच्चा स्वस्थ

देवरिया । भलुअनी थाना क्षेत्र के गड़ेर निवासी कृष्ण मुरारी यादव ने पत्नी ममता देवी को प्रसव पीड़ा हुई ।परिजन आनन फानन में जिला चिकित्सालय ले गए जहा जांच के दौरान परिजनों को पता चला कि ममता के गर्भ में तीन बच्चे पल रहे है।

तीन बच्चो की खबर सुनकर परिजनों के हाथ पाव फूलने लगे ।जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया ।चूंकि ममता देवी के परिजन आर्थिक रूप से कमजोर है ।शहर के आई टी आई के निकट एक प्रसिद्ध चिकित्सक ए के राय ने मानवता के आधार पर ऑपरेशन किया गया जो तीनों बच्चे स्वस्थ है। डॉ ए के राय ने बताया कि बड़ी मशक्कत के बाद जच्चे और बच्चे को बचाया जा सका है जो तीनों बच्चे एन आई सी यू में भर्ती थे जिसमे दो स्वस्थ होकर मां के संरक्षण में भेज दिए गए है ।एक को अभी एन आईसीयू में रखा गया है ।जहा सभी स्वस्थ है ।इसको लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

## चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**आंवला-बरेली**। आंवला थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी पीड़िता ने न्यायालय में दिए शिकायती पत्र में बताया कि मैं अपने मायके में थी तभी 19 अप्रैल 2024 को मायके में घर में अपनी पुत्री के साथ सो रही थी। तभी विपक्षीगण मेरी छत पर चढ़कर घर में घुस आए और सीने पर तमंचा रख दिया और गर्दन पर चाकू लगा लिया और मेरी पुत्री को एक कमरे में बंद कर दिया और कहा शोर मचाया तो तेरी मां को जान से मार देंगे। इसके बाद उक्त सभी लोगों ने कपड़े फाड़ दिए और बारी-बारी से मेरे साथ दुराचार किया और पुलिस से शिकायत करने पर धमकी दी।

किसी तरह अपनी पुत्री के साथ अपने ससुराल पहुंची और अपने पति को घटना की जानकारी दी। तभी मेरे पति और मैं थाने में तहरीर देने गए परंतु रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। उच्च अधिकारियों से भी शिकायत की परंतु कोई कार्यवाही नहीं की गई। तब परेशान होकर न्यायालय की शरण ली। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर ओम शंकर, मोरपाल, ठाकुरदास और सालिकराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दुर्व्यवहार से नाराज लेखपाल हुए लामबंद, काली पट्टी बांधकर किया विरोध

## लेखपाल संघ ने प्रदर्शन कर की कार्रवाई की मांग, आरोपियों पर सरकारी काम में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज




जिला संवाददाता(vol)

कसया, कुशीनगर। उच्चधिकारियो के आदेश के क्रम में रामकोला थाना अंतर्गत कसया तहसील क्षेत्र के बड़हरा लक्ष्मीपुर में अवैध अतिक्रमण हटाने की शिकायती पत्र पर उक्त भूमि की पैमाइश करने गुरुवार को पहुंचे तहसील में तैनात लेखपाल गौरव सिंह के साथ वहां के कुछ दबंग लोगों द्वारा दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें धमकाने लगे व सरकारी कार्य मे बाधा पहुंचाया, ऐसी चर्चा है कि यहां तक की हाथापाई भी की गई। लेखपाल गौरव सिंह ने घटना की जानकारी अपने उच्चाधिकारियों को दिया।

जानकारी के मुताबिक, पीड़ित लेखपाल द्वारा अतिक्रमण रोकने के क्रम में उपस्थित लोगों को शांति का परिचय देने को कहा। लेखपाल के मुताबिक गाँव के उदण्ड लोगों ने लेखपाल की एक नहीं सुनी और उनकी जरीब छीन ली और जान माल की धमकी देने लगे। किसी तरह वहां से अपनी जान बचाकर भागे लेखपाल गौरव सिंह ने घटना की जानकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया सहित रेवेन्यू विभाग के अधिकारियों को दिया गया। लेखपाल गौरव सिंह अपने साथ हुए घटना की कार्यवाही हेतु थाना रामकोला पहुंचे, पीड़ित लेखपाल द्वारा जो तहरीर थानाध्यक्ष रामकोला को प्रस्तुत किया गया तो थानाध्यक्ष रामकोला विनय कुमार सिंह ने कुछ नाम निकालने की बात की जिसपर लेखपाल गौरव सिंह ने कहा की सभी नामजद आरोपी है। उन्हीं का नाम तहरीर मे लिखा गया है। थानाध्यक्ष रामकोला ने एक नाम निकालने की बात कही,जब लेखपाल गौरव सिंह ने कहा की तहरीर में वही नाम लिखा गया है जो घटना में शामिल है, उन्ही का नाम तहरीर मे है। लेखपाल गौरव सिंह का आरोप है कि थानाध्यक्ष रामकोला विनय कुमार सिंह ने गौरव सिंह को थाने पर धमकाया, जिससे लेखपाल गौरव सिंह सहित लेखपाल संघ आहत है। कसया शनिवार को तहसील के समस्त लेखपाल संघ काली पट्टी बाँध सांकेतिक विरोध जताते हुए थाना दिवस पर पहुंचे। दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग किया साथ ही एक राजस्व अधिकारी के साथ रामकोला थाने पर हुए दुर्व्यवार पर एसएचओ रामकोला विनय सिंह के खिलाफ कार्यवाही की मांग किए। हालांकि पुलिस ने लेखपाल गौरव सिंह के तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध सरकारी काम में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर जाँच मे जुटी हुई है। इस अवसर पर कसया थाना पर लेखपाल नीलेश रंजन राव (जिलाध्यक्ष लेखपाल संघ (डाङ्ग सुनील कुशवाहा (मंत्री लेखपाल संघ), बृजेश मणि त्रिपाठी, विश्वदीपक सिंह, विनोद सिंह, राजन मिश्रा, श्रीनिवास सिंह,अजय दूबे, अकरम अली, शैलेश दूबे, अंगध्वज, अशोक कनौजिया और समाधान दिवस पर कोतवाली पड़रौना मे , संतोष गुप्ता, संदीप सिंह, धनंजय पाण्डेय, राजकुमार सिंह, शिवांगी मिश्रा, कोमल प्रजापति, नीतू सिंह सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

## पति के साथ परीक्षा देने जा रही छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप

**ललितपुर**। ककरूआ स्थित महाविद्यालय में परीक्षा देने जा रही छात्रा को शोहदों ने छेडखानी करते हुये रोकने का प्रयास किया। अपनी पति के साथ बाइक पर बैठकर जा रही छात्रा को शोहदों ने टक्कर मारकर गिरा दिया, जिससे वह घायल हो गयी। महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। शहर क्षेत्र के मोहल्ला जुगपुरा में रहने वाली खुशबू ककरूआ स्थित महाविद्यालय में अपराह्न पाली में संपन्न होने वाली परीक्षा देने के लिए अपने पति गब्बर सिंह राजपूत के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर जा रही थी।

खुशबू ने बताया कि वह जैसे ही कॉलेज के पास बनी सड़क तक पहुंची ही थी कि वहां पहले से घात लगाये बैठे महरौनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जरया निवासी राघवेन्द्र सिंह नाम के युवक ने अपने साथियों के साथ पीछा करना शुरू कर दिया। बताया कि उक्त लोगों ने अभद्रता टिप्पणी करते हुये छेड़छाड़ शुरू कर दी।

संक्षेप

## डीसीएम की टक्कर से युवक की मौत, दूसरा घायल

**बांदा।** अतर्रा थाना क्षेत्र के महोतरा गांव से फुफेरे भाई के साथ घर लौट रहे युवक को डीसीएम ने टक्कर मार दी जिससे दोनों युवक घायल हो गये। घायलों को राहगीरों ने सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के दौरान नाजुक हालत को देखकर डॉक्टर ने दोनों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में घायल बबलू की मृत्यु हो गयी। चालक डीसीएम छोड़कर मौके से फरार हो गया। थानाक्षेत्र के ग्राम नंदना निवासी बबलू पुत्र रामबहोरी 20 ग्राम महोतरा निवासी फूफा रामफल के घर सुबह आया था। देर शाम फुफेरे भाई आकाश 18 के साथ खरीदारी कर साइकिल से घर लौट रहा था। तभी नेशनल हाइवे स्थित पेट्रोल पंप के पास बांदा की तरफ धान लेकर जा रहे डीसीएम ने साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल जाने के दौरान रास्ते मे बबलू की मृत्यु हो गई। बबलू दो भाइयों में छोटा था। घटना से मां रजुलिया व परिजन बेहाल है।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**बांदा।** झांसी-मानिकपुर रेल लाइन में बदौसा एवं अतर्रा रेलवे स्टेशन के बीच शनिवार की सुबह बदौसा थाना क्षेत्र के ग्राम तुर्रा के बंगलन पुरवा निवासी राजाराम पुत्र तिजोला वर्मा 60 की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। रेलवे कर्मचारी की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने पहुंचकर पंचनामा की कार्यवाही की। एस एस आई वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कमर से कटे शव की शिनाख्त के उपरांत कागजी कार्यवाही की। मृतक राजाराम के पुत्र बाबूराम ने बताया कि पिता लगभग पंद्रह दिनों पहले बहन के यहां चित्रकूट गए थे। सुबह मानिकपुर-झांसी पैसेंजर ट्रेन से बदौसा स्टेशन में उतरकर रेलवे ट्रेक के किनारे पैदल घर जाने के दौरान ट्रेक से गुजरी किसी ट्राई की चपेट में आ जाने से वह दुर्घटना का शिकार हो गए और अपनी जान गवां बैठे। उसने यह भी बताया की वृद्ध पिता को सुनाई भी कम पड़ता था। इसी वजह से शायद घटना हुई।

## गांव लौट रहे युवक से मारपीट

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम कठवर के रमपुरा निवासी अशोक कुमार जैन पुत्र लख्मीचंद्र जैन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 5 जून की रात करीब 8 बजे जब वह बार से अपने गांव कठवर जा रहा था कि तभी भैलोनी सूबा में स्थित राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय के पास सड़क किनारे अपनी मोटर साइकिल खड़ी किये था।

इसी दौरान अचानक से भैलोनी सूबा के प्रताप पुत्र दिस्से लोधी, सत्येन्द्र एवं ज्ञानेन्द्र पुत्रगण रमेश लोधी आये और बिना कारण गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लातघूसों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## युवक से मारपीट

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला आजादपुरा तुवन मंदिर के पास रहने वाले बालाराम तिवारी पुत्र अरविन्द तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती रात करीब 9.10 बजे वह अपने दोस्तों के साथ वैष्णो भोजनालय से घर वापस आ रहा था। इसी बीच कार्तिक बाल्मीकि, प्रिंस बाल्मीकि, खित्ता एवं एक अन्य व्यक्ति ने उसे रास्ते में रोक लिया और बिना कारण गालियां देते हुये मारपीट कर दी।

# समाधान दिवस में मिलीं 10 शिकायतें, 4 का निस्तारण

जिला संवाददाता(vol)



**बांदा।** थाना बबेरू में आयोजित समाधान दिवस में 10 मामले आए इनमे 4 शिकायतों की एनसीआर दर्ज कर मौके पर निस्तारण किया गया। 5 राजस्व से संबंधित शिकायतों पर जांच टीम रवाना की गयी। कस्बे के जमुनिया पुरवा निवासिनी भावना देवी पति रंजीत के साथ जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की चौखट में पहुंची और उन्होंने बताया कि परिवार में विवाद के चलते पति का इलाज नहीं करा रहे है। जिलाधिकारी ने तत्काल पुलिस की गाड़ी में पीड़ित को इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया और कर्मचारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ताओं की शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। एसडीएम नमन मेहता, सीओ राजवीर सिंह, नायब तहसीलदार, राजकुमार सिंह, तुषार श्रीवास्तव, राजेंद्र द्विवेदी व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कोतवाली नगर में अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने मिलीं 7 शिकायतों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होने पुलिस संबंधी शिकायतों को सुना और पुलिस निरीक्षक कोतवाली नगर अनूप कुमार दुबे एवं राजस्व शिकायतों को राजस्व निरीक्षक को सौंपकर निर्देश दिए कि फरियादियों की शिकायतों को न्यायिक तरीके से निस्तारित किया जाए। थाना कोतवाली देहात में सीओ सिटी राजीव प्रताप सिंह व थानाध्यक्ष सुखराम ने शिकायतें सुनीं। महोखर गांव से मिली एक शिकायत का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

अतर्रा थाना में सीओ गवेन्द्र पाल गौतम की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ। तहसीलदार व क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और निस्तारण के निर्देश दिए। पिता ने पुत्रों पर आरोप लगाया कि उन्होंने उसकी मृत्यु होने का भ्रामक कार्ड छपवाकर बेघर करने की साजिश का प्रार्थना पत्र दिया। नरैनी रोड निवासी रमेश कुमार ने बताया कि नगर पालिका के पहले उसका पुराना मकान है और नगर पालिका अभिलेखों में उसके नाम दर्ज है। वह मकान में निर्माण करवा रहा है, लेकिन उसके पुत्र जितेन्द्र व महेंद्र मकान में अंदर जाने का रास्ता नही दे रहे। मकान में बाहर बनी दो दुकानों को पुत्रों ने उसकी मर्जी के बगैर किराये पर दे रखा है। जिस कारण वह मकान का निर्माण नही करवा पा रहा। थाना प्रभारी ने मामला कस्बा इंचार्ज को जांच कर निस्तारित करने के निर्देश दिये। समाधान दिवस में सात शिकायतें मिलीं। जिनमे राजस्व के चार व पुलिस विभाग की तीन शिकायतें आयीं। लेकिन मौके पर किसी का निस्तारण नही हो सका। थाना समाधान दिवस मे तहसीलदार रामचंद्र, थाना प्रभारी पंकज सिंह व कस्बा इंचार्ज के डी त्रिपाठी तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

महोबा। थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा थाना कोतवाली नगर महोबा पहुंचकर जनसुनवाई की गयी, इस दौरान फरियादियों से उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया। जिसके क्रम में उनकी समस्याओं के समाधान हेतु वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित करते हुये मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुयी सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े। इसी क्रम में जनपदीय पुलिस व प्रशासन के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने सर्किल/थाना पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## समाधान दिवस में एसडीएम ने की पत्रकार से अभद्रता

**ललितपुर।** तहसील मड़ावरा में थाना समाधान दिवस की कवरेज करने गये पत्रकार से तहसील के उप जिलाधिकारी ने अभद्रता कर दी। पीड़ित पत्रकार का आरोप है कि जब वह कवरेज कर रहा था तो एसडीएम का उसे देखकर पारा चढ़ गया और उन्होंने उसके साथ अभद्रता कर डाली। पीडित पत्रकार ने देश के महामहिम राष्ट्रपति समेत प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी को सम्बोधित एक ज्ञापन भेजकर एसडीएम पर कार्यवाही की मांग उठाई है। तहसील मड़ावरा के पत्रकार राकेश वैध जो कि एक समाचार चैनल के प्रतिनिधि हैं, उन्होंने बताया कि मड़ावरा थाने में समाधान दिवस के अवसर पर फरियादी फरियाद लेकर आ रहे थे। मड़ावरा एसडीएम फरियादियों की फरियाद सुन रहे थे, उत्तर प्रदेश शासन जनता के हित में व्यवस्थाओं को दिखाने के लिए पत्रकार जब थाना परिसर में कवरेज कर फोटो खींच रहा था तभी एसडीएम मड़ावरा अभद्रता करने लगे। पूर्व में एसडीएम का एक फोनकॉल ऑडियो भी वायरल हो चुका है, जिसमें वह एक पत्रकार को गालियां देते हुये सुनाई दे रहे थे।

# सपा समर्थकों ने भाजपा कार्यकर्ता पर किया जानलेवा हमला

**महोबा।** जनपद के थाना पनवाड़ी क्षेत्र के ग्राम कुनहटा निवासी सूरज सिंह पुत्र रामेश्वर लोधी ने थाना पनवाड़ी प्रभारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसका भाई मइयादीन राजपूत भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केन्द्र संयोजक हैं और वह भाजपा के लिए प्रचार प्रसार करते हैं। चुनाव के दौरान मेरे भाई ने भाजपा प्रत्याशी के लिए प्रचार प्रसार किया तो सपा के समर्थक बुरी तरीके से तिलमिला गए और चुनाव हो जाने के बाद उसे बुरी तरीके से मारपीट कर घायल कर दिया, घायल

● चुनावी रंजिश

को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। गौरतलब हो कि महोबा पनवाड़ी विकासखंड के ग्राम कुनाटा के निवासी सूरज सिंह पुत्र रामेश्वर लोधी ने एक शिकायती पत्र थाना प्रभारी पनवाड़ी दिया है जिसमें पीड़ित के भाई ने आरोप लगाते हुए बताया है कि भाई मइयादीन राजपूत भारतीय जनता पार्टी का शक्ति केन्द्र संयोजक है। दिनांक 7 जून 2024 को समय लगभग 9:30 बजे रात मइयादीन राजपूत महुआ से अपने गांव कुनहटा जा रहा था तभी ढाबे के पास बैठे समाजवादी पार्टी के कुछ दबंग मइयादीन राजपूत को रोककर भाजपा का प्रचार करने के लिए गाली गलोंच करने लगे। पीड़ित के भाई मइयादीन ने



विरोध किया तो सपा के भूपेन्द्र, हल्कुट्टा व विकास राजपूत व लगभग पन्द्रह लोगों ने एक साथ मिलकर लाठी डंडा व धारदार हथियार के साथ मारपीट शुरू कर दी, और जिसमें उसका भाई बुरी तरीके से घायल हो गया। भाई को लहुलूहान कर सपा के गुंडे जान से करने की धमकी देते हुए भाग गए। घायल भाई को पनवाड़ी स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया जहां पर उनकी हालत नाजुक होने पर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपी विकास राजपूत, हलकुट्टा, भूपेंद्र यादव और अन्य अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में हमीरपुर महोबा संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के अजेंद्र सिंह लोधी ने भारतीय जनता पार्टी के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को मामूली अंतर से पराजित किया था।

# एसपी ने सोलह उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की अधिसूचना समाप्त होते ही पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने जिले में थाना व चौकी स्तर पर सुस्त पड़ी कानून व सुरक्षा व्यवस्था को फिर से दुरुस्त करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। इसके तहत बीती आधी रात के बाद पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने एक दर्जन से अधिक उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है।

पुलिस विभाग के सोशल मीडिया सेल से जारी सूची के अनुसार पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने उप निरीक्षक ओमबाबू तिवारी को प्रभारी जन शिकायत प्रकोष्ठ पुलिस कार्यालय से चैकी प्रभारी राजघाट बनाया है।

इसी प्रकार उप निरीक्षक अंकित कौशिक को चैकी प्रभारी खितवांस से चौकी प्रभारी नेहरू नगर, उप निरीक्षक प्रवीन कुमार को चौकी प्रभारी कचनौंदा थाना बानपुर से चौकी प्रभारी नई बस्ती, उप निरीक्षक विवेक को सोशल मीडिया सेल से चौकी प्रभारी डोंगराकलां थाना नाराहट, उप निरीक्षक कुलदीप राणा को प्रभारी सर्विलांस सेल से चौकी प्रभारी बांसी थाना जखौरा, उप निरीक्षक मनीष कुमार को चौकी प्रभारी बांसी से थाना जखौरा, उप निरीक्षक प्रशान्त राणा को थाना महरौनी से चौकी प्रभारी मसौराकलां, उप निरीक्षक संजीव धामा को चौकी प्रभारी मसौराकलां से थाना कोतवाली, उप निरीक्षक राहुल कुमार को चौकी प्रभारी दैलवारा से थाना नाराहट, उप निरीक्षक संजय सिंह को चैकी प्रभारी गोविन्द सागर बांध से चौकी प्रभारी दैलवारा, उप निरीक्षक अतुल तिवारी को चौकी प्रभारी कैलगुवां थाना बानपुर से चौकी प्रभारी गोविन्द सागर बांध, उप निरीक्षक मनीष कुमार शुक्ला को थाना बानपुर से चैकी प्रभारी कैलगुवां थाना बानपुर, उप निरीक्षक ललित उज्जवल को चौकी प्रभारी राजघाट से थाना बालाबेहट, उप निरीक्षक विनीत कुमार सिंह को चौकी प्रभारी नई बस्ती से थाना मदनपुर, उप निरीक्षक देवराज मौर्य को चौकी प्रभारी नेहरू नगर से थाना गिरार, उप निरीक्षक विपिन डेढ़ा को चौक प्रभारी डोंगराकलां थाना नाराहट से थाना मड़ावरा भेजा गया है।

# फोन पर दिया तीन तलाक

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** दहेज में दो लाख रुपये व वॉशिंग मशीन की मांग पूरी न होने पर फोन पर तीन बार तलाक कहते हुये पति द्वारा दूसरी शादी कर लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण को लेकर महिला ने इंसाफ पाने के लिए पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र

- पति पर मेहर हड़पकर दूसरी शादी करने का भी आरोप
- महिला की तहरीर पर ससुरालियों पर दर्ज हुई एफआईआर

दिया था। प्रकरण को गंभीरता से लेकर एसपी ने महिला थाना पुलिस को एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने के निर्देश जारी किये। महिला थाना पुलिस ने महिला की तहरीर व एसपी के आदेश पर ससुरालियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर क्षेत्र के मोहल्ला नदीपुरा स्थित मां ललितेश्वरी मंदिर के पास पहले पार रहने वाली रेशमा बानो ने बताया कि उसके पिता वाहिद मंसूरी के इंतकाल के बाद उसके भाईयों ने उसकी शादी मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ स्थित इन्द्रा कालोनी क्यामगाह के पास रहने वाले अरमान खान पुत्र हमीद से मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार करायी थी। 4 सितम्बर 2022 को ससुरालियों ने उसे एक जोड़ी कपड़े में बीमारी की हालत में घर से बेदखल कर दिया। घर पहुंचकर उसने सारी बात अपनी मां व भाईयों को बतायी, जिस पर उसकी मां ने उसका उपचार कराया। यह भी आरोप है कि अरमान ने उसके भाई को फोन करके कहा कि यदि रेशमा को टीकमगढ़ भेजा तो तेल डालकर जिन्दा जला देंगे। इस कारण वह व उसके परिजन काफी भयभीत हैं। रेशमा ने बताया कि उसका पति काफी आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। आरोप लगाते हुये रेशमा ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि 20 सितम्बर 2022 को शाम करीब 6.57 बजे उसके भाई के मोबाइल नम्बर पर अरमान ने फोन करके गालियां देते हुये उसे साथ न रखने की बात कहते हुये तलाक लेने की बात कही और फोन पर ही मुस्लिम रीति के अनुसार तीन बार तलाक-तलाक-तलाक कहकर तलाक दे दिया। आरोप है कि अरमान ने उसका पूरा सामान व मेहर की धनराशि हड़प कर ली, अब वह तलाकशुदा जीवन व्यतीत कर रही है। रेशमा ने बताया कि 15 मई 2024 को उसकी हर्जा-खर्चा के लिए न्यायालय में तारीख लगी थी, जिस पर वह अपनी मां के साथ न्यायालय पहुंची, जहां से लौटते हुये अरमान ने बताया कि उसने मेविस से निकाह कर लिया है। आरोप है कि मेविस ने भी अरमान, ससुर वाहिद, ननद रेशमा व दो-तीन अज्ञात लोगों के साथ सिंचाई विभाग के रेस्ट हाऊस के सामने अपराह्न करीब 2 बजे गालियां देते हुये हमलावर हो गये। एसपी ने प्रकरण को लेकर महिला थाने को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। महिला थाना पुलिस ने महिला की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ धारा 498ए, 323, 406, 494, 504, 506 व दहेज उत्पीड ? अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## एसपी ने जिले में की ई-मालखाना की शुरुआत

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा जनपद में ई-मालखाना की शुरूवात की गयी है, जिसमें जनपद के प्रत्येक थानों पर पुराने मालखाने को नई तकनीक के साथ थाने के सीसीटीएनएस के माध्यम से प्रविष्टियां अंकित कर शुरूआत की गयी है। जिसके द्वारा थानों पर सम्बन्धित केसो के मालों को सुगमता से देखने व माल के रख-रखाव में सुविधा प्राप्त होगी।

## गायब किशोरी पहुंची थाना, सबको चौंकाया

**बांदा।** बदौसा कस्बे में बीती 4 मई की रात घर से किशोरी बिना परिजनों को जानकारी दिए गायब हो गयी थी। लेकिन एक माह बाद 14 वर्षीय किशोरी बीते शुक्रवार को एक परिचित रिश्तेदार महिला के साथ थाना पहुंचकर सबको चैंका दिया। किशोरी ने पुलिस को बताया कि वह स्वैच्छा से पड़ोसी सजातीय बउवा पुत्र दद्दी के साथ गई थी। जबकि उसकी मां ने बीते 6 जून को पड़ोस के दो चचेरे भाइयों पर पिता के सहयोग से बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाना में दोनो चचेरे भाइयों व पिता एवं दो अज्ञात लोगो के खिलाफ प्राथमिकी लिखाई थी। मां ने दी गयी तहरीर में कहा था कि शोर मचाने पर उक्त लोगो ने जान से मारने की धमकी भी दी थी। पीड़िता ने तहरीर में लड़की की जान के खतरे की आशंका जताई थी। विवेचक एस एस आई वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अचानक थाना पहुंची किशोरी का बयान दर्ज कर तत्काल मेडिकल परीक्षण के लिए महिला चिकत्सालय भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अवकाश के चलते सोमवार को बालिका के न्यायालय में धारा 164 के बयान दर्ज कराने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## किशोरी ने लगायी फांसी, पुलिस पर पिता का आरोप

**बांदा।** शोहदे से परेशान किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता के पिता ने पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निभौर का मजरा बड़ा डेरा केवटरा निवासी कल्लू निषाद की 17 वर्षीय पुत्री स्वाती ने बिरादरी के पड़ोसी युवक सूरज से परेशान होकर शुक्रवार की देर शाम कमरे का दरवाजा बंद कर गले में रस्सी का फंदे से हुक में लटक गई। जब तक परिजनों ने देखा और पुलिस को सूचना दी तब तक किशोरी की मौत हो चुकी थी। मृतका दो भाइयों में तीसरे नंबर की थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए बांदा भेज दिया हैं। कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया की पिता की तहरीर पर कार्यवाही कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मृतका के पिता कल्लू निषाद ने पुलिस पर आरोप लगाया कि कई दिनों से पड़ोसी सूरज पुत्र रामराज कई दिनों से पुत्री को परेशान करता था। मना करने पर गाली-गलौज कर तमंचा निकाल कर जान से मारने की धमकी देता था। बीते गुरुवार को शिकायत करने गया तो गाली-गलौज का मुकदमा दर्ज कर गांव पहुंची पुलिस ने डांट कर कही भाग जाने को कहा। यदि पुलिस युवक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करती तो शायद उसकी बेटी फांसी लगाकर आत्महत्या का रास्ता न चुनती। पुलिस का कहना है कि आरोप निराधार है।

## बियर एवं शराब जब्त, पकड़ा गया युवक

**ललितपुर।** थाना गिरार पुलिस ने आबकारी विभाग की संयुक्त टीम के साथ मध्य प्रदेश में निर्मित बीयर व देशी शराब के क्वाटर बरामद किये हैं। पुलिस ने इस मादक पदार्थों को लेकर एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया है। बताया गया है कि एसपी मु.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी अनिल कुमार व सीओ मड़ावरा



राजेश कुमार के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान के तहत गिरार पुलिस ने आबकारी दल के साथ मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना बण्डा की चैकी गुगरा के ग्राम मुड़ारी व हाल भीकमपुर निवासी गब्बर पुत्र नन्ना भाई लोधी को हिरासत में लिया है। पुलिस ने उसके पास से 216 कैन अवैध बियर म.प्र. निर्मित व 13 क्वाटर अवैध देशी शराब बरामद किया है। पुलिस ने गब्बर के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60(1)/63 के तहत मामला दर्ज किया है। बदमाश को पकड ? वाली टीम में आबकारी निरीक्षक मड़ावरा प्रशान्त कुमार, आबकारी निरीक्षक महरौनी हेमन्त पाण्डेय, थानाध्यक्ष गिरार महेन्द्र कुमार, आबकारी आरक्षी सुनील कुमार, आबकारी महिला आरक्षी शहरीन बानो, हे.कां. अशफाक खान व कां. अर्जुन प्रताप सिंह शामिल रहे।

# अल्ट्रासाउण्ड संचालन में सहयोग देंगे प्राइवेट डॉक्टर

जिला संवाददाता(vol)



**बांदा।** अल्ट्रासाउण्ड केन्द्र संचालकों व चिकित्सकों के साथ डीएम ने बैठक की। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को जानकारी दी गयी कि पुरूष चिकित्सालय एवं महिला चिकित्सालय में लगी तीन अल्ट्रासाउण्ड मशीनों में एक ही डॉक्टर की तैनाती जबकि मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पुरूष व महिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षकों ने कहा कि डॉक्टरों की तैनाती के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। उन्होंने बताया कि शासन से नियमित डॉक्टर की भर्ती प्रक्रिया में है। और उनकी तैनाती शीघ्र की जाएगी। तब तक के लिए अस्थाई व्यवस्था के रूप में दो मशीनों का संचालन करने के लिए प्राईवेट डॉक्टरों से सहयोग मांगा गया है। इस पर उन्होने अपनी सहमति जताई है। इन डॉक्टरों को अलग से कोई शुल्क नही दिया जाएगा। बैठक में सभी अल्ट्रासाउण्ड केन्द्र संचालकों एवं चिकित्सकों की सहमति से रोस्टर जारी करने पर सहमति बनी। इसमें डॉ० अतुल सक्सेना 13 से 15 जून, डॉ० अखिलेश 17 से 19 जून, डॉ० हर्ष भार्गव 24 से 26 जून, डॉ० रफीक 27 से 29 जून एवं 1 से 3 जुलाई तक डॉ० एस0के0 सिंह, 4 से 6 जुलाई तक डॉ० के० पी० तिवारी, 8 से 10 जुलाई तक डॉ० प्रमोद पाण्डेय, 11 से 13 जुलाई तक डॉ० शहनाज जो कि उपरोक्त तिथियों में जिला चिकित्सालय पुरूष में तथा महिला चिकित्सालय में 20 से 22 24 से 26 जून तक डॉ० संगीता सिंह, 27 से 29 जून तक डॉ० नीतू मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करेंगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ० आर० के० गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला चिकित्सालय डॉ० सुनीता सिंह व प्राइवेट डाक्टर्स मौजूद रहे।

# बड़े ताऊ पर पिता की जमीन छीनने का आरोप

**ललितपुर।** करीब नौ वर्ष पहले मां की मृत्यु हो जाने उपरान्त अपना व परिवार का भरण-पोषण कर रही युवती ने अपने ताऊ-ताई के अलावा चचेरे भाईयों पर धोखाधड़ी कर पिता की जमीन छीन लेने और मारपीट कर उसे भी घर से निकाल देने का गंभीर आरोप

- पिता की दिमागी हालत ठीक न होने का फायदा उठाने का भी आरोप
- युवती से मारपीट कर घर से निकाला, मामला दर्ज

लगाया है। महिला थाने में दी गयी इस शिकायत को पाली थाना पुलिस ने दर्ज करते हुये विवेचना शुरू कर दी है। थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम बंगरिया में रहने वाली रूचि पुत्री चन्द्रभान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी मां की नौ वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है और पिता की दिमागी हालत कई वर्षों से ठीक नहीं है। इसलिए वह अपना व परिवार का भरण-पोषण करती है। आरोप है कि उसके परिजनों में रोहित व राहुल पुत्रगण सोभरन, बड़ी मां पार्वती और सोभरन पुत्र महीप उसे किसी न किसी बात को लेकर गालियां देते रहते हैं। गालियां देने का विरोध करने पर उक्त लोग उसके साथ मारपीट करते हुये घर से बाहर निकाल देने की धमकी देते थे। बताया कि 7 जून को अपराह्न करीब 12 बजे जब वह घर पर अकेली थी कि तभी उक्त लोग आये और गालियां देने लगे।

विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात-घूसों व लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे घर से बाहर निकालते हुये जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उसके पिता की दिमागी हालत ठीक न होने का लाभ उठाते हुये उक्त लोगों ने उसके पिता की जमीन भी छीन ली। पुलिस ने युवती की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## बानपुर पुलिस ने दबोचा गैंगस्टर एक्ट का आरोपी



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन व एएसपी अनिल कुमार और सीओ महरौनी अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत बानपुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपित बदमाश को पकड ? में सफलता हांसिल की है। पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थों की सप्लाई करने वाले युवक को पुलिस ने टीकमगढ़ रोड स्थित बालाघाट पुल के पास से हिरासत में लिया है। पकड़े गये बदमाश का नाम महानगर झांसी के थाना मऊरानीपुर के मुहल्ला अल्याई निवासी नबाव सिंह उर्फ रूप सिंह पुत्र हीरालाल बताया गया है। पुलिस ने बताया कि नबाव सिंह के खिलाफ झांसी व ललितपुर में आपराधिक मामले दर्ज हैं। शातिर बदमाश को पकड़ने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक बानपुर विनोद कुमार, उ.नि.अनुज कुमार, हे.कां.कामता प्रसाद, हे.कां.जितेन्द्र प्रताप सिंह व कां.मनीष कुमार शामिल रहे।

# भाकियू टिकैत और इफको प्रबंधन के बीच वार्ता सफल

**आंवला-बरेली।** आंवला तहसील गेट पर इफको प्रबंधन के खिलाफ रोजगार देने को लेकर भूदाता किसान भारतीय किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन चल रहा है। जिसमें भाकियू टिकैत गुट ने जिलाधिकारी से मुलाकात की उसके बाद एसडीएम आंवला एन राम ने दोनों पक्षों को बुलाया और एसडीएम की मध्यस्थता में वार्ता हुई। जोकि सकारात्मक रही। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव चौधरी शिशुपाल सिंह ने बताया इफको में किसानों की गई जमीन में समझौता हुआ था कि 3 महीने में सभी को काम दिया जाएगा परंतु ऐसा नहीं हुआ। 9 फरवरी से अब तक धरना तहसील पर फिर चल रहा है जिसमें आज वार्ता में सकारात्मक बात हुई। सोमवार को सूची में से 50 भू-दाताओं को बुलाया जाएगा एसडीएम के द्वारा इफको को सूची दी जाएगी उसके बाद फिर सूची में से 50 किसानों को बुधवार को बुलाया जाएगा और उसके बाद फिर 50 को शुक्रवार को बुलाया



जाएगा। कार्ड कंपनी की ओर से जारी होंगे। बाकी बचे भूदाता किसानों को 15 जुलाई तक काम देने की बात कही गई है। प्रत्येक महीने में 26 दिन लगातार काम मिलेगा जब तक सभी को काम नहीं मिल जाएगा तब तक धरना जारी रहेगा। सोमवार को तहसील क्षेत्र की बैठक बुलाई गई है जिसमें आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। इस दौरान इफको की ओर से आरपी सिंह, सत्यमूर्ति, एडवोकेट उज्जवल तथा भारतीय किसान यूनियन की ओर से चौधरी शिशुपाल सिंह, महाराज सिंह यादव, पंकज शर्मा, उदल सिंह वर्मा, मुनेश यादव, वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की कैद

**बरेली।** किशोरी को बहला कर ले जाने के बाद नशीला लड्डू खिलाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट उमाशंकर कहार ने 20 वर्ष सश्रम कारावास और 14 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। 10 हजार रुपये पीड़िता को बतौर मुआवजा मिलेंगे। आरोपी शिवशंकर उर्फ शंकर बदायूं के दातागंज ग्राम सलेमपुर का रहने वाला है। सरकारी वकील राजीव तिवारी और आलोक प्रधान ने बताया कि सुभाष नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली पीड़िता की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 अक्टूबर 2020 को शिवशंकर उनकी बेटी को बहलाकर अपने गांव सलेमपुर ले गया। उसके साथ गलत काम किया। पुलिस के दबाव में आरोपी तीन दिन बाद बेटी को एक भट्टे पर छोड़ गया। पुलिस ने 15 अक्टूबर 2020 को मामले में रिपोर्ट दर्ज की थी। 17 अक्टूबर को पुलिस ने बेटी को गांव रौंधी से बरामद किया था। बाल कल्याण समिति की ओर से 29 अक्टूबर को उन्हें बेटी की सुपुर्दगी मिली।

## ईरान से विश्व शांति का संदेश लेकर बरेली पहुंचे पर्यटक

**रिठौरा-बरेली।** कस्बे में पीलीभीत हाईवे पर कस्बे के निवासी सुरेश चंद्र मिश्र ने अपने स्वर्गीय पिता रामदास मिश्र और माता सुशीला देवी की स्मृति में शरबत प्याऊ सेवा लगाई। चिलचिलाती गर्मी में सुबह से ही प्याऊ पर भीड़ लग गई। शाम करीब 4 बजे तक चली सेवा में हजारों राहगीरों ने ठंडे शरबत का आनन्द लिया। दोपहर में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे ईरान देश के निवासी पिता महमूद निकनाम और उनके 5 वर्षीय बेटे




आराश की जोड़ी अपनी 5 फिट की अनोखी साईकिल से कस्बे में पहुंचें। प्याऊ सेवा के सामने उन्होंने अपनी साइकिल रोक दी। बड़े प्रेम से प्याऊ में सेवा कर रहे डाक्टर मयंक मिश्रा ने दोनो को शरबत पिलाया। हालांकि उनकी भाषा समझने में दिक्कत हो रही थी। लेकिन गूगल ट्रांसलेटर की मदद से उन्होंने बताया कि वे लगभग दो माह से ईरान से शान्ति का सन्देश देने विदेशो की यात्रा पर निकले हैं। वे अफगानिस्तान, पाकिस्तान से होकर आए हैं और नेपाल जा रहे हैं। उन्होंने भारत देश और यहां के लोगों की तारीफ की और नेपाल को रवाना हो गए। प्याऊ सेवा में मिथलेश मिश्रा, अंकुर मिश्रा, डॉक्टर मयंक मिश्रा, प्रीति मिश्रा, डाक्टर नेहा मिश्रा, रमा, राकेश पाठक, भूमी, रुद्र आदि थे।

संक्षेप

## अलग-अलग घटनाओं में दो मृत घोषित

**अयोध्या।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई घटनाओं में जिला अस्पातल लाए जाने के बाद डाक्टर ने दो को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक किशोर समेत दो को भर्ती किया है। शहर के कैंट थाना क्षेत्र स्थित बेगमगंज मोहल्ले के सीमेंट कोठी निवासी युवक सारस्वत तिवारी (28) पुत्र स्व. चिंतामणि तिवारी शनिवार को अपने घर में ही फंदे से लटका मिला। मामले की जानकारी पर उसके भाई सार्थ तिवारी ने उसे 11.40 बजे जिला अस्पताल पहुँचाया तो इमरजेंसी ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने परीक्षण के बाद सारस्वत को मृत घोषित कर दिया। वहीं शुक्रवार की देर रात इसी थाना क्षेत्र के मऊ शिवाला पलिया निवासी विकास निषाद अपने पिता सुरेश निषाद (40) पुत्र स्व. टिड्डी निषाद को गंभीर हाल में लेकर जिला अस्पातल पहुंचा तो डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर इनायतनगर थाना क्षेत्र के गोठवारा निवासी करमचंद ने शनिवार को अपने बेटे रौनक (16) को जिला अस्पताल पहुँचाया है। किशोर ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ गई थी। हालत गंभीर होने के चलते रौनक को भर्ती करना पड़ा है।

# बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा आज

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी की ओर से आयोजित उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2024 रविवार को दो पालियों में जनपद के नौ केंद्रों पर आयोजित होगी।जिसके लिए 4454 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत किया गया है। परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता तथा शांति व्यवस्था के लिए पुलिस-प्रशासन ने मजिस्ट्रेट की तैनाती की है। साथ ही समन्वय के लिए राजपत्रित समेत अन्य पुलिस कर्मियों को लगाया गया है।

प्रशासन ने तैयारियां पूरी होने की बात कही है। संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय को विश्विद्यालय क्षेत्र में जिम्मा दिया गया है तथा प्रो. फारुख को नोडल समन्वयक बनाया गया है। वहीं पुलिस-प्रशासन की ओर से एडीएम और एसपी सिटी को जिम्मा सौंपा गया है।प्रवेश परीक्षा दो पालियों में प्रातः 9 बजे से 12 बजे व द्वितीय पाली में दो बजे से सायं 05 बजे के बीच विश्वविद्यालय मुख्य परिसर, आईईटी परिसर एवं कासु साकेत पीजी कालेज में तीन-तीन अर्थात कुल 9 केंद्रों पर संपन्न होनी है।जिसके लिए कुल 18 पर्यवेक्षक, सभी 9 केन्द्रों पर एक-एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट, दो परीक्षा केंद्रों पर एक केन्द्र प्रतिनिधि एवं तीन-तीन केन्द्रों के हिसाब से कुल तीन सचल दल तैनात किया गया है।नकलविहीन परीक्षा के लिए मोबाईल समेत अन्य इलेक्ट्रानिक्स गैजेट्स पर प्रतिबंध लगाया गया है और परीक्षार्थियों को एक घंटा पूर्व केन्द्र पर पहुँचने तथा प्रवेश-पत्र व पहचान पत्र साथ रखने की हिदायत दी गई है। एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि विश्विद्यालय और साकेत केंद्र पर एक-एक सीओ, निगरानी के लिए एक-एक निरीक्षक की तीन टीम, जाँच-तलाशी के लिए साकेत व विश्विद्यालय केंद्र पर दो उपनिरीक्षक, एक महिला आरक्षी व चार आरक्षी नियुक्त किया जा रहा है।वहीं सभी परीक्षा केन्द्रों पर एक उपनिरीक्षक, तीन आरक्षी व दो महिला आरक्षी की तैनाती की गई है, जबकि शांति और कानून-व्यवस्था के लिए रेलवे-बस स्टेशन और प्रमुख चैक चैराहों पर पुलिस बल मौजूद रहेगा।

## रोजगार संगम एकीकृत पोर्टल का हुआ शुभारंभ

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं के उज्जवल भविष्य को सवारने के लिए तथा उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार संगम एकीकृत पोर्टल प्रारंभ किया गया है, जिससे अब युवाओं को अपनी योग्यतानुसार रोजगार मिलना और भी आसान हो जायेगा तथा नियोजकों को भी अपनी आवश्यकतानुसार कर्मचारी मिलने में आसानी होगी। रोजगार संगम पोर्टल पर जनपद के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों यथा डिग्री कालेज तथा सरकारी व गैर सरकारी आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक को भी जोड़ा जा रहा है। जिससे शिक्षण संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों के अन्तिम वर्ष में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं तथा पास आउट अभ्यर्थियों की कैरियर काउन्सलिंग की जायेगी तथा तथा रोजगार मेलों के माध्यम से उन्हें रोजगार भी उपलब्ध कराया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा विकसित किये गये रोजगार संगम पोर्टल का लाभ प्राप्त करने हेतु सभी इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों एवं नियोजकों एवं संस्थानों को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण की विशेषता होगी।

# कैंट समेत चोरी के चार मामलों का पर्दाफाश

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** कैंट थाना क्षेत्र के कौशलपुरी फेज दो के सुपर बाजार स्थित हेयर सैलून में 28 मई की रात हुई ताला तोड़ चोरी के मामले में मौके से मिले सीसीटीवी फुटेज से हासिल सुराग से पुलिस ने इस चोरी समेत अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई कुल चार चोरियों का पदार्फाश किया है। एक शख्स को गिरफ्तार कर उसके

- एक गिरफ्तार, इन्वर्टर, बैटरा, डीबीआर बॉक्स और स्कूटी बरामद

पास से चोरी का छह इन्वर्टर, आठ बैटरी व बैटरा तथा एक डीबीआर बॉक्स और वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। कैंट थाना क्षेत्र के सुपर बाजार स्थित हेयर सैलून में हुई चोरी के मामले में पीड़ित प्रतिष्ठान मालिक सुल्तानपुर के कुड़वार थाना क्षेत्र स्थित कुड़वार बाजार निवासी मो.सुहेल ने अज्ञात के खिलाफ दुकान से इन्वर्टर, बैटरा और बाइक बिक्री का दुकान में रखा 27 हजार रुपए चोरी करने तथा बगल स्थित वैष्णवी ब्यूटी पार्लर में चोरी के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी सौंपा था, जिसमें चोरी का आरोपी संदिग्ध कैद हुआ था। शनिवार को पुलिस लाइन में आयोजित पत्रकार वार्ता में सहायक पुलिस अधीक्षक सीओ सदर अरुण कुमार सिंह ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक कैंट संजय मौर्य और स्वाट टीम प्रभारी अमरेश त्रिपाठी की संयुक्त टीम ने चुंगी चैराहे के पास से सुबह कैंट थाने के कौशलपुरी स्थित हेयर सैलून से चोरी एक बैटरी व एक इन्वर्टर के साथ स्कूटी सवार सूरज पासी निवासी लखौरी थाना रौनाही को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर गद्दोपुर से बनवीरपुर की ओर जाने वाले मार्ग स्थित जंगल-झाडी से पांच इन्वर्टर व 7 बैटरा बरामद हुआ है। जिसमें दो इन्वर्टर व तीन बैटरा 6 अप्रैल को अयोध्या कोतवाली के सहनवां स्थित एक निमार्णाधीन मकान और एक इन्वर्टर व बैटरा तथा डीबीआर 25 अप्रैल की रात रौनाही थाना क्षेत्र के शेखपुर पड़ाव स्थित जनसेवा केंद्र से चुराई गई है। वहीं दो इन्वर्टर व तीन बैटरा अन्य जगहों से चोरी की गई है, । कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ जिले व गोंडा में हत्या, गैंगेस्टर, चोरी व बरामदगी के कुल 19 मामले पूर्व से दर्ज मिले हैं। पुलिस ने बरामदगी में नामजद रिपोर्ट दर्ज करवा आरोपी का चालान किया है।

## हृदय रोगियों के लिए चिकित्सा परामर्श कैंप का हुआ आयोजन

**अयोध्या।** चिरंजीव हॉस्पिटल में हृदय रोगियों के लिए निःशुल्क चिकित्सा परामर्श कैंप का आयोजन हुआ।इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में दिल्ली के फोर्टिस एस्कार्ट हास्पिटल के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सत्येन्द्र तिवारी ने करीब 200 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉ तिवारी ने कहा कि चेकअप कराने आये सभी मरीजों ने खुशी जाहिर कि और कहा कि अब अयोध्या के चिरंजीव हास्पिटल में हृदय रोगियों का इलाज आसान हो गया है, दिल्ली के फोर्टिस एस्कॉर्ट्स के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ.सत्येन्द्र तिवारी ने बताया कि अब चिरंजीव अस्पताल में हार्ट की जांच शुरू हो गयी है, आज करीब 50 लोगों की हार्ट की जांच हुई, जिससे चिरंजीव हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ० उमेश चैधरी का कहना था कि सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक डॉ. सतेन्द्र तिवारी के आने से अयोध्या में हृदय रोगियों को काफी सुविधा प्रदान हो रही है, साथ ही हम इस क्षेत्र में आगे भी कुछ महत्वपूर्ण सुविधाएं प्रदान करने जा रहे हैं, हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. जयन्ती चैधरी ने सभी अयोध्या वासियों के साथ-साथ आस-पास में स्थित जिलों के लोगों को यह संदेश दिया कि वे हृदय सम्बन्धी समस्याओं के लिए एक बार चिरंजीव हॉस्पिटल आयें और डॉ. सतेन्द्र तिवारी जो कि एक सीनियर हृदय रोग सर्जन हैं उनसे अपनी समस्याओं को साझा करके उनका निदान करा सकते हैं, इस मौके पर चिरंजीव हॉस्पिटल के डा. ए. कुमार, डा. महेश कुमार, डॉ. अविनाश साहू, डॉ. सितांशु पाठक जनसम्पर्क अधिकारी राजेश यादव, भरत प्रकाश, सहदेव, रोहित, पंकज सहित समस्त स्टाफ मौजूद थे।

# चोरी की तीन बाइक व दर्जनों बाइक इंजन सहित दो युवक गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर के दिशा निर्देश में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कुमारगंज पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लग गई है।

- पकड़े गए युवकों के कब्जे से भारी मात्रा में चोरी की बाइकों के पार्ट्स बरामद



प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल और चोरी की गई कई मोटरसाइकिलों के इंजन सहित भारी मात्रा में इंजन पार्ट्स बरामद कर लिए हैं। पुलिस टीम ने युवक दुगार्दीन पुत्र दीनदयाल निवासी कस्बा कुमारगंज एवं राम बहादुर पुत्र मुन्नालाल निवासी बवां को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने पकड़े गए दोनों युवकों से कड़ाई से पूंछतांछ की, तब दोनों युवकों ने चोरी की कई घटनाओं को कबूल किया। पुलिस टीम ने पकड़े गए दोनों युवकों के कब्जे से तीन मोटरसाइकिलें, 11 मोटरसाइकिलों के इंजन पार्ट्स, एक फुल इंजन सहित 41 इंजन के कटे पार्ट्स, चार रिम, 24 सॉकर, हीरो सुपर बाइक की टंकी, गाड़ी के अन्य छोटे छोटे पार्ट्स, कई मोटरसाइकिल के चेचिस व एक ग्राइंडर मशीन सहित आधा दर्जन बाइकों की कंप्लीट सीट बरामद कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों युवकों को उनके विरुद्ध थाने में पहले से दर्ज चोरी के मुकदमों के आरोप में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रमुख रूप से प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह के अलावा एनडीए चैकी प्रभारी उप निरीक्षक अरविंद कुमार पटेल, उप निरीक्षक जितेंद्र यादव, उप निरीक्षक भानु प्रताप शाही, उप निरीक्षक अर्जुन यादव, उप निरीक्षक अभिषेक त्रिपाठी, प्रशिक्षु उप निरीक्षक विमल यादव एवं अमित कुमार तथा अमित कुमार पांडे सहित हेड कांस्टेबल अवधेश यादव, प्रमोद यादव, अजय कुमार, बृजेश कुमार एवं संतोष कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## परिषदीय व माध्यमिक के छात्रअब खेलकूद का करेंगे संयुक्त अभ्यास

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** परिषदीय और माध्यमिक विद्यालयों में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम लागू किया जा रहा है।विद्यालय के बेहतर खिलाड़ियों को दो खेलों में दक्ष बनाने के साथ उनका ब्योरा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

जिले में 1792 परिषदीय और 461 माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं।दोनों विद्यालयों के बेहतर खिलाड़ियों को संयुक्त अभ्यास कराया जाएगा।योजना के तहत बेहतर खिलाड़ियों का ब्योरा स्पोर्ट्स फॉर स्कूल पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।खिलाड़ियों का नाम, उनके प्रशिक्षक, स्पोर्ट्स किट, खेलकूद की सुविधा आदि से जुड़ी से जानकारी दर्ज की जाएगी।पोर्टल उन्हीं खिलाड़ियों का नाम अंकित होगा जो खेलने में बेहतर होंगे।माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रधानाचार्यों को विद्यार्थियों को चिह्नित करने का निर्देश दिया गया है। जुलाई माह में खिलाड़ियों का विवरण कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।हालांकि अब विद्यालयों के विद्यार्थियों को खेल में प्रतिभाग कराया जाता था।

मगर, उनको किसी तरह की सुविधा नहीं दी जाती थी।केवल प्रशिक्षण देकर कोरम पूरा कर लिया जाता था।

जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार आर्या ने बताया कि नई व्यवस्था से प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। सभी कालेजों को सूचना दी गई है। परिषदीय स्कूलों से समन्वय बनाया जाएगा।

# अवध विवि की एमपीए की छात्रा अक्षिता शुक्ला को 2,40000 की छात्रवृत्ति मिली

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की अंतिम सेमेस्टर की छात्रा अक्षिता शुक्ला को सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से पुरस्कार के रूप दो लाख चालीस हजार की

- सभी छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी अक्षिता शुक्ला



छात्रवृत्ति प्रदान की गई। संत ह्यमीरा बाईह्य की जयंती के अवसर पर भारत सरकार की ओर संगीत कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें पद्म भूषण पंडित चेतन जोशी, श्रीमती छाया जोशी और विदुषी प्रीति श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में 5 दिनों के प्रशिक्षण के उपरांत छठे दिन सांस्कृतिक मंत्री, निदेशक सीसीआरटी की उपस्थिति में छात्रा को पुरस्कार स्वरूप छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस संगीत कार्यक्रम में देश के 75000 से अधिक छात्रों का साक्षात्कार लिया गया। जिसमें 24 छात्रों के चयन उपरांत 4 छात्रों का चयन गायन संगीत के लिए किया गया। इन चार में विश्वविद्यालय के मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की छात्रा अक्षिता शुक्ला भी चुनी गई।छात्रा की उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने कौटिल्य प्रशासनिक भवन में छात्रा अक्षिता शुक्ला को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि छात्रा ने विश्वविद्यालय को गौराविन्त किया है और वे सभी छात्रों के लिए प्रेरणाश्रोत बनेगी।इनकी संगीत के प्रति लगन एवं मेहनत से इस मुकाम पर पहुँची है जो विश्वविद्यालय के गर्व की बात है।मौके पर मुख्य नियंता प्रो0 एसएस मिश्र, परफॉर्मिंग आर्ट्स के समन्वयक डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, आईक्यूएसी के समन्वयक डॉ0 पीके द्विवेदी, शिक्षिका डॉ0 कविता पाठक मौजूद रही। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, उप कुलसचिव डॉ0 रीमा श्रीवास्तव, दिनेश कुमार मौर्य, मोहम्मद सहील सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने बधाई दी।

## प्रभु श्रीराम पर भाजपा का पट्टा नहीं हैः तेजनारायण पाण्डेय

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री तेजनरायन पाण्डेय पवन ने कहा कि अयोध्या के उन्नीस लाख मतदाताओं ने अवधेश प्रसाद को सांसद बना दिया है तो ये प्रभु श्रीराम की कृपा से ही हुआ है।श्री पाण्डेय ने शाने अवध सभागार आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम पर भाजपा का पट्टा नहीं है। वे कहते थे कि प्रभु श्रीराम के बगैर पत्ता नहीं हिलता है, तो प्रभु श्रीराम ने ही एक दलित व सपा प्रत्याशी

- भाजपा सोशल मीडिया पर फैला रही नफरत



अवधेश प्रसाद को यहां का सांसद बना दिया है, जिसके लिये अयोध्या की जनता बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि अयोध्या से अवधेश प्रसाद के सांसद बनन पर जो विभिन्न प्रकार के अराजक तत्व अमर्यादित टिप्पणी कर रहे हैं, उन्होंने अयोध्या की जनता का दर्द नहीं देखा कि लोगों के मकान-दुकान तोड़े जा रहे थे और यहां के लोगों का उत्पीड ? किया जा रहा था।उनकी जमीनें ली जा रही थीं और बहुत तामझाम के बाद कहीं जाकर मुआवजा दिया जा रहा था।अधिकारी मुआवजे के नाम पर लूट मचाये थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने यहां के लोगों की किसी प्रकार से कोई मदद नहीं की और स्थानीय सांसद कह रहे थे कि दस-बीस हजार लोग वोट नहीं देंगे तो इस चुनाव में कोई फर्क नहीं पड़ेगा। श्री पाण्डेय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारियों से मांग किया है कि भाजपा के एजेंट अयोध्या के बारे में अमर्यादित टिप्पणी कर रहे हैं अतः उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें एवं बुलडोजर चलायें। श्री पाण्डेय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आगरा एक्सप्रेस वे पर पूर्वांचल वे के निर्माण के पहले सर्किल रेट बढ़ाकर फिर चार गुना सर्किल दर से अधिग्रहण कर लिया था। उसी प्रकार प्रदेश सरकार पहले चैदह कोसी, पांच कोसी एवं एयर सिटी का सर्किल रेट बढ़ाकर किसानों की जमीनों का अधिग्रहण करे।उन्होंने कहा कि वर्ष २०२७ के विधानसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जायेगा और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे।वर्तमान में अवधेश प्रसाद के अयोध्या से सांसद चुने जाने पर देश-विदेश तक में जोरों पर चचार्यें हो रही हैं, इसलिए श्री पाण्डेय ने भारत सरकार से मांग किया है कि नवनिर्वाचित सपा सांसद अवधेश प्रसाद को उच्च सुरक्षा प्रदान की जाय।इस अवसर पर सपा महानगर अध्यक्ष श्यामकृष्ण श्रीवास्तव, जिला सपा प्रवक्ता बलराम यादव, हामिद जाफर मौसम, रक्षाराम यादव आदि लोग मौजूद थे।

## लोकतांत्रिक प्रणाली के खिलाफ बयानबाजी पर नहीं हो रही कार्रवाई

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** चुनाव परिणाम के आने के पश्चात भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल द्वारा सुनियोजित तरीके से अयोध्या वासियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभद्र टिप्पणियां की जा रही है, जिसकी कांग्रेस पार्टी कड़े शब्दों में निंदा करती है। उक्त बातें

- अयोध्या वासियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभद्र टिप्पणियों की कांग्रेस ने की निंदा

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने प्रेस नोट जारी करके कही।जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा जिला प्रवक्ता सुनील कृष्णा गौतम ने चुनाव परिणाम के आने के पश्चात जिस तरह फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता को सोशल मीडिया पर अपशब्द कहे जा रहे हैं वह दशार्ता है कि भारतीय जनता पार्टी को संवैधानिक प्रणाली पर विश्वास नहीं है। जनता के दिए गए जनमत के खिलाफ इस तरह का बयान बाजी उनकी नाजी-वादी सोच को दशार्ता है। नेताओं ने कहा कि सबसे दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा स्थानीय प्रशासन इस प्रकार लोकतांत्रिक प्रणाली के खिलाफ किया जा रहे बयान बाजी पर कोई भी कार्यवाही नहीं कर रहा है ,जबकि फेसबुक पर सरकार के खिलाफ बात लिखने पर विद्वेष पूर्ण तरीके से यह प्रशासन तुरंत सक्रिय होता है और कार्यवाही करता है।नेताओं ने अपने बयान में कहा की फैजाबाद की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के इसी अहंकार और सामंतवादी सोच के खिलाफ इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को फैजाबाद से जिताया।नेताओं ने कहा कि भारतीय जनतापार्टी के इसी अहंकार और अपमान पर यह जनादेश आया है फिर भगवान श्रीराम के वंशज अयोध्या वासियों को, जिनके पूर्वज भगवान श्रीराम के साथ थे उनका अपमान किये जाने की कांग्रेस पार्टी कड़े शब्दों में भत्र्सना करते हुये निन्दा करती है। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह तथा महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा हम भगवान श्रीराम के पुजारी हैं और भा.ज.पा. श्रीराम की व्यापारी हैह्ल।और अयोध्या के चुनाव परिणाम से साबित हो गया है कि भारतीय जनतापार्टी की श्रद्धा भगवान श्रीराम में नहीं है बल्कि उनकी श्रद्धा भगवान श्रीराम के नाम का सहारा लेकर सत्ता प्राप्ति में है।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई खेलकूद प्रोत्साहन समित की बैठक



**बहराइच।** शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्र सभागार में आयोजित जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्टेडियम परिसर व शौचालय इत्यादि की साफ-सफाई रखी जाय ताकि खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।स्टेडियम के तरणताल के संचालन हेतु तैराकी प्रशिक्षण, जीवन रक्षक व सफाई कर्मी की नियुक्ति के सम्बन्ध में शासन व विभागीय दिशा निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।बाल तरणताल तथा मुख्य तरणताल के पानी निकासी हेतु हार्वेस्टिंग सिस्टम पर विचार-विमर्श के दौरान डीएम द्वारा औचित्यपूर्ण विस्तृत प्रस्ताव आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। तहसील व ब्लाक स्तर पर युवा खेल प्रतिभाओं के लिए स्टेडियम हेतु सुझाव प्राप्त होने पर डीएम ने कहा कि राजस्व व ग्राम्य विकास विभाग के समन्वय से इस दिशा में प्रयास किया जायेगा। बैठक के दौरान प्रोत्सन समिति के सदस्यों द्वारा मार्निंग के शेसन में साफ-सफाई तथा ईवनिंग सेशन में सुरक्षा कर्मी की व्यवस्था के सम्बन्ध में सुझाव दिया गया।बैठक का संचालन उप क्रीड़ाधिकारी अभिषेक ने किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए राज कुमार, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल, अधि.अधि. न.पा.परि. बहराइच प्रमिता सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्ता, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बी.पी. सत्यार्थी सहित अन्य अधिकारी तथा समिति के गैर सरकारी सदस्य मौजूद रहे।

## महंत नृत्यगोपाल दास के जन्मोत्सव में लगेगा संतों का जमावड़ा



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास के 10 दिवसीय जन्मोत्सव में कई राज्यों के मुख्यमंत्री के अलावा संत-धमार्चार्यों का अयोध्या में जमावड़ा लगेगा। मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने बताया कि 12 से 21 जून तक जन्मोत्सव का कार्यक्रम चलेगा।इन 10 दिनों के बीच श्री रामचरितमानस का अष्टोत्तर शतपाठ, श्रीराम महायज्ञ, श्री मद्भागवत कथा और फूल बंगले की झांकी सजाई जाएगी, जिसमें शामिल होने के लिए पूरे देश के संतों को भी हमने आमंत्रित किया है।कार्यक्रम के

- दस दिवसीय जन्मोत्सव में शामिल होंगे कई राज्यों के मुख्यमंत्री

अंतिम दिन देश अलग-अलग हिस्सों से आये साधु-संतों के साथ चिंतन करेंगे।सामाजिक समरसता के विषय मे वार्ता की जाएगी। कहा कि हमारा मुख्य विषय राष्ट्र है।21 जून को आयोजित होने वाले संत सम्मेलन में अयोध्या सीट पर हार पर भी मंथन किया जा सकता है।

हालांकि अयोध्या को लेकर हो रही तरह-तरह की आलोचना के विषय में महंत कमलनयन दास ने बताया कि ज्ञान के अभाव में लोग ऐसा बोल रहे हैं। उनको बताना चाहूंगा कि अयोध्या के संतों ने भाजपा को वोट दिया है। अयोध्या से भाजपा जीती हुई है।अयोध्या की भोली-भाली जनता को बरगलाया गया। उनको लालच दिया गया है। प्रलोभन दिया गया है।उनको आरक्षण के नाम पर डराया गया है। सम्मेलन के माध्यम से लोगों से अपील की जाएगी। किसी के बहकावे में ना आएं।हम लोग अयोध्या विधानसभा से जीते हुए हैं।

इस तरह से टिप्पणी करना सही नहीं है।उन्होंने कहा की जरूरत पड़ी तो साधु-संत गांव-गांव और घर-घर बताने के लिए जाएंगे। देशभर से लगभग 500 से अधिक जगद्गुरु, पीठाधीश्वर, धमार्चार्य, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साई समेत संघ और विश्व हिंदू परिषद के बड़े पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

# पूरी निष्ठा से निभाऊंगी जिम्मेदारी : सोनिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख फिर से चुने जाने के बाद सोनिया गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा प्रहार किया और कहा कि इस लोकसभा चुनाव में मोदी की राजनीतिक एवं नैतिक हार हुई तथा उन्होंने अब नेतृत्व का अधिकार खो दिया है। उन्होंने संविधान सदन (पुरानी संसद) के केंद्रीय कक्ष में नवनिर्वाचित सांसदों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि विफलता की जिम्मेदारी लेने की बजाय प्रधानमंत्री रविवार को फिर से शपथ लेने का इरादा रखते हैं। सोनिया गांधी का कहना था, हम उनसे यह उम्मीद नहीं करते हैं कि वे अपने शासन की शैली को बदल देंगे, न ही (वह) लोगों की इच्छा का संज्ञान लेंगे। हुई कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोनिया गांधी को सीपीपी प्रमुख नियुक्त करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसका पार्टी के तीन सांसदों गौरव गोगोई, तारिक अनवर और के. सुधाकरन ने अनुमोदन किया।

सोनिया गांधी 1999 से लगातार पार्टी की संसदीय दल की प्रमुख की जिम्मेदारी निभाती आ रही हैं। संसदीय दल की प्रमुख एक बार फिर से चुने जाने पर सोनिया गांधी ने कहा आप सभी ने एक बार फिर मुझ पर जो बड़ी जिम्मेदारी डाली है, उसके प्रति मैं पूरी तरह सचेत हूं, आपने सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कठिन चुनाव लड़ा है। आपने कई बाधाओं को पार किया है और बहुत प्रभावी ढंग से



अभियान चलाया है। आपकी सफलता ने हमें लोकसभा में अधिक उपस्थिति और इसकी कार्यवाही में ज्यादा प्रभावी आवाज प्रदान की है। उन्होंने लोकसभा चुनाव के नतीजों के उल्लेख करते हुए कहा,

❍ मोदी ने खो दिया नेतृत्व का अधिकार : सोनिया गांधी

कांग्रेस ने एक बार फिर अपनी दृढ़ता का प्रदर्शन किया है। यह एक शक्तिशाली और भयावह मशीनरी के विरुद्ध था जो हमें नष्ट करने की पूरी कोशिश कर रही थी। इसने हमें आर्थिक रूप से पंगु बनाने की कोशिश की। इसने हमारे और हमारे नेताओं के खिलाफ झूठ और बदनामी आधारित अभियान चलाया। कई लोगों ने हमारी समाप्ति की गाथा लिख डाली। लेकिन खरगे जी के दृढ़ नेतृत्व में हम टिके रहे। वह हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। उनका कहना था कि पार्टी संगठन के प्रति खरगे की प्रतिबद्धता सचमुच असाधारण है और सभी को उनके उदाहरण से सीखना होगा। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने राहुल गांधी का उल्लेख करते हुए कहा, भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा वास्तव में ऐतिहासिक आंदोलन थे जिन्होंने हमारी पार्टी में सभी स्तरों पर नयी जान फूंकी। अप्रत्याशित व्यक्तिगत और राजनीतिक हमलों के बावजूद लड़ने की अपने दृढ़ संकल्प एवं प्रतिबद्धता के लिए राहुल विशेष धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने संविधान की गारंटी और सुरक्षा पर हमारे कथन को भी बहुत तीव्रता से आकार दिया। उन्होंने यह भी, कांग्रेस कार्य समिति प्रस्ताव में देश भर में हमारे सभी सहयोगियों और कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद दिया गया है जिन्होंने हमारी सफलता के लिए इतनी मेहनत और लगन से काम किया। आपकी ओर से मैं उस भावना को दृढ़ता से दोहराना चाहती हूं। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में लाखों कार्यकर्ता सबसे कठिन समय में पार्टी के साथ खड़े रहे हैं। हम उनके साहस और प्रतिबद्धता को सलाम करते हैं। हम उनके प्रति कृतज्ञ एवं ज णी हैं। सोनिया ने कहा, देश की जनता ने विभाजन की राजनीति और तानाशाही को खारिज करने के लिए निर्णायक वोट दिया है। उन्होंने संसदीय राजनीति को मजबूत करने और संविधान की रक्षा के लिए मतदान किया। उनके मुताबिक, संसद में हमारी संख्या काफी बढ़ी है।

# नरेला में खाद्य प्रसंस्करण में आग लगने से तीन की मौत, छह घायल



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के नरेला औद्योगिक क्षेत्र में एक खाद्य प्रसंस्करण इकाई में शनिवार तड़के आग लग जाने और फिर विस्फोट होने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तड़के तीन बजकर 35 मिनट पर सूचना मिली कि मूंग दाल का प्रसंस्करण करने वाले श्याम कृपा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड की फैक्टरी में आग लग गई है। अधिकारी ने बताया कि आग फैक्टरी में फैल गई और कुछ श्रमिक उसमें फंस गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि दमकल की 14 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और आग बुझाने का काम अब भी जारी है। उन्होंने बताया कि इमारत से नौ लोगों को बचाया गया और उन्हें नरेला के सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अस्पताल के चिकित्सकों ने इनमें से तीन लोगों श्याम (24), राम सिंह (30) और बीरपाल (42) को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य का इलाज जारी है। उन्होंने बताया कि घायलों में शामिल पुष्पेंद्र (26), आकाश (19), मोहित कुमार (21), रवि कुमार (19), मोनू (25) और लालू (32) का सफदरजंग अस्पताल में इलाज हो रहा है। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि एक पाइपलाइन से गैस का रिसाव होने के चलते आग लगी। मूंग दाल भूनने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले चूल्हे को इस पाइपलाइन के जरिये गैस की आपूर्ति की जाती है।

## संक्षेप

### बजाज हाउसिंग ने दाखिल किए 7,000 करोड़ के दस्तावेज

नयी दिल्ली। बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के जरिए 7,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास आरंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। सेबी के पास दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 4,000 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और मूल कंपनी बजाज फाइनेंस द्वारा 3,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है। शेयर बिक्री भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों का पालन करने के लिए की जा रही है, जिसके अनुसार ऊपरी स्तर की गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों को सितंबर, 2025 तक शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होना आवश्यक है।

### पाक पीएम, चीन के राष्ट्रपति के उन्नयन पर सहमत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और चीन के राष्ट्रपति शी चिनपिंग ने अपनी बैठक में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के उन्नयन और दूसरे चरण में कई अरब डॉलर की परियोजना के उच्च-गुणवत्तापूर्ण विकास को आगे बढ़ाने पर आम सहमति की पुष्टि की है। शरीफ की पांच दिवसीय आधिकारिक चीन यात्रा चार जून से शुरू हुई थी। इस दौरान शुक्रवार को दोनों नेताओं ने बीजिंग के ऐतिहासिक ग्रेट हॉल ऑफ द पीपुल में गहन चर्चा की। दोनों नेताओं के साथ मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भी थे।

### घाटी में चार सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने शनिवार को आतंकवादियों के साथ कथित संबंध को लेकर दो पुलिसकर्मियों सहित चार सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कांस्टेबल अब्दुल रहमान डार और गुलाम रसूल भट्ट, शिक्षक शबीर अहमद और जल शक्ति विभाग के सहायक लाइनमैन अनायतुल्लाह शाह पीरजादा को संविधान के अनुच्छेद 311 के तहत सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। समान लेकिन अलग-अलग आदेशों में सरकार ने कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने राज्य की सुरक्षा के हित में चारों कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया।

### भारतीय नौसेना की पहली महिला पायलट बनीं अनामिका राजीव

नयी दिल्ली। सब-लेफ्टिनेंट अनामिका बी राजीव तमिलनाडु के अराक्कोनम स्थित नौसैन्य हवाई स्टेशन में पासिंग आउट परेड में प्रतिष्ठित गोल्डन विंग्स प्राप्त करने के बाद भारतीय नौसेना की पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बन गई हैं। भारतीय नौसेना के अनुसार, एक अन्य उपलब्धि में लद्दाख से पहले कमीशन प्राप्त नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट जामयांग त्सेवांग ने भी सफलतापूर्वक एक योग्य हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। नौसेना ने कहा कि सब-लेफ्टिनेंट राजीव और लेफ्टिनेंट सेवांग उन 21 अधिकारियों में शामिल हैं, जिन्हें पूर्वी नौसैन्य कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने आईएनएस राजली में पासिंग-आउट परेड में गोल्डन विंग्स से सम्मानित किया।

# निसान इंडिया ने वीकेंड कार्निवल का किया एलान

गुरुग्राम। निसान मोटर इंडिया ने निसान वीकेंड कार्निवल का एलान किया है। भारत में कंपनी के संपूर्ण डीलरशिप नेटवर्क पर 8-9 जून और 15-16 जून को ग्राहक इस कार्निवल का हिस्सा बन सकेंगे। इस कार्निवल का उद्देश्य मैग्नाइट के मौजूदा और संभावित ग्राहकों को साथ लाना है, जहां उन्हें उत्साह से भरपूर यादगार अनुभव के साथ-साथ एक्सक्लूसिव ऑफर्स का लाभ भी मिलेगा। कार्निवल के दौरान स्पेशल गिफ्ट ऑन अराइवल, बुकिंग परएक्सक्लूसिव गिफ्ट या एक्सेसरीज के साथ यहां आने वाले मेहमानों को बेहतरीन अनुभव होगा। गेजा एसई मॉडल्स पर भी कुछ एक्साइटिंग डील्स मिलेंगी। डेली लकी ड्रॉ के माध्यम से कुछ भाग्यशाली लोगों के पास अतिरिक्त डिस्काउंट/एक्सेसरीज जीतने का मौका भी रहेगा। कार्निवल के दौरान ग्राहकों को परिवार के साथ आमंत्रित किया गया है। कलरिंग कंपटीशन समेत खासतौर पर बच्चों को ध्यान में रखकर कुछ गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। माता-पिता के साथ आने वाले सभी बच्चों को स्पेशल गिफ्ट मिलेगा, जिससे सभी के लिए यहां आने का अनुभव खास बने। ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाने की दिशा में ब्रांड की प्रतिबद्धता के तहत निसान ने एनएमआईपीएल लॉयल्टी प्रोग्राम की पेशकश भी की है।

# महाराष्ट्र ने ब्रिटेन में किया सर्वाधिक निवेश

एजेंसी

लंदन। ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करने वाले भारत के शीर्ष तीन राज्य- महाराष्ट्र, उसके बाद कर्नाटक और दिल्ली हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तैयार की गई एक नई संयुक्त रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

इस सप्ताह लंदन में पेश की गई रिपोर्ट से पता चला कि महाराष्ट्र में मुख्यालय वाली कंपनियों ने 2023 में ब्रिटेन में सबसे अधिक 20 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया। इसके बाद कर्नाटक (12 प्रतिशत) और दिल्ली (8.6 प्रतिशत) का स्थान है। शीर्ष 10 राज्यों में गुजरात (7.1 प्रतिशत),




तमिलनाडु (6.7 प्रतिशत), तेलंगाना (6.5 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (5.9 प्रतिशत), हरियाणा (4.5 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (3.14 प्रतिशत) और केरल (3.05 प्रतिशत) शामिल हैं। यह भारत से ब्रिटेन में कुल एफडीआई का 78 प्रतिशत है। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने लंदन में रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, भारत-ब्रिटेन गलियारे की पुनर्कल्पना करने वाले हमारे कारोबार सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण और आकांक्षाओं को साकार करेंगे।

विश्लेषण में पाया गया कि कंपनियों और कर्मचारियों की संख्या के लिहाज से भारत से एफडीआई लाने वाला अग्रणी क्षेत्र आईटी और सॉफ्टवेयर है। रिपोर्ट के अन्य निष्कर्षों में एक यह भी है कि पिछले वर्ष ब्रिटेन के छात्र वीजा में पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ नए भारतीय छात्रों ने कुल मिलाकर ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों में अनुमानित 4.3 अरब पाउंड का योगदान दिया है।

# दिल्ली : यात्रियों का सामान टर्मिनल-1 से टर्मिनल-3 पर पहुंचाने का प्रस्ताव

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-। पर उतरकर टर्मिनल-3 से दूसरी उड़ान में सवार होने वाले यात्रियों को जल्द ही अपना चेक-इन सामान नहीं ले जाना पड़ेगा।

हवाई अड्डे का परिचालन करने वाली कंपनी डायल यात्रियों के सामान को अंदर ही हस्तांतरित करने की योजना बना रही है। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) को इस संबंध में नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की मंजूरी का इंतजार है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद टर्मिनल-। से टर्मिनल-3 के बीच यात्रियों के चेक-इन सामान को अंदर ही हस्तांतरित किया जा सकेगा। अधिकारियों ने कहा कि इसी तरह, अंतरराष्ट्रीय उड़ान के यात्रियों के लिए टर्मिनल-3 से टर्मिनल-। तक अंदर ही अंदर सामान के हस्तांतरण पर भी विचार किया जाएगा। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर अंतरराष्ट्रीय उड़ानें टर्मिनल-3 से संचालित होती हैं। एक बार नयी व्यवस्था लागू होने के बाद यात्रियों को टर्मिनल-3 से कनेक्टिंग फ्लाइट लेते समय अपना सामान साथ नहीं ले जाना होगा।

# नेपाली संसद ने अंतरराष्ट्रीय व गठबंधन समझौते को मंजूरी

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल की प्रतिनिधि सभा ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की सदस्यता से संबंधित रूपरेखा समझौते को स्वीकृति देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस कदम से नेपाल को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सौर ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ाने में मदद मिलेगी। प्रतिनिधि सभा (एचओआर) या निचले सदन ने बृहस्पतिवार को ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री शक्ति बहादुर बसनेत द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव को बहुमत के वोट के आधार पर पारित किया।

अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की परिकल्पना भारत और फ्रांस ने की थी। इसका मकसद सौर ऊर्जा समाधानों की तैनाती के जरिए



जलवायु परिवर्तन के खिलाफ प्रयासों को संगठित करना है। इसकी घोषणा 2015 में पेरिस में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र मसौदा प्रस्ताव (यूएनएफसीसीसी) के 21वें सम्मेलन (सीओपी21) के मौके पर की गई थी। इस समय नेपाल सहित 119 देश आईएसए मसौदा समझौते पर हस्ताक्षर कर चुके हैं, जिनमें से 98 देशों ने आईएसए का पूर्ण सदस्य बनने के लिए जरूरी साधन प्रस्तुत किए हैं।

विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों के सवालों का जवाब देते हुए बसनेत ने कहा कि देश के राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए समझौते का प्रस्ताव लाया गया है।

# मौसम विभाग ने केरल के पांच जिलों मे ऑरेंज अलर्ट

तिरुवनंतपुरम। केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून के लगातार जारी रहने के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को राज्य के पांच जिलों में भारी बारिश की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया। आईएमडी के अनुसार, पथनमथिट्टा के दक्षिणी जिले और कोझिकोड वायनाड, कन्नूर और कासरगोड के उत्तरी जिलों को दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया। मौसम एजेंसी ने राज्य के आठ जिलों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है, जिसमें तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, अलाप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की, एर्णाकुलम, त्रिशूर और मलप्पुरम में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। रेड अलर्ट 24 घंटों में 20 सेमी से अधिक की भारी से अत्यधिक भारी बारिश का संकेत देता है।

# मस्क भारत में रोमांचक काम करने को उत्साहित

एजेंसी

न्यूयॉर्क। अरबपति एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देते हुए कहा है कि वे अपनी कंपनियों द्वारा भारत मैं रोमांचक कार्यै किए जाने को लेकर उत्साहित हैं।

मोदी नौ जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। यह उनका प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरा कार्यकाल होगा। मस्क ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों में जीत पर नरेन्द्र मोदी को बधाईउ भारत में मेरी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले रोमांचक काम को लेकर उत्साहित हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें जवाब में कहा, एलन मस्क, आपकी शुभकामनाओं की



सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली भारतीय युवा, देश की

❍ एलन ने मोदी को चुनाव में जीत की बधाई

जनसांख्यिकी, पूर्वानुमानित नीतियां और स्थिर लोकतांत्रिक राजनीति इसके सभी भागीदारों के लिए कारोबारी माहौल प्रदान करती रहेगी। इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला और माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने इससे पहले अप्रैल में टेस्ला संबंधी भारी दायित्वों के कारण भारत की अपनी प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी थी। मस्क 21 और 22 अप्रैल को भारत दौरे पर रहने वाले थे। इस दौरान उनका प्रधानमंत्री मोदी से भी मिलने का कार्यक्रम था। हालांकि, बाद में उन्होंने एक्स पर ही सूचित किया था कि वे इसी साल बाद में भारत दौरे पर आने के लिए उत्साहित हैं। पिछले साल जून में मस्क ने मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने कहा था कि वह 2024 में भारत आने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया था कि टेस्ला जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी।

## पेज एक का शेष

### नीट अभ्यर्थियों

भरपाई के लिए दिए गए कृपांक के कारण अंक बढ़ गए हैं जिससे अन्य अभ्यर्थियों के अवसर प्रभावित हुए हैं। ये केंद्र मेघालय, हरियाणा के बहादुरगढ़, छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और बालोद, गुजरात के सूरत और चंडीगढ़ में हैं। मेडिकल प्रवेश परीक्षा का परिणाम चार जून को घोषित किया गया था। परीक्षा में 67 अभ्यार्थियों ने पहला स्थान प्राप्त किया था, जिनमें से छह हरियाणा के एक ही केंद्र से थे। इस वर्ष परीक्षा के लिए रिकॉर्ड 24 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, l,500 से ज्यादा अभ्यर्थियों के नतीजों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय समिति एक हफ्ते में अपनी सिफारिशें पेश करेगी और इन अभ्यर्थियों के नतीजों में संशोधन किया जा सकता है। उन्होंने कहा, कृपांक दिए जाने से परीक्षा के योग्यता मानदंड पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और प्रभावित अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा से प्रवेश प्रक्रिया पर कोई असर नहीं पड़ेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, नीट यूजी 2024 के परिणाम में अंक बढ़ाए जाने से इस वर्ष मेडिकल कॉलेजों में स्थान प्राप्त करना अधिक कठिन हो सकता है। कुछ छात्रों ने परिणाम रद्द करने और पुनः परीक्षा कराने की मांग को लेकर ऑनलाइन मंचों का रुख किया है। यह पूछे जाने पर कि क्या कुछ छात्रों के लिए परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी, एनटीए महानिदेशक ने कहा कि इसका निर्णय समिति की सिफारिशों के आधार पर किया जाएगा। करेल में कांग्रेस ने कहा कि नीट के नतीजों ने मेडिकल पाठ्यक्रमों के लिए राष्ट्रीय परीक्षा की प्रामाणिकता पर चिंता पैदा कर दी है और कई छात्रों ने इसकी प्रक्रिया पर संदेह जताया है। एनटीए के महानिदेशक सिंह ने पर्चा लीक या परीक्षा में किसी भी प्रकार की अनियमितता से इनकार किया तथा दोहराया कि इस महत्वपूर्ण परीक्षा की शुचिता से कोई समझौता नहीं किया गया है। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, पर्चा लीक, धांधली और भ्रष्टाचार नीट समेत कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गई हैं। इसकी सीधी जिम्मेदारी मोदी सरकार की है। अभ्यार्थियों के लिए भर्ती परीक्षाओं में भाग लेना, फिर अनेकों अनियमितताओं से जूझना, पेपर लीक के चक्रव्यूह में फंसना, उनके भविष्य से खिलवाड़ है। भाजपा ने देश के युवाओं को ठगा है।

### संवाद, समन्वय

सभी को वीआईपी कल्चर से परहेज करना होगा। हमारी कोई भी गतिविधि ऐसी न हो, जो वीआईपी संस्कृति को प्रदर्शित करती हो, इसके लिए सभी को सतर्क और सावधान रहना होगा। विभागीय कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार $1 ट्रिलियन इकॉनमी के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही है। इसमें हर विभाग की जिम्मेदारी पहले से तय है। यह मंत्रीगणों की जिम्मेदारी है कि वह लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की समीक्षा करें, जहां गड़बड़ी हो तत्काल सुधार कराएं। वहीं भावी कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में वृहद पौधारोपण, स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण के कार्यक्रम होने हैं। इनकी सफलता के लिए सभी को प्रयास करना होगा। अपने-अपने क्षेत्रों में सभी मंत्रीगण इसके लिए अपना योगदान सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का यथोचित खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए। आवंटन और व्यय में तेजी की अपेक्षा है। विभाग स्तर भी पर खर्च की समीक्षा भी जाए। संबंधित मंत्रीगण अपने विभागीय स्थिति की समीक्षा करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा हमें हर संभव सहायता मिल रही है। केंद्र से सामंजस्य स्थापित कर अवशेष धनराशि प्राप्त करें। विभागीय मंत्री स्वयं भारत सरकार के मंत्रीगणों से संवाद करें। केन्द्रांश के अभाव में परियोजना बाधित न रखें। नियमानुसार राज्यांश जारी कर कार्य जारी रखा जाए। सभी विभाग शत-प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण पत्र समय पर भेजना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई को वरीयता देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के सभी लोककल्याणकारी प्रयासों के मूल में आम आदमी की संतुष्टि और प्रदेश की उन्नति है। आम जन की शिकायतों, समस्याओं के सहज समाधान के लिए जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन) अत्यंत उपयोगी माध्यम है। मंत्रिगण होंए अन्य जनप्रतिनिधि हों अथवा अधिकारी, कर्मचारी, हर किसी की यह जिम्मेदारी है कि आईजीआरएस पर प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ हमने ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन पर आने वाले आवेदनों को लेकर थाना, तहसील और जिला स्तर हो रही कार्यवाहियों की मंत्रिगण भी समीक्षा करें।

### तीसरी बार

परिणामों ने संकेत दिया है कि उसकी विशाल मशीनरी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। सूत्रों ने कहा कि इससे पार्टी में किसी अनुभवी व्यक्ति को भेजे जाने और नड्डा को सरकार में स्थान दिए जाने की संभावना भी बनी हुई है। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनावों में अपने आश्चर्यजनक रूप से खराब प्रदर्शन के बाद निरंतरता का संदेश देने और राजनीतिक कमजोरी की किसी भी धारणा को दूर करने के लिए प्रयासरत है। पार्टी को इन आम चुनावों में 240 सीटें मिलीं जो बहुमत के आंकड़े से 32 कम हैं। पार्टी को 2019 के चुनावों में 303 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। सरकार ने शनिवार को घोषणा की कि बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, मालदीव और मॉरीशस सहित कई पड़ोसी देशों के नेता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

### शपथ-ग्रहण

विक्रमसिंघे, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शामिल हैं। उसने कहा, नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए नेताओं की यात्रा भारत द्वारा अपनी पड़ोसी पहले नीति और सागर दृष्टिकोण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप है। भारत, सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) की व्यापक नीति रूपरेखा के अंतर्गत हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के साथ सहयोग कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा, लोकसभा चुनाव 2024 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंत्रिपरिषद का शपथ ग्रहण समारोह नौ जून 2024 को निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है।

### सपा संसदीय दल

दल का नेता चुनने की औपचारिकता होती है और यह औपचारिकता दिल्ली में पूरी होगी। अखिलेश यादव ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों को जीत की बधाई दी। नवनिर्वाचित सभी सांसदों से मुलाकात करते हुए उन्होंने कहा कि सभी सांसदों ने बहुत परिश्रम किया है। इस भीषण गर्मी में लगातार रात-दिन मेहनत की है, जिससे परिणाम अच्छा रहा। हमने जनता के मुद्दे उठाये और जनता ने समझा। आज समाजवादी पार्टी सबसे ज्यादा सीट जीतकर देश की तीसरे नम्बर की पार्टी बन गयी है। उन्होंने कहा कि पार्टी को बड़े पैमाने पर जनता का समर्थन मिलने से हमारी जिम्मेदारी बहुत बढ़ गई है। जनता की समस्याओं का उठाना, उनके हित में अपनी बात रखना समाजवादियों का संघर्ष लोकसभा में जारी रहेगा। सकारात्मक राजनीति का दौर शुरू हुआ है। जनता के मुद्दों की जीत हुई है। समाजवादी पार्टी का जनता के हितों के लिए संघर्ष जारी रहेगा। अखिलेश यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि लोकसभा के चुनाव परिणामों ने साम्प्रदायिकता को सदैव के लिए महत्वहीन कर दिया है। भाजपा की मनमर्जी के खिलाफ जनता की मर्जी की जीत हुई है। अब हमें सन 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी करनी होगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का पीडीए वास्तविक एजेंडा है जिसमें सामाजिक न्याय की अवधारणा है। यह एक पड़ाव है। समाजवादी पार्टी की लड़ाई लम्बी है। समाजवादी व्यवस्था परिवर्तन के रास्ते पर चलने के लिए संकल्पित है। भाजपा का लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति कोई विश्वास नहीं है। भाजपा ने सत्ता में रहते हुए संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया है।

### सोनिया गांधी फिर

को भी धन्यवाद दिया गया। विस्तारित कार्य समिति की बैठक में पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और कार्य समिति के अन्य सदस्य एवं वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कार्य समिति ने राहुल गांधी से नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालने का आग्रह करते हुए भी एक प्रस्ताव पारित किया। वेणुगोपाल ने संवाददताओं से कहा कि कार्य समिति ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर आग्रह किया कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कार्य समिति के सदस्यों के विचार सुने और कहा कि वह इस बारे में जल्द फैसला करेंगे। वेणुगोपाल ने कहा चुनाव के दौरान हमने बेरोजगारी, महंगाई, महिलाओं के मुद्दे और सामाजिक न्याय जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। इन मुद्दों को अब संसद के अंदर अधिक प्रभावी ढंग से उठाने की आवश्यकता है। संसद में इस अभियान का नेतृत्व करने के लिए राहुल जी सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति हैं। कार्य समिति की बैठक में उन राज्यों के परिणाम को लेकर भी चर्चा की गई जहां पार्टी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, जिन राज्यों में हमारा प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है, उनकी समीक्षा के लिए समिति का गठन किया जाएगा। समिति अपनी रिपोर्ट कांग्रेस अध्यक्ष को सौंपेगी। कार्य समिति ने लोकसभा चुनाव में अच्छे प्रदर्शन के लिए पार्टी नेतृत्व की सराहना करते हुए प्रस्ताव पारित किया और कहा कि खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी वाद्रा ने इस चुनाव में जोरदार प्रचार अभियान की अगुवाई की। कार्य समिति ने देश के लोगों का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने कांग्रेस में नयी जान फूंक दी है और पार्टी अब पुनरुत्थान के मार्ग पर मज़बूती से अग्रसर है। कार्य समिति द्वारा पारित प्रस्ताव में कहा गया है, देश की जनता ने पिछले एक दशक के दौरान शासन की प्रकृति और शैली दोनों को निर्णायक रूप से नकार दिया है। लोकसभा चुनाव का ये जनादेश न केवल प्रधानमंत्री की राजनीतिक हार है, बल्कि उनकी नैतिक हार भी है। प्रस्ताव में आगे कहा गया, कांग्रेस को पुनरुत्थान के मार्ग पर मज़बूती से लाने के लिए पार्टी देश के लोगों को धन्यवाद देती है। कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता मज़बूती से डटे रहे। इस देश के लोगों ने कांग्रेस में नयी जान फूंकी है, जिसके लिए हम उनका आभार व्यक्त करते हैं।

उन्होंने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी की राजनीतिक और नैतिक हार हुई है तथा ऐसे में उन्होंने न सिर्फ जनादेश बल्कि नेतृत्व करने का अधिकार भी खो दिया है। सोनिया ने कहा देश की जनता ने विभाजन की राजनीति और तानाशाही को खारिज करने के लिए निर्णायक वोट दिया है। उन्होंने संसदीय राजनीति को मजबूत करने और संविधान की रक्षा के लिए मतदान किया। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा ऐतिहासिक आंदोलन थे, जिन्होंने पार्टी में हर स्तर पर नयी जान फूंकी। सोनिया ने कहा कि राहुल गांधी अभूतपूर्व व्यक्तिगत व राजनीतिक हमलों का मुकाबला करने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए विशेष धन्यवाद के पात्र हैं।




# आसमान उछाल पिच पर रोहित ने कोहली और सूर्यकुमार के साथ किया अभ्यास



न्यूयॉर्क। रोहित शर्मा ने थ्रोडाउन से अंगूठे में गेंद लगने के बावजूद अन्य भारतीय बल्लेबाजों के साथ नेट्स पर अतिरिक्त अभ्यास किया ताकि रविवार को टी20 विश्व कप के मुकाबले में असमान उछाल वाली पिच पर पाकिस्तान के तेज आक्रमण का सामना बखूबी कर सकें। थ्रोडाउन विशेषज्ञ नुवान सेनेविरत्ने का सामना करते हुए रोहित के बायें अंगूठे में गेंद लगी। वह असहज दिखे लेकिन बल्लेबाजी करते रहे। इसके बाद वह पिच के दूसरे छोर पर थ्रोडाउन का सामना करने चले गए। नासाउ काउंटी क्रिकेट मैदान की ड्रॉप इन पिच की असमान उछाल के लिये काफी आलोचना हो रही है। पहले मैच में भारतीय गेंदबाजों ने आयरलैंड को 96 रन पर आउट कर दिया था लेकिन रोहित और बाकी सीनियर बल्लेबाजों को बखूबी पता है कि शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद आमिर, हारिस रऊफ और नसीम शाह से मिलने वाली चुनौती बिल्कुल अलग होगी। इसी वजह से कोचिंग स्टाफ ने यहां छह अभ्यास पिचों में से तीन को खुरदुरी करके अभ्यास किया है। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने सुबह इन्हीं पिचों पर अभ्यास किया तो उनका कोई शीर्ष बल्लेबाज चोटिल होने के डर से कैगिसो रबाडा या एनरिच नॉर्किया का सामना करने नहीं उतरा। वहीं भारतीय बल्लेबाजों ने डटकर अभ्यास किया। रोहित, विराट कोहली और बाकियों ने तीन घंटे तक अभ्यास सत्र में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद और मोहम्मद सिराज की गेंदों का सामना किया। कोहली, पंत और सूर्यकुमार यादव सबसे पहले उतरे। उन्होंने गेंदबाजों के साथ थ्रोडाउन विशेषज्ञों का भी सामना किया। भारत के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव पाकिस्तानी बल्लेबाजों के सामने बिल्कुल उपयुक्त होंगे लेकिन अक्षर पटेल या रविंद्र जडेजा की जगह उन्हें उतारा जाता है या नहीं, यह देखना होगा। कुलदीप ने बाकी स्पिनरों के साथ कड़ा अभ्यास किया।



## संक्षेप

### अदिति अशोक एलपीजीए क्लासिक में 51वें स्थान पर

गैलोवे (अमेरिका)। भारत की अदिति अशोक एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाई तथा पहले दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाने के बाद वह संयुक्त 51वें स्थान पर हैं। अदिति का इस सत्र में प्रदर्शन औसत रहा है। उन्होंने पहले 10 होल में चार बर्डी बनाईं, लेकिन उसके बाद दो शॉट गंवा दिए। थाईलैंड की अर्पिचया युबोल ने 10 अंडर 61 का कार्ड खेलकर एकल बढ़त हासिल की। उनके पास एक समय 59 का भी कार्ड खेलने का मौका था। दक्षिण कोरिया की जेनी शिन और नारिन एन क्रमशः 63 और 64 का कार्ड खेल कर दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सात खिलाड़ियों ने 6 अंडर 65 का कार्ड खेला और वे संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

### युगांडा के खिलाफ लय हासिल करना चाहेंगे वेस्टइंडीज

जार्जटाउन। सह मेजबान वेस्टइंडीज के बल्लेबाज टी20 विश्व कप में ग्रुप सी के मैच में युगांडा के खिलाफ उतरेंगे तो उनका इरादा बल्लेबाजी में अपनी कमजोरियों से पार पाने का होगा। खिताब की प्रबल दावेदार और दो बार की पूर्व चैम्पियन वेस्टइंडीज टीम ने पहले मैच में पापुआ न्यू गिनी जैसी कमजोर टीम को पांच विकेट से हराया लेकिन 137 रन के आसान लक्ष्य का पीछा करने में उसके पसीने छूट गए थे। कठिन पिच पर संयम और अनुशासन की जरूरत थी लेकिन कैरेबियाई बल्लेबाज गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलते गए। चार ओवर बाकी रहते उसका स्कोर पांच विकेट पर 97 रन था। इसके बाद रोस्टन चेस (नाबाद 42) और आंद्रे रसेल (नाबाद 15) ने टीम को जीत तक पहुंचाया। पापुआ न्यू गिनी को हराकर यहां पहुंची युगांडा टीम के खिलाफ वेस्टइंडीज को चौकस रहना होगा। निकोलस पूरन को पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाकर अंत तक डटे रहना होगा। गेंदबाजों की मददगार पिच पर तेज गेंदबाज अलजारी जोसेफ और बायें हाथ के स्पिनर अकील हुसैन पिछले मैच में प्रभावी रहे थे। युगांडा ने इस मैदान पर पापुआ न्यू गिनी को 77 रन पर आउट किया।

### कार्लोस का सामना फाइनल में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से

पेरिस। स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने चार घंटे नौ मिनट तक चले मैराथन सेमीफाइनल मुकाबले में इटली के यानिक सिनेर को हराकर फ्रेंच ओपन फाइनल में जगह बना ली जहां उनका सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। अल्काराज ने 2.6, 6.3, 3.6, 6.4, 6.3 से मुकाबला जीतकर पहली बार रोलां गैरो पर फाइनल में जगह बनाई। स्पेन के 21 वर्ष के अल्काराज तीन तरह के कोर्ट पर ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्होंने हार्डकोर्ट पर 2022 अमेरिकी ओपन और ग्रासकोर्ट पर 2023 विम्बलडन जीता था। अब वह क्लेकोर्ट पर फ्रेंच ओपन फाइनल खेलेंगे। तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज का सामना चौथी वरीयता प्राप्त जर्मनी के ज्वेरेव से होगा जिन्होंने नॉर्वे के कैस्पर रूड को सेमीफाइनल में 2.6, 6.2, 6.4, 6.2 से मात दी। यह 2004 के बाद पहला फ्रेंच ओपन फाइनल है जिसमें रफेल नडाल, नोवाक जोकोविच या रोजर फेडरर नहीं हैं।

### अंतिम पंघाल बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज कुश्ती के फाइनल में हारी

बुडापेस्ट। भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल को शुक्रवार को यहां बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज के 53 किग्रा वर्ग में कड़ा संघर्ष करने के बावजूद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अंतिम को स्वीडन की एम्मा जोना डेनिस माल्मग्रेन ने 4-0 से पटखनी दी। इससे पहले इस पहलवान ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनायी।

# मिलर ने द. अफ्रीका को हार से बचाया

नासाउ। टी20 विश्व कप के 16वें मैच में दक्षिण अफ्रीका का सामना नीदरलैंड से था। यह मैच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। नीदरलैंड की टीम इससे पहले आईसीसी टूर्नामेंट में दो बार दक्षिण अफ्रीका को हरा चुकी है। इस मैच में भी नीदरलैंड ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन मिलर ने मैच निकाल लिया। 17 ओवर के बाद दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट गंवाकर 79 रन बना लिए हैं। फिलहाल डेविड मिलर और मार्को यानसेन क्रीज पर हैं। आखिरी 18 गेंद में दक्षिण अफ्रीका की टीम को 25 रन की जरूरत है।

दक्षिण अफ्रीका ने पांच ओवर के अंदर 12 रन पर चार विकेट गंवा दिए हैं। आज सुबह दो उलटफेर हो चुके हैं। न्यूयॉर्क में नीदरलैंड की टीम एक और उलटफेर की ओर बढ़ रही है। कप्तान एडेन मार्करम और क्विंटन डिकॉक खाता नहीं खोल सके थे। वहीं, रीजा हेंड्रिक्स तीन रन और हेनरिक क्लासेन चार रन बनाकर आउट हुए। नीदरलैंड की ओर से विवियन किंग्मा ने दो विकेट लिए हैं, जबकि वान बीक को एक विकेट मिला है। फिलहाल डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स क्रीज पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम को पारी की पहली गेंद पर झटका लगा। रीजा हेंड्रिक्स और क्विंटन डिकॉक के बीच रन को लेकर गलतफहमी की वजह से



डिकॉक को रन आउट होना पड़ा। वह खाता नहीं खोल सके। एक ओवर के बाद दक्षिण अफ्रीका का स्कोर एक विकेट पर तीन रन है। फिलहाल रीजा हेंड्रिक्स और कप्तान एडेन मार्करम क्रीज पर हैं।

**नीदर लैंड को चार विकेट से दी मात**

नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के सामने 104 रन का लक्ष्य रखा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नीदरलैंड ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 103 रन बनाए। न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में एकबार फिर तेज गेंदबाजों का जलवा दिखा। नीदरलैंड के नौ में से आठ विकेट अफ्रीकी तेज गेंदबाजों ने लिए। ओटनील बार्टमैन ने सबसे ज्यादा चार विकेट झटके। वहीं, मार्को यानसेन और एनरिक नॉर्त्जे को दो-दो विकेट मिले। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने कहर बरपाया। मार्को यानसेन ने माइकल लेविट (0) और विक्रमजीत सिंह (12) को सस्ते में पवेलियन भेजा। वहीं, पिछले मैच के हीरो रहे मैक्स ओडॉड दो रन बनाकर ओटनील बार्टमैन का शिकार बने। बास डी लीडे को एनरिक नॉर्त्जे ने पवेलियन भेजा। वह छह रन बना सके। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स 10 रन और तेजा निदामानुरु (0) खाता नहीं खोल सके। एडवर्ड्स रन आउट हुए, जबकि निदामानुरु को नॉर्त्जे ने पवेलियन भेजा। 48 रन पर टीम ने छह वितेट गंवा दिए थे। इसके बाद साइब्रांड एंगलब्रेक्ट ने लोगन वान बीक के साथ सातवें विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी निभाई और नीदरलैंड को 100 के पार पहुंचाया। एंगलब्रेक्ट को बार्टमैन ने आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। वह 45 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 40 रन बनाकर आउट हुए। बार्टमैन ने इसके बाद टिम प्रिंगल (0) और लोगन वान बीक को आउट किया। वान बीक ने 22 गेंद में तीन चौके की मदद से 23 रन की पारी खेली। मीकेरन एक रन बनाकर नाबाद रहे। 16 ओवर के बाद नीदरलैंड ने छह विकेट गंवाकर 71 रन बना लिए हैं। फिलहाल साईब्रांड एंगलब्रेक्ट और लोगन वान बीक क्रीज पर हैं। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने कहर बरपाया। न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में एकबार फिर से तेज गेंदबाजों का दबदबा दिखा। मार्को यानसेन ने माइकल लेविट (0) और विक्रमजीत सिंह (12) को सस्ते में पवेलियन भेजा। वहीं, पिछले मैच के हीरो रहे मैक्स ओडॉड दो रन बनाकर ओटनील बार्टमैन का शिकार बने। बास डी लीडे को एनरिक नॉर्त्जे ने पवेलियन भेजा। वह छह रन बना सके। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स 10 रन और तेजा निदामानुरु (0) खाता नहीं खोल सके।

11 ओवर के बाद नीदरलैंड ने चार विकेट गंवाकर 40 रन बना लिए हैं। फिलहाल कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स चार रन और साईब्रांड एंगलब्रेक्ट 13 रन बनाकर क्रीज पर हैं। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने कहर बरपाया। न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में एकबार फिर से तेज गेंदबाजों का दबदबा दिखा। मार्को यानसेन ने माइकल लेविट (0) और विक्रमजीत सिंह (12) को सस्ते में पवेलियन भेजा। वहीं, पिछले मैच के हीरो रहे मैक्स ओडॉड दो रन बनाकर ओटनील बार्टमैन का शिकार बने। बास डी लीडे को एनरिक नॉर्त्जे ने पवेलियन भेजा।

# भारत अंडर-17 चैम्पियनशिप में मालदीव और बांग्लादेश से भिड़ेगा



ढाका। गत चैंपियन भारत को 18 से 28 सितंबर तक आयोजित होने वाले सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप में ग्रुप ए में मालदीव और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। सैफ अंडर-17, अंडर 20 और महिला चैम्पियनशिप के लिए शनिवार को ड्रॉ निकाला गया। भारत अंडर-17 चैंपियनशिप का मौजूदा चैंपियन हैं। टूर्नामेंट के ग्रुप बी में नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ मेजबान भूटान की टीमें हैं।

अंडर-20 चैंपियनशिप में मौजूदा चैंपियन भारत को मालदीव और भूटान के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। मेजबान नेपाल, बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका ग्रुप ए है। इस प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 28 अगस्त तक काठमांडू में होगा। महिला चैंपियनशिप में पांच बार के चैंपियन भारत को मौजूदा चैंपियन बांग्लादेश और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में जगह दी गयी है। मेजबान नेपाल, श्रीलंका, मालदीव और भूटान ग्रुप बी में है। महिला चैम्पियनशिप का आयोजन 17-30 अक्टूबर तक होगा। टूर्नामेंट को पहले की तरह लीग और नॉकआउट प्रारूप में खेला जायेगा। इसमें दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल का टिकट पक्का करेंगी।

**शतरंज: दिव्या देशमुख एकल बढ़त के साथ खिताब के करीब**

गांधीनगर। शीर्ष वरीयता प्राप्त दिव्या देशमुख अजरबैजान की अयान अल्लाहवरदियेवा की गलती का फायदा उठाते हुए यहां विश्व जूनियर शतरंज चैम्पियनशिप के लड़कियों की वर्ग में शीर्ष पर पहुंच गयी। इस जीत के दिव्या के 5.5 अंक हो गये है। वह आर्मेनिया की मरियम मकर्चयन, रूस की नॉर्मन केन्सिया और अजरबैजान की नॉर्मिन अब्दिनोवा से आधा अंक आगे हैं। दूसरी सर्वोच्च रेटिंग वाली भारतीय लड़की रक्षिता रवि के नाम 4.5 अंक है। ओपन वर्ग में सर्वोच्च रेटिंग वाले भारतीय प्रणव आनंद को प्रणीत विपुल ने ड्रा पर रोका जिससे उनके नाम 4.5 अंक है।

# प्रज्ञानानंदा जीते, कार्लसन ने जीता खिताब

एजेंसी

स्टावेंजर (नॉर्वे)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने नॉर्वे डॉलर की इनामी राशि मिली। उन्होंने प्रत्येक दौर में जीत दर्ज की। इनमें क्लासिकल टाइम कंट्रोल और आर्मगेडन दोनों शामिल हैं। नाकामुरा ने उनकी जीत ने सुनिश्चित किया कि वे शीर्ष तीन खिलाड़ियों को हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। अलीरेजा फिरौजा (13.5 अंक) ने चौथा स्थान



शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर अपने अभियान का सकारात्मक अंत किया और तीसरे स्थान पर रहे, जबकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करके खिताब जीता। कार्लसन ने 17.5 अंक लेकर अपने अभियान का अंत किया। विजेता बनने पर उन्हें लगभग 65000 अंतिम दौर में हारने के बावजूद 15.5 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि प्रज्ञानानंदा 14.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। प्रज्ञानानंदा के लिए यह राहत की बात रही कि उन्होंने इस टूर्नामेंट में विश्व के चोटी के तीन खिलाड़ियों को हराया। उन्होंने कार्लसन और फैबियानो कारूआना को क्लासिकल टाइम कंट्रोल में पराजित किया और अब नाकामुरा के खिलाफ हासिल किया। उन्होंने चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराया जो छठे और अंतिम स्थान पर रहे। कारूआना ने 10 अंक के साथ पांचवा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में चीन की वेनजुन जू ने हमवतन टिंगजी लेई को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत तीन जीत से कुल 19 अंक हासिल किए।

# आत्मविश्वास से लबरेज है भारत

एजेंसी

न्यूयॉर्क। आत्मविश्वास से ओतप्रोत और हालात के अनुकूल ढल चुकी भारतीय टीम नासाउ काउंटी की पेचीदा पिच पर टी20 विश्व कप के बहुचर्चित मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी जिसका मनोबल पहले ही मैच में मिली अप्रत्याशित हार ने तोड़ दिया है। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा भीड़ खींचने वाला मुकाबला 34000 दर्शक क्षमता वाले नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जायेगा। इस मैदान की पिच लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है। इसकी भारी आलोचना के बाद आईसीसी ने आधिकारिक रूप से इसे स्वीकार किया। अब तक इस स्टेडियम पर हुए तीन मैचों की छह पारियों में दो बार ही टीमें सौ रन के पार पहुंच सकी है। पूर्व क्रिकेटरों को तो यह भी लगता है कि कम स्कोर वाले मैचों से कैसे अमेरिकी बाजार में क्रिकेट का प्रचार प्रसार किया जायेगा।

एडीलेड ओवल के मैदानकर्मी डेमियन हाउज के मार्गदर्शन में अप्रैल में यहां चार ड्रॉप इन पिचें बिछाई गई जो अभी तक जम नहीं पाई हैं। पिच से मिल रहा असमान उछाल बल्लेबाजों की सुरक्षा पर सवालिया उंगली उठा रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आयरलैंड के खिलाफ मैच में कंधे में चोट लगी थी जिससे उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। रोहित ने मैच के बाद कहा था, ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि पिच से क्या अपेक्षा की जाये। हम हालात के अनुरूप तैयारी करेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा। भारत के मैच के एक दिन बाद



आईसीसी को पिच को लेकर तमाम आशंकाओं के निवारण के लिये बयान जारी करना पड़ा। पाकिस्तान टीम ने अभी तक नासाउ स्टेडियम पर खेला नहीं है। पहले मैच में अमेरिका से हारने वाली पाकिस्तानी टीम बृहस्पतिवार की रात ही यहां पहुंची है। उन्हें हालात के अनुरूप ढलने का मौका नहीं मिल सका है जिसका उन्हें नुकसान हो सकता है। भारत से हारने पर सुपर आठ चरण में उसके प्रवेश की राह लगभग असंभव हो जायेगी। आयरलैंड के खिलाफ भारत ने बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को नहीं उतारा और एक अतिरिक्त विशेषज्ञ तेज गेंदबाज को जगह दी गई। पाकिस्तान के खिलाफ भी यही संयोजन रहने की

**हार से बेजार पाकिस्तान के मुकाबले में पिच पर नजरें**

उम्मीद है क्योंकि मैच ऐसी टर्फ पर खेला जायेगा जो नयी है। दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड अलग टर्फ पर आठ जून को खेल रहे हैं। कुलदीप के मौजूदा फॉर्म और पाकिस्तानी बल्लेबाजों खासकर बाबर आजम के खिलाफ उनकी उपयोगिता को देखते हुए उन्हें उतारा जा सकता है। ऐसे में अक्षर पटेल या रविंद्र जडेजा में से एक को बाहर रहना होगा। बल्लेबाजी में रोहित और विराट कोहली पारी का आगाज करेंगे जबकि ज् षभ पंत तीसरे नंबर पर उतरेंगे। दूसरी ओर पाकिस्तान के सामने बड़ी चुनौती पहले मैच में मिली हार को भुलाने की है। अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में सुपर ओवर में मिली हार ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पाकिस्तान टीम इतनी अप्रत्याशित क्यो मानी जाती है। बाबर ने हार का ठीकरा गेंदबाजों पर फोड़ा लेकिन यह नहीं भूलना चाहिये कि बल्लेबाजों ने भी निराश किया।

# बांग्लादेश ने रोमांचक मैच में श्रीलंका को हराया

एजेंसी

डलास। युवा लेग स्पिनर रिशाद हुसैन के तीन विकेट और महमूदुल्लाह रियाद की संयमित पारी के दम पर बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप के रोमांचक मुकाबले में श्रीलंका को दो विकेट से हरा दिया। डलास की अच्छी पिच पर रिशाद की गुगली और लेग ब्रेक ने श्रीलंकाई पारी की कमर तोड़ दी। रिशाद ने सात गेंद के भीतर तीन विकेट लेकर श्रीलंका को नौ विकेट पर 124 रन पर रोक दिया। उन्होंने चार ओवरों में 22 रन देकर तीन विकेट लिये। एक समय पर श्रीलंका का स्कोर 8.4 ओवर में दो विकेट पर 70 रन था लेकिन उसने सात विकेट 54 रन के भीतर गंवा दिये। मुस्ताफिजूर रहमान ने 17 रन देकर तीन विकेट लिये। श्रीलंका के लिये सिर्फ पाथुम निसांका ही डटकर खेल सके जिन्होंने 28 गेंद में 47 रन बनाये। धनंजय डिसिल्वा ने 21 रन की पारी खेली।

जवाब में बांग्लादेश के लिये तौहीद ह्रदय ने 20 गेंद में चार छक्कों की मदद से 40 रन बनाये और चौथे विकेट के लिये लिटन दास (38 गेंद में 36 रन) के साथ 63 रन की साझेदारी की। नुवान तुषारा ने हालांकि 18 रन देकर चार विकेट लेते हुए श्रीलंका को मैच में लौटाया। बांग्लादेश के पांच विकेट 21 रन के भीतर गिर गए। उस समय स्कोर



आठ विकेट पर 113 रन था और बांग्लादेश को जीत के लिये 12 रन की जरूरत थी। अनुभवी महमूदुल्लाह ने दासुन शनाका को 19वें ओवर में छक्का लगाया। सातवें नंबर पर उतरे महमूदुल्लाह 13 गेंद में 16 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश से हारने के बाद ग्रुप डी से श्रीलंका के सुपर आठ में पहुंचने की संभावनायें क्षीण हो गई हैं। बांग्लादेश को अब नेपाल और नीदरलैंड से खेलना है।

**अफगानिस्तान ने किया उलटफेर, न्यूजीलैंड को 84 रन से हराया**

जार्जटाउन। कप्तान राशिद खान और बायें हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी के चार चार विकेट की मदद से अफगानिस्तान ने टी20 विश्व कप ग्रुप सी के मुकाबले में न्यूजीलैंड को 84 रन से हरा दिया।

जीत के लिये 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 2021 उपविजेता न्यूजीलैंड टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आउट हो गई। उसके दो ही बल्लेबाज ग्लेन फिलिप (18) और मैट हेनरी (12) दोहरे अंक तक पहुंच सके। इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ आईपीएल खिताब जीत चुके रहमानुल्लाह गुरबाज ने 56 गेंद में 80 रन बनाये। वहीं इब्राहिम जदरान ने 41 गेंद में 44 रन जोड़े।

**ओमान के खिलाफ स्कॉटलैंड का पलड़ा भारी**

नॉर्थ साउंड (एंटीगा)। पहली बार टी20 विश्व कप के मैच की मेजबानी कर रहे सर विवियन रिचडर्स स्टेडियम पर ग्रुप बी के मुकाबले में स्कॉटलैंड का पलड़ा ओमान पर भारी रहने की उम्मीद है। इंग्लैंड के खिलाफ पहला मैच रद्द होने से स्कॉटलैंड को एक अंक मिला। इसके बाद नामीबिया पर दूसरे मैच में स्कॉटलैंड ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। अब उसके पास पांच अंक लेने का सुनहरा मौका है जिससे सुपर आठ की दौड़ रोचक हो जायेगी। इस ग्रुप के दो दिग्गज इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया शनिवार की रात एक दूसरे से खेलेंगे।

# अंशु मलिक ने बुडापेस्ट में जीता रजत पदक

एजेंसी



बुडापेस्ट। भारतीय महिला पहलवान अंशु मलिक फाइनल में अपनी 21 वर्षीय चीनी प्रतिद्वंद्वी केक्सिन होंग की चुनौती से पार पाने में नाकाम रही और उन्हें यहां बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज कुश्ती टूर्नामेंट के 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ अंशु मलिक को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर।-12 से हार झेलनी पड़ी। भारत की अंतिम पंघाल ने इससे पहले 53 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया जबकि स्टार पहलवान विनेश फोगट 50 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन की जियांग झू से 0-5 से हार गईं थी। अंशु ने मोल्दोवा की अनास्तासिया निचिता के खिलाफ 6-5 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। इसके बाद उन्होंने विश्व चैंपियन झांग क्यूई की चुनौती को 2-। से पार करके एक और चीनी खिलाड़ी के साथ खिताबी भिड़ंत सुनिश्चित की। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले भारत के एकमात्र पुरुष पहलवान अमन सहरावत ने प्रतियोगिता के पहले दिन रजत पदक जीता था।

# जनता ने ध्रुवीकरण की राजनीति को किया खारिज

## खरगे ने राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में विरोधी दलों को परास्त करने का जताया संकल्प

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने तानाशाही शक्तियों और संविधान विरोधी लोगों को करारा जवाब दिया है तथा भारतीय जनता पार्टी के 10 साल की विभाजनकारी, नफरत और ध्रुवीकरण की राजनीति को खारिज कर दिया। खरगे ने पार्टी की विस्तारित कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में अपने संबोधन में चुनाव में पार्टी के बेहतर प्रदर्शन के लिए सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा, इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं तथा अपनी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया साथ ही कहा कि इस साल के अंत में विभिन्न राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में हर क़ीमत पर विरोधी दलों को परास्त कर अपनी सरकार बनानी है।



खरगे ने इस बात पर जोर भी दिया कि कांग्रेस संसद के भीतर और बाहर इंडिया गठबंधन के अपने सहयोगी दलों के साथ मिलकर काम करती रहेगी। उन्होंने कहा जनता ने हम में विश्वास व्यक्त कर के तानाशाही शक्तियों और संविधान विरोधी ताक़तों को कड़ा जवाब दिया है। हिंदुस्तान के मतदाताओं ने भाजपा के 10 साल की विभाजनकारी, नफरत और ध्रुवीकरण की राजनीति को खारिज किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस कार्यसमिति पार्टी के सभी नव-निर्वाचित सदस्यों को बधाई देती है जिन्होंने विपरीत परस्तिथियों में चुनाव लड़कर जीत हासिल की। उन्होंने कहा इस मौके पर मैं सोनिया गांधी जी को भी धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने चुनाव की तैयारियों, गठबंधन की बैठकों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने लंबे अनुभव के आधार पर हम सब का मार्गदर्शन किया। मैं लोगों के चहेते राहुल गांधी को भी बधाई देना चाहूगा, जिन्होंने संविधान, आर्थिक गैर बराबरी, बेरोजगारी और सामाजिक न्याय और सौहार्द जैसे मसलों को जन-जन का मुद्दा बना दिया। खरगे के मुताबिक, राहुल गोधी के नेतृत्व में दो साल पहले निकाली गई चार हजार किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो यात्रा और फिर 6,600 किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो न्याय यात्रा की मदद से कांग्रेस को जनता से जुड़ने और उनकी समस्याओं, सरोकारों और आकांक्षाओं को जानने में मदद मिली। उन्होंने कहा मैं प्रियंका गांधी को खास तौर पर बधाई देना चाहूंगा जिन्होंने अमेठी और रायबरेली के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों में भी ज़ोरदार प्रचार किया। मैं कांग्रेस के अपने सभी वरिष्ठ सहयोगियों को धन्यवाद दूंगा।

# चमत्कारी दवा लेने उमड़ा जनसैलाब



कोप्पल। कर्नाटक में कोप्पल जिले के एक गांव में शनिवार की सुबह सांस संबंधी समस्याओं, खासकर अस्थमा के इलाज के लिए जड़ी-बूटी निर्मित दवा लेने के वास्ते देश के विभिन्न हिस्सों से हजारों लोग उमड़ पड़े। इस गांव का नाम कुटागनहल्ली है। यहां पारंपरिक चिकित्सक अशोक राव कुलकर्णी द्वारा तैयार की गई चमत्कारी गोली लेने के लिए कर्नाटक के कई हिस्सों, पड़ोसी महाराष्ट्र और दक्षिण भारत के सभी राज्यों से लोग पहुंचे। कुलकर्णी के अनुसार, इस दवा को तब लिया जाता है जब चंद्रमा मृगशिरा नक्षत्र से आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करता है। दवा लेने का वास्तविक मुहूर्त शनिवार सुबह 7.47 बजे का था। कुलकर्णी के परिवार ने दावा किया कि यह दवा हिंदू चंद्र कैलेंडर के ज्येष्ठ मास में जब क्षेत्र में बारिश होती है तब विशेष रूप से फायदा पहुंचाती है और यही वजह है कि शनिवार को दवा लेने के लिए भारी भीड़ थी।

संक्षेप

## रूसी हमले में मारे गये 27 यूक्रेनी नागरिक

कीव। रूस के आंशिक कब्जे वाले खेरसोन और लुहांस्क जैसे क्षेत्रों में यूक्रेन के हमले में कम से कम 27 लोगों की जान चली गयी। इन क्षेत्रों में रूस द्वारा नियुक्त किये गये अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उनके अनुसार, दोनों देशों की सेनाओं ने बीती रात एक दूसरे पर ड्रोन दागे। मास्को (रूस) समर्थित गवर्नर व्लादिमीर साल्डो ने बताया कि यूक्रेन में आंशिक कब्जे वाले खेरसोन क्षेत्र के छोटे शहर साडोव में शुक्रवार को यूक्रेन के हमले में 22 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 15 अन्य घायल हो गये। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, साल्डो ने कहा कि शहर पर यूक्रेनी सैन्य बलों ने पहले फ्रांस निर्मित बम गिराये और फिर अमेरिका से मिली हिमारस मिसाइल दागी। यूक्रेन में ही (रूस के) आंशिक कब्जे वाले लुहांस्क क्षेत्र में रूसी गवर्नर पासेचनिक ने शनिवार को बताया कि इस क्षेत्र की राजधानी लुहांस्क (लुहांस्क की राजधानी का नाम भी लुहांस्क है) में शुक्रवार को यूक्रेन के मिसाइल हमले के बाद मलबे से दो और शव निकाले गये और इस तरह मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी। पासेचनिक ने शनिवार को बताया कि इस हमले में 60 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। यूक्रेन ने इन दोनों हमलों में से किसी पर भी कोई

## उपराष्ट्रपति धनखड़ से राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने की भेंट

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने शनिवार को उपराष्ट्रपति एवं उच्च सदन के सभापति जगदीप धनखड़ से यहां उनके आवास पर मुलाकात की। यह जानकारी उपराष्ट्रपति के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर साझा की गई। उपराष्ट्रपति के आधिकारिक एक्स पर एक पोस्ट में कहा गया स्वाति मालीवाल ने आज उपराष्ट्रपति आवास पर माननीय उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। मालीवाल ने हाल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द के केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार पर उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया था।



# मोदी के खिलाफ है जनादेश : ममता

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया ने भले ही आज सरकार बनाने का दावा पेश नहीं किया हो, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि वह कल ऐसा नहीं करेगा। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी देखो और इंतजार करो की स्थिति में रहेगी और यदि कमजोर और अस्थिर भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार सत्ता से बाहर हो जाती है तो उन्हें खुशी होगी। बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक के बाद



संवाददाताओं से कहा, देश को बदलाव की जरूरत है, देश बदलाव चाहता है। यह जनादेश बदलाव के लिए था। हम इंतजार कर रहे हैं और स्थिति पर नजर रख रहे हैं। यह जनादेश नरेन्द्र मोदी के खिलाफ है, इसलिए उन्हें इस बार प्रधानमंत्री नहीं बनना चाहिए था। किसी और को पदभार संभालना चाहिए था। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने कहा कि पार्टी नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होगी। उन्होंने कहा भाजपा अलोकतांत्रिक और अवैध तरीके से सरकार बना रही है। आज भले ही इंडिया गठबंधन ने सरकार बनाने का दावा पेश न किया हो, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि कल वह दावा नहीं करेगा। चलिए कुछ समय तक इंतजार करते हैं। बनर्जी ने कहा, यदि केंद्र की यह अस्थिर और कमजोर सरकार सत्ता से बाहर हो जाती है तो मुझे खुशी होगी।

# सीआईएसएफ कांस्टेबल की प्रशंसा करने वालों पर भड़कीं कंगना रनौत

एजेंसी

नयी दिल्ली। अभिनेत्री से नेता बनीं कंगना रनौत ने शनिवार को उन लोगों की आलोचना की जो उस सीआईएसएफ महिला कांस्टेबल की प्रशंसा कर रहे हैं जिसने कथित तौर पर उन्हें थप्पड़ मारा था। उन्होंने पूछा कि क्या वे बलात्कार या हत्या को भी उचित ठहराते हैं। रनौत ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान कांस्टेबल ने उनके चेहरे पर मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। रनौत (37) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, क्या आप अपराधियों के साथ मिलकर देश के सभी कानूनों का उल्लंघन करते हुए अपराध करने के लिए प्रबल भावनात्मक आवेग से जुड़े हैं। उन्होंने कहा याद रखें कि यदि आप किसी की निजता को भंग करने, उनकी अनुमति के बिना उनके शरीर को छूने और उन पर हमला करने से सहमत हैं, तो कहीं न कहीं आप बलात्कार या हत्या से भी सहमत हैं, क्योंकि वह भी केवल शील भंग करना या छुरा घोंपना ही है, इसमें कौन सी बड़ी बात है, आपको अपनी मनोवैज्ञानिक आपराधिक प्रवृत्तियों की गहराई से जांच करनी चाहिए। अपने वीडियो संदेश में रनौत ने कहा कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक कांस्टेबल ने उनके चेहरे पर मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। महिला कांस्टेबल किसान विरोध प्रदर्शन पर अभिनेत्री के रुख से नाराज थी।



हिमाचल प्रदेश के मंडी से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के दो दिन बाद यह विवाद सामने आया। आरोपी सीआईएसएफ कर्मी कुलविंदर कौर को निलंबित कर दिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रदान करने वाले सीआईएसएफ ने भी घटना की कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं। अपने नवीनतम पोस्ट में रनौत ने लोगों को योग और ध्यान अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि ऐसा नहीं करने पर जीवन एक कड़वा और बोझिल अनुभव बन जाएगा। अभिनेत्री ने कहा, कृपया इतना द्वेष, घृणा और ईर्ष्या मत रखिए, अपने आप को मुक्त रखिये। इससे पहले शनिवार को रनौत को अभिनेत्री शबाना आजमी का समर्थन मिला, जिन्होंने कहा कि सुरक्षा अधिकारियों को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए।

# इजरायली हमले में 94 फलस्तीनियों की मौत

एजेंसी

यरूशलम। मध्य गाजा के एक अस्पताल के अधिकारी ने कहा कि भीषण लड़ाई के दौरान कम से कम 94 शव वहां लाए गए हैं। अधिकारी खलील देगरान ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि गाजा में उस जगह पर भीषण लड़ाई जारी है, जहां से इजराइली सेना ने शनिवार सुबह चार बंधकों को रिहा कराया है।

अधिकारी ने बताया कि डेर अल बलाह स्थित अल-अक्सा अस्पताल में 100 से अधिक घायल भी पहुंचे हैं। बंधकों की रिहाई के बाद इजराइल ने कहा कि वह तब तक लड़ाई जारी रखेगा, जब तक हमास द्वारा सात अक्टूबर को हुए हमले में बंधक बनाए गए सभी लोगों को रिहा नहीं करा लिया जाता है।



# इजराइल ने हमास के चंगुल से चार बंधकों को छुड़ाया

एजेंसी

यरूशलम। इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने हमास के चंगुल से चार बंधकों को छुड़ा लिया है जिनका फलस्तीनी चरमपंथी संगठन ने सात अक्टूबर को किए गए हमले के दौरान अपहरण कर लिया था। सेना ने कहा कि उसने नुसीरात में एक जटिल अभियान में नोआ अर्गामानी (25), अल्मोग मीर (21), एंड्री कोज़लोव (27) और श्लोमी जिव (40) को बचा लिया। इसने कहा कि बंधकों को नुसीरात के मध्य में स्थित दो अलग-अलग स्थानों से बचाया गया। इजराइल का कहना है कि 130 से अधिक बंधक अभी भी बचे हैं जिनमें से लगभग एक चौथाई को मृत माना जा रहा है। बंधकों की वापसी के मुद्दे पर इजराइल में लोगों में रोष गहराता जा रहा है। युद्ध शुरू होने के बाद से अभियान के दौरान बचाए गए कुल बंधकों की संख्या सात हो गई है। हमास ने सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर अचानक हमला कर लगभग 250 लोगों का अपहरण कर लिया था जिसके बाद इजराइल-हमास के बीच युद्ध शुरू हो गया।

इंटरटेनमेंट...

# 'स्टार्स ऑफ इंडिया' में चीफ गेस्ट सारा अली खान

**मुंबई**। बीती रात मुंबई में आईजीए (इंटरनेशनल ग्लोरी अवॉर्ड) का आयोजन किया गया। इस इवेंट में बॉलीवुड के कई सेलेब्स पहुंचे। सारा अली खान भी आईजी अवॉर्ड्स का हिस्सा बनीं। अवॉर्ड फंक्शन में सारा को बतौर चीफ गेस्ट बुलाया गया था। इस दौरान सारा बेहद खूबसूरत आउटफिट पहने नजर आईं। उनका लुक सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। एक्ट्रेस ने ब्लू कलर के कटस्लीव टॉप के साथ शिमरी टाइगर प्रिंट स्कर्ट कैरी किया था। अपने लुक को उन्होंने पिंक हील्स के साथ कंप्लीट किया। वहीं ज्वेलरी में सारा ने कानों में छोटे हैंगिंग इयररिंग्स के अलावा किसी तरह की खास ज्वेलरी कैरी नहीं की थी। इंटरनेशनल ग्लोरी अवॉर्ड्स में बतौर चीफ गेस्ट पहुंचीं सारा अली खान। फंक्शन के ऑर्गेनाइजर अमृता-श्रीधर के साथ अनुपम खेर और अमन वर्मा। शादी डॉट कॉम के फाउंडर और सीईओ अनुपम मित्तल को अवॉर्ड देती हुई सारा अली खान।




# 'पंचायत' के बनराकस को नहीं मिल रहे अच्छे रोल

**मुंबई**। वेब सीरीज 'पंचायत 3' में भूषण यानी 'बनराकस' का रोल निभाकर दुर्गेश कुमार इन दिनों चर्चा में हैं। दुर्गेश को अपने करियर में इस रोल से पहली बार इतनी सफलता मिली है। इससे पहले वो फिल्मों में छोटे-मोटे रोल निभाते नजर आए हैं लेकिन सक्सेस का स्वाद चखने के लिए उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ा। हालांकि पंचायत 3 की सफलता के बाद भी दुर्गेश का संघर्ष खत्म नहीं हुआ है। उनका कहना है कि अभी भी उन्हें किसी ने कोई अच्छा रोल ऑफर नहीं किया है। एक इंटरव्यू में दुर्गेश ने कहा, मैं अभी भी यही कहूंगा कि मुझे अच्छे रोल नहीं मिल रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मुझे काम नहीं मिल रहा है लेकिन मुझे बड़ी कमर्शियल फिल्मों के कोई ऑफर नहीं मिल रहे हैं। तब भी जो छोटे-मोटे रोल ऑफर हो रहे हैं, मैं उनके जरिए परफॉर्म करने की कोशिश कर रहा हूं। मेरे पास अगले दो साल तक के लिए काफी काम है।



दुर्गेश ने पिछले दिनों एक इंटरव्यू में बताया कि वो 2013 में पहली बार मुंबई आए थे। इसके बाद उन्होंने कई ऑडिशन दिए लेकिन कास्टिंग डायरेक्टर्स उन्हें कहते थे कि उनमें टैलेंट है लेकिन ऑडिशन में बात नहीं बन रही।

# 'मुंज्या' ने पहले दिन कमाये 4.21 करोड़

मुंबई। हॉरर-कॉमेडी फिल्म मुंज्या ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 4.21 करोड़ रुपये की कमाई की। निर्माताओं ने शनिवार को यह जानकारी दी। शरवरी, मोना सिंह, अभय वर्मा और सत्यराज जैसे सितारों से सजी यह फिल्म शुक्रवार को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई। दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स और अमर कौशिक द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।




# शाहिद कपूर निभायेंगे शिवाजी महाराज का किरदार

**मुंबई**। शरद केलकर और महेश मांजरेकर के बाद अब शाहिद कपूर भी छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाने जा रहे हैं। सुनने में आया है कि एक्टर जल्द ही 'ओएमजी 2' फेम डायरेक्टर अमित राय की अगली फिल्म में शिवाजी के रोल में नजर आएंगे। शाहिद के अलावा मेकर्स ने इस फिल्म के लिए राणा दग्गुबती को भी अप्रोच किया है। वो इसमें औरंगजेब के किरदार में नजर आ सकते हैं। शाहिद ने इससे पहले फिल्म 'पद्मावत' में राजा रतन सिंह का रोल प्ले किया था। यह उनके करियर की इकलौती पीरियड ड्रामा फिल्म है। पिंकविला की एक रिपोर्ट की मानें तो फिल्म में औरंगजेब के रोल के राणा डायरेक्टर अमित की पहली पसंद हैं। हालांकि, अभी इस पर फाइनल डिस्कशन होना बाकी है। शाहिद भी इस किरदार के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। राणा इससे पहले पीरियड ड्रामा 'बाहुबली' में विलेन का रोल प्ले कर चुके हैं। फिलहाल मेकर्स फिल्म की स्क्रिप्ट फाइनल करने के साथ-साथ इसके प्री-प्रोडक्शन पर जुटे हुए हैं। दिसंबर तक इसकी शूटिंग शुरू हो सकती है। सूत्रों ने यह जानकारी भी दी कि शाहिद इस किरदार के लिए तैयारी शुरू कर चुके हैं।






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K